राष्ट्रीय आवास बैंक
(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में)

Website: www.nhb.org.in

NATIONAL HOUSING BANK
(Wholly owned by the Reserve Bank of India)

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2009-2010

for details contact:
NATIONAL HOUSING BANK
(Wholly owned by the Reserve Bank of India)

Core 5A, India Habitat Centre, 3rd-5th floor, Lodhi Road, New Delhi - 110 003 Tel.: 011-24649031-35 Fax: 011-24646988, 24649041. http://www.nhb.org.in

Website: www.nhb.org.in

राष्ट्रीय आवास बैंक

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में)

वार्षिक रिपोर्ट

2009-10

वर्ष 01 जुलाई, 2009 से 30 जून, 2010 के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 40(5) के अनुसार राष्ट्रीय आवास बैंक की 21 वीं वार्षिक रिपोर्ट

आर. वी. वर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

R.V. Verma
Chairman & Managing Director

राष्ट्रीय
आवास बैंक
NATIONAL
HOUSING BANK

संप्रेषण–पत्र

एनचएबी / सीएमडी / एआर / –09–10 / 64 / 2010–11
21अक्तूबर, 2010

सचिव,
भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
नार्थ ब्लॉक,
नई लिल्ली – 110001

प्रिय महोदय,

राष्ट्रीय आवास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2000 की धारा 40 की उप–धारा (5) के उपबंध के अनुसार, मैं राष्ट्रीय आवास बैंक की वर्ष 2009–10 के वार्षिक लेखा की एक प्रति इस पत्र के साथ अग्रेषित कर रहा हूं।

भवदीय,

(आर.वी.वर्मा)

संलग्नः द्विभाषिक वार्षिक लेखा

भारतीय रिजर्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में
Wholly owned by Reserve Bank of India

कोर–5ए, तृतीय तल, इंडिया हैबीटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 Core-5-A, 3rd Floor, India Habitat Center, Lodhi Road, New Delhi-110003
दूरभाष नं0 पी.बी.एक्स.–24649031–35 फैक्स : 011–2464 6988. 2464 9041 Phone : PBX 2464 9031-35 Fax:011-2464 6988, 2464 9041 वेबसाईट : www.nhb.org.in ईमेल : rvverma@nhb.org.in तार : निवास बैंक Website : www.nhb.org.in E-mail : rvverma@nhb.org.in Gram:NIWAS Bank

''बैंक हिंदी में पत्राचार का स्वागत करता है''

आर. वी. वर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

R.V. Verma
Chairman & Managing Director

राष्ट्रीय
आवास बैंक
NATIONAL
HOUSING BANK

संप्रेषण–पत्र

एनएचबी / सीएमडी / एआर–09–10 / 63 / 2010–11
21 अक्तूबर, 2010

गर्वनर,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
केन्द्रीय कार्यालय, 18वां तल,
शहीद भगत सिंह मार्ग,
मुम्बई – 400023

प्रिय महोदय,

राष्ट्रीय आवास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2000 की धारा 40 की उप–धारा (5) के उपबंध के अनुसार, मैं राष्ट्रीय आवास बैंक की वर्ष 2009–10 के लिए वार्षिक लेखा की एक प्रति इस पत्र के साथ अग्रेषित कर रहा हूं।

भवदीय,

(आर.वी.वर्मा)

संलग्न : द्विभाषिक वार्षिक लेखा

भारतीय रिजर्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में
Wholly owned by Reserve Bank of India

कोर–5ए, तृतीय तल, इंडिया हैबीटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 Core-5-A, 3rd Floor, India Habitat Center, Lodhi Road, New Delhi-110003
दूरभाष नं0 पी.बी.एक्स.–24649031–35 फैक्स : 011–2464 6988. 2464 9041 Phone : PBX 2464 9031-35 Fax:011-2464 6988, 2464 9041 वेबसाईट : www.nhb.org.in ईमेल : rvverma@nhb.org.in तार : निवास बैंक Website : www.nhb.org.in E-mail : rvverma@nhb.org.in Gram:NIWAS Bank

''बैंक हिंदी में पत्राचार का स्वागत करता है''

राष्ट्रीय आवास बैंक का प्रबंधन

निदेशक मण्डल

दिनांक 23 सितंबर, 2010

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम 1987 की धारा 6 के अधीन

श्री आर. वी. वर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987
की धारा 6(1)(ख) के अधीन नियुक्त निदेशक गण

डा. ऐरोल डीसूजा

विद्याधर के. फाटक

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987
की धारा 6(1)(ग) के अधीन नियुक्त निदेशक गण

आर. वी. शास्त्री

जयश्री ए. व्यास

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987
की धारा 6(1)(घ) के अधीन नियुक्त निदेशक गण

श्यामला गोपीनाथ

लक्ष्मी चन्द

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987
की धारा 6(1)(ङ) के अधीन नियुक्त निदेशक गण

किरन ढींगरा

आलोक निगम

संजय कुमार राकेश

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987
की धारा 6(1)(च) के अधीन नियुक्त निदेशक गण

अशोक डोंगरे

जी. एस. सन्धु

विषय - सूची

वर्ष 2009-10 की मुख्य-मुख्य बातें	7
वैश्विक अर्थव्यवस्था : 2009-10	8
घरेलू अर्थव्यवस्था : 2009-10	9
केंद्रीय बजट	11
• केंद्रीय बजट 2009-10	11
• केंद्रीय बजट 2010-11	12
दस लाख रुपए तक के आवास ऋणों हेतु 1% ब्याज छूट योजना	13
संसाधन संग्रहण	14
निधियों का विनियोजन	15
• पुनर्वित निष्पादन	15
• परियोजना वित्त निष्पादन	17
वित्तीय निष्पादन : 2009-10	17
नीति समीक्षा	18
विनियमन एवं पर्यवेक्षण	18
स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना	20
आवास व्यष्टि (सूक्ष्म) वित्त	23
व्यावसायिक नियोजन एवं संवर्धन कार्यकलाप	24
क्षमता निर्माण	26
कारपोरेट (निगम) संचार	26
आवासीय मार्टगेज समर्थित प्रतिभूतिकरण	27
नई पहलें	27
• रिवर्स मॉर्टगेज ऋण (आरएमएल)	27
• रिवर्स मॉर्टगेज परामर्श केंद्र	27
• रिवर्स मॉर्टगेज ऋण समर्थित एन्यूईटी (आरएमएलईए)	28
सूचना प्रौद्योगिकी पहलें	28
अनुसंधान कार्यकलाप	30
• एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (यूएनईएससीएपी) तथा संयुक्त राष्ट्र मानव पुनर्वास कार्यक्रम (यूएन–हैबीटेट) के सहयोग में नई दिल्ली, भारत में गरीबोन्मुख आवास वित्त पर राष्ट्रीय कार्यशाला तथा क्षेत्रीय संगोष्ठी	30
• वहनीय आवास और आवास वित्त पर साउथ एशिया हाउसिंग फाइनेंस फोरम (एसएचएफ) और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ	30
• सामयिक दस्तावेज (ओकेजनल पेपर) पत्र-III एवं IV का विमोचन	31
रिहायशी भूसंपदा मूल्य सूचकांक (एनएचबी रेसीडेक्स)	32
शहरी गरीबों को आवास के लिए ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएचयूपी)	35
1 प्रतिशत ब्याज गत आर्थिक सहायता योजना	35
कंपनी अभिशासन	36
मानव संसाधन	37
राजभाषा	38
ज्ञान केंद्र	39
भावी दृष्टिकोण	40
वार्षिक लेखा	41

राष्ट्रीय आवास बैंक का निदेशक मंडल

(दिनांक 23 सितम्बर, 2010 की स्थिति के अनुसार)

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 6 के अंतर्गत

धारा 6)1)(क) **श्री आर. वी. वर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

धारा 6(1)(ख) **डॉ. एरॉल डिसूजा**
प्राध्यापक, अर्थशास्त्र क्षेत्र
भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद

श्री विद्याधर के. पाठक
सेवानिवृत्त प्रधान प्रमुख, नगर एवं ग्राम नियोजन प्रभाग, मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण

धारा 6(1)(ग) **श्री आर. वी. शास्त्री**
पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, केनरा बैंक

सुश्री जयश्री ए. व्यास
प्रबंध निदेशक, श्री महिला सेवा सहकारी बैंक लिमिटेड

धारा 6(1)(घ) **सुश्री श्यामला गोपीनाथ**
उप-गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक

श्री लक्ष्मीचंद, भारतीय प्रशासनिक सेवा (सेवा निवृत्त)
निदेशक - केंद्रीय निदेशक मंडल
भारतीय रिजर्व बैंक

धारा 6(1)(ङ) **सुश्री किरन ढींगरा, भारतीय प्रशासनिक सेवा**
सचिव, भारत सरकार
आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय

श्री आलोक निगम, भारतीय प्रशासनिक सेवा
संयुक्त सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय

श्री संजय कुमार राकेश, भारतीय प्रशासनिक सेवा
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय

धारा 6(1)(च) **श्री जी.एस. संधू, भारतीय प्रशासनिक सेवा**
मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार
आवास एवं शहरी विकास विभाग

श्री अशोक डोंगरे, भारतीय प्रशासनिक सेवा
सचिव, तमिलनाडु सरकार
आवास एवं शहरी विकास विभाग

निदेशकों की कार्यकारी समिति
(दिनांक 23 सितम्बर, 2010 की स्थिति के अनुसार)

श्री आर. वी. वर्मा, अध्यक्ष
सुश्री श्यामला गोपीनाथ
श्री लक्ष्मीचंद
श्री आलोक निगम
श्री संजय कुमार राकेश
श्री आर.वी. शास्त्री

निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति
(दिनांक 23 सितम्बर, 2010 की स्थिति के अनुसार)

श्री लक्ष्मीचंद, अध्यक्ष
सुश्री श्यामला गोपीनाथ
श्री आलोक निगम
श्री संजय कुमार राकेश
सुश्री जयश्री ए. व्यास
श्री विद्याधर के. फाठक

पारिश्रमिक समिति
(दिनांक 23 सितम्बर, 2010 की स्थिति के अनुसार)

सुश्री श्यामला गोपीनाथ, अध्यक्षा
श्री लक्ष्मीचंद
श्री आलोक निगम
श्री आर. वी. शास्त्री
डॉ. एरॉल डिसूजा

जोखिम प्रबंधन सलाहकार समिति
(दिनांक 23 सितम्बर, 2010 की स्थिति के अनुसार)

श्री आर. वी. वर्मा,
अध्यक्ष

श्री वी.आर. अय्यर
उप महाप्रबंधक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स

श्री के. रघुरामन
सनदी लेखाकार एवं सेवानिवृत बैंक अधिकारी

डॉ. सुरेन्द्र सिंह यादव
प्रमुख, प्रबंधन अध्ययन विभाग, आईआईटी, दिल्ली

श्री आर.एस.गर्ग
महाप्रबंधक

श्री वी. के. बदामी
महाप्रबंधक

श्री आर.के. पाण्डेय
महाप्रबंधक

वार्षिक रिपोर्ट 2009-10 • ANNUAL REPORT 2009-10

1. वर्ष 2009-10 की मुख्य-मुख्य बातें

1.1 वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक ने 4.5 लाख रुपए से कम के औसत ऋण वाले सस्ते आवास पर फिर बल दिया। वर्ष के दौरान बैंक ने कुल 8159.29 करोड़ रुपए की राशि का संवितरण किया जिसमें से 8107.76 करोड़ रुपए एनएचबी की पुनर्वित्त योजनाओं के अंतर्गत संवितरित किए गए थे। बैंक के परियोजना वित्त प्रचालनों के माध्यम से 51.53 करोड़ रुपए प्रदान किए गए।

1.2 ग्रामीण आवास पर और बल देने के उद्देश्य से 8,107.76 करोड़ रुपए के कुल पुनर्वित्त संवितरणों में से 3,695.82 करोड़ रुपए की राशि एनएचबी की ग्रामीण आवास योजनाओं अर्थात स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास पुनर्वित्त योजना (जीजेआरएचआरएस) तथा ग्रामीण आवास कोष हेतु संवितरित की गई। पिछले कुछ वर्षों में बैंक के कुल पुनर्वित्त संवितरणों में ग्रामीण आवास के हिस्से में वृद्धि हुई है और यह वर्ष 2008-09 में लगभग 23 प्रतिशत से बढ़कर 2009-10 में 46 प्रतिशत हो गया है।

1.3 आवासीय कीमतों पर निगरानी के उपाय में वृद्धि करने की एक पहल के रूप में देश के विभिन्न भागों में संपत्तियों के संबंध में एनएचबी रेजीडेक्स की संरचना एवं घोषणा की गई थी। वर्ष 2007 को आधार वर्ष मानते हुए वर्ष के दौरान इस सूचकांक को अर्धवार्षिक आधार पर अद्यतन किया गया। पहले के 5 शहरों की तुलना में अब इस सूचकांक में विस्तार करके इसमें देश के 15 शहरों को शामिल किया गया है।

1.4 अनौपचारिक क्षेत्र की आवास की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से बैंक व्यष्टि वित्त संस्थानों के सदस्यों की आवास संबंधी आवश्यकताओं के संबंध में उनके संपर्क में बना रहा है। वर्ष के दौरान आवास व्यष्टि वित्त (एचएमएफ) ऋण के रूप में कुल 2.25 करोड़ रुपए संस्वीकृत किए गए। दिनांक 30 जून, 2010 तक बैंक के एचएमएफ कार्यक्रम में देश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्थित 16,207 आवास इकाईयां शामिल थीं। संचयी रूप में जून, 2010 के अंत तक बैंक ने 23 एजेंसियों को 83.92 करोड़ रुपए एचएमएफ सहायता संस्वीकृत की।

1.5 वर्ष के दौरान 10 नई आवास-वित्त कंपनियों (एचएफसी) को पंजीयन प्रमाणपत्र (सीओआर) प्रदान किए गए और एक कंपनी का पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्त किया गया। एक आवास वित्त कंपनी ने आवास वित्त कंपनी के प्रचालन से संबंधित मानदंडों को पूरा न कर पाने के कारण पंजीयन प्रमाणपत्र अभ्यर्पित कर दिया है। दिनांक 30 जून, 2010 की स्थिति के अनुसार एनएचबी के पास पंजीकृत एचएफसी की कुल संख्या 52 थी, जिनमें से 32 कंपनियों को सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार करने की अनुमति के बिना पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

1.6 दिनांक 30 जून, 2010 की स्थिति के अनुसार बैंक की कुल बकाया उधार राशि 19,186 करोड़ रुपए थी। उधार के स्रोतों के प्रमुख क्षेत्र थे ग्रामीण आवास कोष, डिबेंचर/बांड, ''सुनिधि'' तथा ''सुवृद्धि'' सावधि जमा योजनाएं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की विशेष पुनर्वित्त सुविधा।

1.7 ग्रामीण आवास कोष के अंतर्गत बैंक को 3760.33 करोड़ रुपए की कुल राशि प्राप्त हुई थी जिसका संपूर्ण संवितरण लक्षित समूहों हेतु ग्रामीण आवास के पुनर्वित्त हेतु किया गया। ग्रामीण विकास कोष के अंतर्गत सर्वाधिक ऋण महिलाओं को प्रदान किए गए जिसकी परिणति महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान में हुई।

1.8 स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना (जीजेआरएचएफएस) के अंतर्गत वर्ष के दौरान 3,50,000 यूनिटों के लक्ष्य की तुलना में आवास वित्त कंपनियों और बैंकों द्वारा कुल 3,87,792 यूनिटों को वित्तपोाित किया गया और इस प्रकार 100 प्रतिशत से अधिक (लगभग 111 प्रतिशत) उपलब्धि हासिल की गई। वर्ष 2007 से 2010 तक की तेरह वर्ष की अवधि के दौरान 29,80,000 आवासीय यूनिटों के लक्ष्य की तुलना में मार्च, 2010 तक आवास वित्त कंपनियों, बैंकों तथा सरकारी क्षेत्र द्वारा कुल 28,59,246 आवासीय यूनिटों (लक्ष्य की लगभग 96 प्रतिशत) को वित्तपोाित किया जा चुका था।

1.9 वर्ष 2009-10 के केंद्रीय बजट में 20 लाख रुपए से अनधिक मकान की लागत के साथ 10 लाख रुपए तक के आवास ऋण पर 1 प्रतिशत ब्याज छूट योजना घोषित की गई थी। इस योजना को दिनांक 31 मार्च, 2011 तक बढ़ा दिया गया है और इस योजना हेतु वर्ष 2010-11 के दौरान 700 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है।

1.10 वरिष्ठ नागरिक समुदाय की सेवा हेतु समर्पित प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ ''भागीदारी दृष्टिकोण'' अपनाते हुए राष्ट्रीय आवास बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों हेतु रिवर्स मॉर्टगेज ऋण परामर्श कार्यक्रम

की शुरूआत की है। अब तक सात परामर्श केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है, जो नई दिल्ली, चंडीगढ़, हैदराबाद, चैन्नई, कोलकाता तथा बंगलौर में स्थित है।

1.11 रिवर्स मॉर्टगेज ऋण की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय आवास बैंक ने वर्ष के दौरान ''आरएमएलईए'' शीर्षक से एक विस्तारित आरएमएल योजना की अवधारणा तैयार की है जिसमें आरएमएल उत्पाद की एन्यूइटी विशेषता को भी जोड़ा गया है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को जीवन पर्यन्त सुनिश्चित एन्यूइटी भुगतान सुनिश्चित किया गया। नई योजना एक विस्तार योजना के रूप में है और प्रारंभिक आरएमएल योजना में सुधार किया गया है। नई योजना राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसयूडी लाइफ) तथा सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से दिसम्बर, 2009 में शुरू की गई थी।

भारत सरकार के माननीय वित्त राज्य मंत्री श्री नमो नारायण मीणा के द्वारा रिवर्स मॉर्टगेज लोन एन्युइटी का शुभारंभ

1.12 राष्ट्रीय आवास बैंक ने सूचना एवं अनुभव के सक्रिय आदान-प्रदान के माध्यम से आवास एवं आवास वित्त समाधान की तलाश हेतु दक्षिण एशियाई एवं एशिया प्रशांत देशों के बीच गठबंधन एवं समन्वय के संवर्धन के उद्देश्य से दक्षिण एशिया आवास वित्त फोरम के गठन में दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थित संस्थानों/देशों के सहयोग से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके पोर्टल का शुभारंभ सैंट्रल बैंक ऑफ अफगानिस्तान के गवर्नर श्री अब्दुल कादिर फितरत ने नई दिल्ली में दिनांक 27-28 जनवरी, 2010 को आयोजित वहनीय आवास एवं आवास वित्त से संबंधित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किया था।

1.13 आवास एवं आवास वित्त के संबंध में अद्यतन एवं पूर्ण सूचना के एक विश्वसनीय एवं एकसूत्रीय स्रोत के रूप में आवास सूचना पोर्टल (एचआईपी) की शुरूआत वर्ष 2008-09 के दौरान की गई थी। वर्ष के दौरान इस पोर्टल के चरण-I (क्रेताओं तथा विक्रेताओं हेतु) तथा चरण-II (निवेशकों तथा व्यावसायिक भागीदारों हेतु) का कार्य पूरा किया गया और वर्ष के दौरान मॉड्यूल-III (अनुसंधानकर्ताओं/व्यावसायिकों हेतु) का विकास कार्य शुरू किया गया।

1.14 शहरी क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी तबके की आवास जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से भारत सरकार के आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा शहरी गरीबों के आवास हेतु ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएचयूपी) की शुरूआत की गई थी। वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत एक केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय आवास बैंक ने 23 प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई), जिनमें सत्रह (17) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और छह (6) आवास वित्त कंपनियां शामिल हैं, के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और विभिन्न प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों से 50 ब्याज सब्सिडी दावे प्राप्त किए, जिनमें 2840 लाभानुभोगियों हेतु 2,30,42,948 रुपए की ब्याज सब्सिडी का दावा किया गया था।

2. वैश्विक अर्थव्यवस्था : 2009-10

2.1 वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

सामान्यतः यह माना जा रहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अब सुधार हो रहा है। वर्ष 2008 के अंत तथा 2009 की शुरूआत में तेज, व्यापक एवं समभिरूप वैश्विक मंदी के बाद अनेक देशों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं वैश्विक औद्योगिक उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार के साथ सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सकारात्मक त्रैमासिक वृद्धि दर्ज की है। तथापि यह सुधार असमान है और सम्पोषणीय वृद्धि की स्थिति नाजुक बनी हुई है। विकसित अर्थव्यवस्था वाले प्रमुख देशों में ऋण की स्थिति अभी भी निराशाजनक है जहां अनेक बड़े वित्तीय संस्थानों को डीलिवरेजिंग की प्रक्रिया को जारी रखने और अपने तुलनपत्र को साफ-सुथरा रखने की आवश्यकता है। अनेक अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू मांग में मजबूती लगभग अस्थायी है और स्वतः पोषणीय कतई नहीं है। तथापि खपत और निवेश की मांग कमजोर बनी हुई है,

क्योंकि अधिकांश देशों में बेरोजगारी और प्रच्छन्न रोजगार दरें लगातार बढ़ रही हैं और उत्पादन में अंतर अत्यंत व्यापक है। रोजगार की संभावना के कमजोर बने रहने और मुद्रास्फीति में कमी की संभावना के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार की गति भी धीमी रहने की संभावना है।

2.2 विकासशील देशों और संक्रमणशील अर्थव्यवस्था वाले देशों में सुधार असमान है।

अधिकांश विकासशील देशों और संक्रमणशील अर्थव्यवस्था वाले देशों में वृद्धि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, जिन्सों की कीमतों और पूंजी के प्रवाह में उतार-चढ़ाव पर अत्यधिक निर्भर है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार के कारण इन स्थितियों में भी सुधार हुआ है, परंतु और मजबूती विकसित देशों में स्थिति के सुधार पर बहुत अधिक निर्भर रहेगी। भावी परिदृश्य में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं वित्त की स्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी रहेंगी। इससे कम आय वाले देश विशेष रूप से प्रभावित होंगे।

2.3 विकासशील देशों में व्यापार एवं वित्तपोषण की स्थिति

वित्तीय संकट ने वर्ष 2008 तक अंत से लेकर 2009 की तीसरी तिमाही तक वैश्विक व्यापार की मात्रा में तेजी से गिरावट की शुरूआत कर दी थी, जिसका कारण था विकसित देशों में आयात मांग की गिरावट। उक्त अवधि के दौरान व्यापार प्रवाह में 30 से 50 प्रतिशत के बीच वार्षिकीकृत दर से गिरावट आई जिससे एशियाई निर्यातक सबसे अधिक प्रभावित हुए थे। तत्पश्चात वैश्विक व्यापार में कुछ सीमा तक मजबूती आई, परंतु वर्ष 2009 के दौरान इसकी मात्रा में लगभग 13 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कुल वैश्विक मांग में गिरावट वैश्विक वित्तीय बाजारों पर दबाव के कारण और भी गहन हो गई जिसकी परिणिति प्राथमिक रूप से उधार की लागतों में वृद्धि और व्यापार ऋण में कमी के रूप में देखी गई। सेवा व्यापार की प्रवृत्ति पण्य-वस्तु व्यापार की प्रवृत्ति के समान देखी गई। वैश्विक उत्पादन में मामूली सुधार को देखते हुए वर्ष 2010 हेतु वैश्विक व्यापार की मात्रा में 5 प्रतिशत की मामूली वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया गया है।

2.4 वैश्विक मांग में पुनःसंतुलन उछाल और सम्पोषणीय वृद्धि का मूलमंत्र है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए जिन अर्थव्यवस्थाओं को इस संकट से पूर्व अत्यधिक बाह्य घाटे का सामना करना पड़ा था उन्हें अपने सार्वजनिक वित्तपोषण को इस प्रकार मजबूत बनाना आवश्यक होगा, जो भावी वृद्धि और मांग के नुकसान को सीमित रख सके। इसे साथ-साथ जिन अर्थव्यवस्थाओं को अत्यधिक चालू खाता अधिशोों का सामना करना पड़ा था, उन्हें वृद्धि को बनाए रखने के लिए घरेलू मांग को बढ़ाना आवश्यक है, क्योंकि अत्यधिक घाटे का सामना कर रही अर्थव्यवस्थाएं भावी आय कम होने की संभावना के कारण अपनी मांग (तथा आयातों) को कम रखने का प्रयास करती है। जैसे-जैसे अत्यधिक घाटे वाली अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं का अवमूल्यन होता है वैसे ही अधिशेा वाली अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं में मजबूती आनी चाहिए। अधिशेा वाली तथा घाटे वाली, दोनों प्रकार की अर्थव्यवस्थाओं में पुनःसंतुलन वित्तीय क्षेत्र में सुधार संरचनात्मक नीतियों की सहायता से किए जाने की आवश्यकता है। नीति निर्माताओं को विशेष रूप से राजकोषीय नीति और संरचनात्मक सुधार के बीच नीतिगत समभिरूपता का लाभ उठाने की आवश्यकता है।

(स्रोत : वर्ल्ड इकोनॉमिक आऊटलुक 2010, वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रॉस्पेक्ट्स 2010 तथा ओईसीडी इकोनॉमिक आऊटलुक 2010)

3. घरेलू अर्थव्यवस्था : 2009-10

3.1 वृद्धि दरों में सुधार

वित्तीय वर्ष 2009-10 की शुरूआत अत्यंत कठिन समय में हुई। वर्ष 2008-09 के उत्तरार्द्ध में वृद्धि दर में उल्लेखनीय धीमापन देखा गया था, जिसकी शुरूआत वर्ष 2007 में औद्योगिकीकृत राष्ट्रों में आए वित्तीय संकट के बाद हुई थी और जो विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं में फैल गया था। वर्ष 2008-09 में सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी, और अंतिम दो तिमाहियों में वृद्धि दर 6 प्रतिशत के आसपास थी। यह आशंका व्यक्त की गई थी कि कुछ समय तक यही प्रवृत्ति बनी रहेगी क्योंकि विकसित विश्व में आर्थिक मंदी का पूरा प्रभाव प्रणाली में फैल चुका है। इसके परिणामतः भारत के राजकोषीय घाटे में 2007-08 के अंत से वृद्धि हुई और यह वर्ष 2009-10 के जीडीपी के 6.8 प्रतिशत (बजट अनुमान, बीई) तक पहुंच गया। विलंब से आए और सामान्य से कम मानसून ने समग्र अनिश्चितता को और बढ़ा दिया। वर्ष 2009-10 की अधिकांश अवधि के दौरान विकसित विश्व में छाई लगातार मंदी का परिणाम था निर्यात में धीमा सुधार और अर्थव्यवस्था में वित्तीय प्रवाह में धीमापन। इसके बावजूद वर्ष के

दौरान, न केवल वृद्धि सूचक आंकड़ों के रूप में बल्कि कतिपय आधारभूत घटकों के रूप में अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया, जो मध्यम से दीर्घ अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था में आशावाद को न्यायोचित ठहराता है।

3.2 मुद्रास्फीति के दबाव में वृद्धि

वर्ष 2009-10 के दौरान विशेष रूप से इसके उत्तरार्द्ध में खाद्य पदार्थों की कीमतों में द्विअंकीय मुद्रास्फीति का उदय एक प्रमुख चिंता रही। वर्ष दर वर्ष आधार पर दिसम्बर, 2009 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) शीर्ष मुद्रास्फीति 7.3 प्रतिशत थी परंतु खाद्य वस्तुओं (प्राथमिक तथा विनिर्मित) के मामले में डब्ल्यूपीआई संग्रह में 25.4 प्रतिशत के संयुक्त भार सहित यह 19.8 थी। दिनांक 30 जनवरी, 2010 को समाप्त सप्ताह की स्थिति के अनुसार प्राथमिक खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 17.9 प्रतिशत और ईंधन, विद्युत, प्रकाश तथा स्नेहकों के मामले में यह 10.4 प्रतिशत थी। इस मुद्रास्फीति के अधिकांश भाग का कारण कुछेक अनिवार्य जिन्सों की आपूर्तिगत बाधाओं से स्पष्ट किया जा सकता है जो विलंबित तथा सामान्य से कम दक्षिण-पश्चिम मानसून की वजह से उत्पन्न हुई थी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के चिन्हन दिसम्बर, 2009 से देखे गए जिसके साथ-साथ गैर प्रशासित ईंधन उत्पादों की कीमतों में भी क्रमशः बढ़ौतरी हुई और इस प्रवृत्ति ने अन्य गैर खाद्य मदों को भी अपनी चपेट में ले लिया और इस प्रकार आगामी कुछेक महीनों में प्रत्याशित सामान्य मुद्रास्फीति से अधिक मुद्रास्फीति उत्पन्न होने की चिंता व्यक्त की जाने लगी।

3.3 सेवा क्षेत्र

सेवा क्षेत्र, जो एक दशक से अधिक समय से भारत की अश्वशक्ति रहा है, में तेजी से वृद्धि हुई। इसके उप क्षेत्र हैं व्यापार, होटल, परिवहन एवं दूरसंचार; वित्तपोषण, बीमा, अचल संपत्ति एवं व्यावसायिक सेवाएं; तथा सामुदायिक, सामाजिक तथा वैयक्तिक सेवाएं। इसमें वर्ष 2008-09 के दौरान 9.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वर्ष 2009-10 में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2009-10 में जहां सामुदायिक सामाजिक एवं वैयक्तिक सेवाओं की वृद्धि में उल्लेखनीय गिरावट आई वहीं अन्य उपक्षेत्रों ने अपनी वृद्धि की गति को बनाए रखा है अथवा उसमें सुधार किया है।

3.4 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

एशियाई अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से चीन और भारत की अर्थव्यवस्थाओं की अगुवाई में वैश्विक अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 2009-10 के दौरान सुधार के संकेत देखे गए हैं। वैश्विक व्यापार में जहां क्रमशः वृद्धि हो रही है, पूंजी प्रवाह, परिसंपत्तियों और वस्तुओं के मूल्यों जैसे आर्थिक कार्यकलाप के अन्य सूचकों में उछाल देखा गया है। वित्तीय वर्ष 2009-10 से संबंधित नवीनतम आंकड़ों के अनुसार निर्यातों और आयातों में वर्ष अप्रैल-सितम्बर, 2009-10 के दौरान वर्ष 2008-09 की तदनुरूप अवधि की तुलना में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई थी। तथापि अप्रैल-सितम्बर, 2009-10 के दौरान वर्ष 2008-09 की इसी अवधि की तुलना में भुगतान संतुलन (बीओपी) की स्थिति में सुधार देखा गया था, जो उच्चतर निवल पूंजी प्रवाह और व्यापार घाटे में कमी में प्रदर्शित हुआ था।

3.5 मौद्रिक नीति उपाय एवं ऋण बाजार

3.5.1 सितम्बर, 2008 में वैश्विक वित्तीय संकट की शुरूआत से ही भारतीय रिजर्व बैंक ने समावेशी मौद्रिक नीति अपनाई है। वर्ष 2009-10 की अवधि के दौरान इस वैचारिक स्थिति का उद्देश्य सरकार के राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण हेतु अमूतपूर्व उधार की जरूरत को सुगम बनाते हुए वृद्धि की गति में शीघ्र सुधार करना था। इस बात से कि राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण का प्रबंधन सही तरीके से किया गया और दो तिहाई उधार की पूर्ति वित्तीय वर्ष के पूर्वार्द्ध में कर ली गई थी, न केवल ब्याज दरों पर अनावश्यक दबाव को रोकने में मदद मिली बल्कि वर्ष के उत्तरार्ध में निजी निवेश मांग को बहाल करने के लिए पर्याप्त समय भी मिला। मौद्रिक नीति से संबंधित उपायों के प्रसार की गति धीमी रही है और वित्तीय बाजारों के विभिन्न क्षेत्रों पर इसके प्रभाव में भी भिन्नता देखी गई है। सितम्बर, 2008 के पश्चात भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित नीतिगत दरों में कमी का प्रसार नकदी तथा जी-सेक बाजारों में हुआ तथापि ऋण बाजारों के मामले में प्रसार की गति धीमी रही।

3.5.2 हालांकि सभी वर्गों के बैंकों (सार्वजनिक, निजी तथा विदेशी) की ऋण दरों में मार्च 2009 से मामूली गिरावट आई थी (अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की बेंचमार्क प्राथमिक ऋण दरों में 25 से 100 आधार अंकों की गिरावट आई थी) तथापि, यह गिरावट बैंक ऋण की मांग में वृद्धि करने के लिए

पर्याप्त नहीं थी। इसके परिणामस्वरूप जहां उधारकर्ता अपनी वित्तपोषण संबंधी जरूरत को पूरा करने के लिए संभवतः सस्ते वित्तपोषण के वैकल्पिक स्रोतों की ओर उन्मुख हुए वहीं बैंकों के पास प्रति रेपो विंडो के अंतर्गत अपनी अधिशेष निधियों के जमा होने के कारण नकदी की बहुलता हो गई। ब्रांड मनी (एम 3) की वृद्धि में निरंतर परिवर्तन होता रहा है और यह वित्तीय वर्ष की शुरूआत में 21 प्रतिशत से घटकर जनवरी, 2010 के मध्य में 16.5 रह गई थी और यह उक्त अवधि हेतु सूचित वृद्धि अनुमान से कम रही है। वर्ष के पूर्वार्द्ध में जहां सरकार को दिया जाने वाला ऋण नकद वृद्धि का प्रमुख कारक रहा, वही वर्ष 2009-10 की तीसरी तिमाही में इसमें भी परिवर्तन आ गया है।

3.6 पूंजी बाजार

वर्ष 2009 के दौरान पूंजी और वस्तु बाजारों में उछाल का रूख देखा गया; क्योंकि निवेशकों की जोखिम वहनीयता में स्पष्ट सुधार की पृष्ठभूमि में बाजारों में सुधार हुआ और उनमें मजबूती आई, जिसके परिणामस्वरूप भारत सहित उभरते बाजारों में अंतर्राष्ट्रीय पूंजी प्रवाह में तेजी से वृद्धि हुई। सकारात्मक घरेलू कारकों, कारपोरेट जगत और बैंकों के बेहतर कार्य निष्पादन और वर्ष 2009-10 की दूसरी तिमाही (क्यू2) के दौरान उत्तर जीडीपी वृद्धि ने भी भारतीय पूंजी बाजार के उर्ध्वगामी रूख में सहयोग किया। भारतीय इक्विटी बाजारों में वर्ष 2009 की शुरूआत निःशब्द वातावरण में हुई, जिनमें 2008 के दौरान तेजी से गिरावट आई थी, जो अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजारों और विदेशी संस्थागत निवेश निर्गमों में अनिश्चितता की द्योतक थी। अप्रैल-मार्च, 2009 के दौरान बाजार सीमा से बंधे रहे परंतु अप्रैल, 2009 से सुधार के संकेत देखे गए। भारत सहित उभरते बाजारों वाली अर्थव्यवस्थाओं में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की दिलचस्पी बहाल होने से मई-जुलाई, 2009 के दौरान इक्विटी बाजारों में मजबूती आई। सितम्बर, 2009 में तेजी का एक नया दौर आया जब बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज सेंसेक्स उक्त माह के दौरान बढ़कर 17,126.84 हो गया। भारतीय इक्विटी बाजारों में नवम्बर-दिसम्बर 2009 के दौरान हुए सुधार से पहले यह अक्तूबर, 2009 के अंत में 15,896.28 पर बंद हुआ था। भारतीय पूंजी बाजार के इक्विटी सूचकांकों का उतार-चढ़ाव प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय इक्विटी बाजारों के रूख के अनुरूप था जो बढ़ते एकीकरण का संकेत था। भारतीय इक्विटी बाजार की इन प्रवृत्तियों की पृष्ठभूमि में वर्ष के दौरान शुरू किए गए विनियामक उपाय स्पष्ट रूप से भारतीय पूंजी बाजार में मजबूती और स्थायित्व को सुनिश्चित करते हुए अधिकाधिक पारदर्शिता निवेशकों के हितों के संरक्षण और भारतीय इक्विटी बाजारों के कार्यचालन में कार्यकुशलता के सुधार की दिशा में किए गए थे।

(स्रोत : इकॉनॉमिक सर्वे ऑफ इंडिया 2009-10)

4. केंद्रीय बजट

संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार द्वारा वर्ष 2009-10 (जुलाई-जून) के दौरान केंद्रीय बजट दो बार प्रस्तुत किया गया।

4.1 केंद्रीय बजट 2009-10

नवगठित यूपीए सरकार ने वैश्विक वित्तीय संकट और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव की पृष्ठभूमि में वर्ष 2009-10 का केंद्रीय बजट जुलाई, 2009 में प्रस्तुत किया था। केंद्रीय बजट 2009-10 की मुख्य-मुख्य बातों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

4.1.1 वर्ष 2008-09 के बजट अनुमान की तुलना में 2009-10 के बजट अनुमान में शहरी अवसंरचना : जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के अंतर्गत आवंटन 87 प्रतिशत बढ़ाकर 12,887 करोड़ रुपए किया गया। वर्ष 2009-10 के बजट अनुमान में आवास तथा शहरी गरीबों की आधारभूत सुविधाओं के प्रावधान हेतु आवंटन बढ़ाकर 3,937 करोड़ रुपए किया गया। इसमें राजीव आवास योजना (आरएवाई) हेतु प्रावधान भी शामिल है जो एक नई घोषित योजना है।

4.1.2 राजीव आवास योजना: ग्रामीण गरीबों हेतु इंदिरा विकास योजना की तर्ज पर झुग्गी-बस्ती वासियों और शहरी गरीबों हेतु राजीव आवास योजना को लागू करने के सरकार के प्रस्ताव की घोषणा भारत के राष्ट्रपति ने जून, 2009 में संसद के दोनों सदनों में की थी। भागीदारी के माध्यम से वहनीय आवास संबंधी योजना और शहरी आवास हेतु ब्याज सब्सिडी योजना को भी राजीव आवास योजना के साथ कार्यान्वित किया जाएगा जिसमें झुग्गी बस्तियों वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सम्पत्ति का अधिकार देने के इच्छुक राज्यों को जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत सहायता दी जाएगी। इस योजना, जिसके मानदंड तैयार किए जा रहे हैं, का उद्देश्य पांच वर्ष की अवधि में देश को झुग्गी बस्ती मुक्त बनाना है। आवास तथा शहरी गरीबों हेतु आधारभूत

सुविधाओं के प्रावधान हेतु घोषित 3,973 करोड़ रुपए के प्रावधान में इस स्कीम हेतु प्रावधान भी शामिल होगा।

4.1.3 **भारत निर्माण :** भारत निर्माण अपनी छह योजनाओं के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच अंतर को दूर करने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। वर्ष 2008-09 के बजट अनुपात की तुलना में वर्ष 2009-10 के दौरान भारत निर्माण हेतु आवंटन में 45 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), जो भारत निर्माण के सर्वाधिक सफल कार्यक्रमों में से एक है, के अंतर्गत आवंटन में 2008-09 के बजट अनुमान के मुकाबले 2009-10 के बजट अनुमान में 59 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) के अंतर्गत आवंटन 27 प्रतिशत बढ़ाकर 7,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

4.1.4 **इंदिरा आवास योजना :** यह कमजोर वर्गों हेतु एक लोकप्रिय ग्रामीण आवास योजना है। वर्ष 2009-10 के बजट अनुमान में इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) के अंतर्गत आवंटन 63 प्रतिशत बढ़ाकर 8,800 करोड़ रुपए किया गया है।

4.1.5 **ग्रामीण आवास निधि :** ग्रामीण आवास क्षेत्र में पुनर्वित्त प्रचालनों हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक के संसाधन आधार को बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) में ग्रामीण आवास निधि हेतु 2,000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

4.1.6 **1 प्रतिशत ब्याज छूट योजना :** वित्त मंत्रालय ने 10 लाख रुपए तक के आवास ऋण पर 1 प्रतिशत ब्याज छूट की एक योजना की घोषणा की है। इस प्रयोजनार्थ 1,000 करोड़ रुपए का आवंटन घोषित किया गया है। इस योजना का कार्यान्वयन देशभर में किया जाएगा और यह दिनांक 1 अक्तूबर, 2009 से 30 सितम्बर, 2010 तक प्रचालन में रहेगी। 1 प्रतिशत की ब्याज छूट संस्वीकृत ब्याज ऋणों को पहले 12 माह तथा इस योजना के कार्यकाल अर्थात 1 अक्तूबर, 2009 से 30 सितम्बर, 2010 के दौरान संवितरित ऋणों पर लागू होगी। इस योजना का उद्देश्य पात्र ऋणग्राहियों की आवास की वहनीयता बढ़ाने के उपाय के तौर पर ब्याज सब्सिडी प्रदान करना और ऋण हेतु अतिरिक्त मांग का सृजन करना है। इसे राष्ट्रीय आवास बैंक के पास पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों तथा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) तथा आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के लिए नोडल एजेंसियां क्रमशः भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) तथा राष्ट्रीय आवास बैंक होंगे।

4.2 केंद्रीय बजट 2010-11

तत्काल नवगठित यूपीए सरकार द्वारा जुलाई, 2009 में वर्ष 2009-10 का पहला केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने के बाद यूपीए सरकार ने वर्ष 2010-11 का नियमित केंद्रीय बजट फरवरी, 2010 में प्रस्तुत किया था। केंद्रीय बजट 2010-11 की मुख्य-मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :-

4.2.1 **राजीव आवास योजना :** राजीव आवास योजना (आरएवाई), जो झुग्गी बस्ती वासियों और शहरी गरीबों से संबंधित है, की घोषणा झुग्गी बस्ती वासियों को संपत्ति का मालिकाना अधिकार देने के इच्छुक राज्यों को सहायता प्रदान करने हेतु की गई थी। राजीव आवास योजना के कार्यान्वयन में सरकार का प्रयास भारत को यथाशीघ्र झुग्गी बस्ती मुक्त करने हेतु राज्यों को प्रोत्साहित करने का रहेगा।

4.2.2 **भारत निर्माण :** अपनी छह योजनाओं के साथ भारत निर्माण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच अंतर को कम करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से गरीब लोगों की जीवन स्तर में सुधार करने के उद्देश्य से की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। भारत निर्माण के अंतर्गत वर्ष 2010-11 हेतु ग्रामीण अवसंरचना के लिए 48,000 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है।

4.2.3 **इंदिरा आवास योजना :** इंदिरा आवास योजना कमजोर तबकों हेतु एक लोकप्रिय आवास योजना है। निर्माण की लागत में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इस योजना के अंतर्गत इकाई लागत हेतु आवंटन मैदानी क्षेत्रों के लिए बढ़ाकर 45,000 रुपए तथा पर्वतीय/दुर्गम क्षेत्रों के लिए बढ़ाकर 48,500 रुपए किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2009-10 हेतु इस योजना के अंतर्गत आवंटन बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

4.2.4 **1 प्रतिशत ब्याज छूट योजना :** वर्ष 2009-10 के केंद्रीय बजट में 10 लाख रुपए तक के आवास ऋणों पर जहां मकान की लागत 20 लाख रुपए से अधिक नहीं है, 1 प्रतिशत ब्याज छूट की एक योजना घोषित की गई थी। यह योजना दिनांक 31 मार्च, 2011 तक बढ़ा दी गई है और वर्ष 2010-11 हेतु इस योजना के लिए 700 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है।

4.2.5 **शहरी विकास एवं आवास :** शहरी विकास हेतु आवंटन में 75 प्रतिशत से अधिक की बढोतरी की गई है और यह 3,060 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5,400 करोड़ रुपए कर दिया गया है। आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन हेतु आवंटन 800 करोड़ रुपए से बढ़ाकर वर्ष 2010-11 में 1,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

4.2.6 **कर प्रस्ताव :** बजट में यह प्रस्ताव किया गया है कि आवास एवं अचल परिसंपत्ति क्षेत्र के लिए एकबारगी अंतरिम राहत के तौर पर लंबित परियोजनाओं से संबंधित लाभों की कटौती का दावा करने के लिए उन्हें चार वर्षों के बजाए पांच वर्ष की अवधि के भीतर पूरा किया जा सकता है।

4.2.7 **बैंकिंग क्षेत्र**

- भारतीय रिजर्व बैंक निजी क्षेत्र की कंपनियों को कुछ अतिरिक्त बैंकिंग लाइसेंस देने पर विचार कर रही है। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर भी विचार किया जा सकता है, यदि वे भारतीय रिजर्व बैंक के पात्रता मानदंडों को पूरा करती हों।
- **सार्वजनिक क्षेत्र बैंक पूंजीकरण :** सरकार ने पूंजी और जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात के स्तर को सुविधाजनक बनाए रखने के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों में 1900 करोड़ रुपए की राशि का टियर-1 पूंजी के रूप में निवेश किया था। अब 1200 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का निवेश किया जा रहा है। वर्ष 2010-11 हेतु 16,500 करोड़ रुपए की राशि यह सुनिश्चित करने के लिए प्रदान की गई है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 31 मार्च, 2011 तक न्यूनतम 8 प्रतिशत की टियर-1 पूंजी प्राप्त कर सकें।
- **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का पुनः पूंजीकरण :** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा और पूंजी उपलब्ध कराई जानी है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अधिक ऋण देने में सहायता हेतु उनके पास व्यापक पूंजीगत आधार मौजूद रहे।

5. 10 लाख रुपए तक के आवास ऋणों हेतु 1 प्रतिशत ब्याज छूट योजना

5.1 देश के मध्यम एवं निम्न आय वर्ग में आवास हेतु ऋण की मांग को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 20 लाख रुपए से अनधिक लागत सहित 10 लाख रुपए तक के अलग-अलग आवास ऋणों पर 1 प्रतिशत की ब्याज छूट की एक योजना की शुरूआत की है। इस योजना में यह माना जाता है कि ऋण ग्राहियों की समान मासिक किस्तों को कम करने और आवास हेतु अतिरिक्त मांग उत्पन्न करने में ब्याज दरों में कमी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इस योजना की विशेषताओं का ब्यौरा नीचे बॉक्स में दिया गया है।

बाक्स 5.1

दस लाख रुपए तक के आवास ऋणों हेतु
1 प्रतिशत ब्याज छूट योजना की मुख्य-मुख्य विशेषताएं

- **उद्देश्य :** इस योजना का उद्देश्य ऋण की अतिरिक्त मांग उत्पन्न करने एवं मध्यम तथा निम्न आय वर्गों के पात्र ऋणग्राहियों को आवास की वहनीयता में सुधार करने के उपाय के तौर पर आवास ऋण पर ब्याज सब्सिडी प्रदान करना है। इस योजना से भावी गृहस्वामियों को राहत प्रदान किए जाने एवं निर्दिष्ट लक्षित समह में मकान के स्वामियों की संख्या बढ़ने की संभावना है।
- **आवंटित निधि :** वर्ष 2009-10 के बजट में 1,000 करोड़ रुपए की राशि के आवंटन की घोषणा की गई थी। वर्ष 2010-11 के केंद्रीय बजट में इस योजना के लिए 700 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है।
- **योजना की अवधि :** प्रारंभ में इस योजना की अवधि दिनांक 1 अक्तूबर, 2009 से 30 सितम्बर, 2010 तक अर्थात 1 वर्ष थी, परंतु वर्ष 2010-11 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुसार यह अवधि दिनांक 31 मार्च, 2011 तक बढ़ा दी गई है।
- **पात्रता :** व्यक्तियों को नए मकान के निर्माण/खरीद अथवा मौजूदा मकान के विस्तार हेतु 10 लाख रुपए तक के आवास ऋण पर 1 प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान की जाएगी, बशर्ते नए मकान के निर्माण/विस्तार की लागत/कीमत 20 लाख रुपए से अधिक न हो। इसके प्रचालन की अवधि अर्थात 1 अक्तूबर, 2009 से 31 मार्च, 2011 तक संस्वीकृत अथवा संवितरित ऐसे सभी ऋणों पर उक्त ब्याज छूट की पात्रता रहेगी।
- **ब्याज सब्सिडी :** 1 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी को किसी ऋण राशि तथा उसकी अवधि पर मौजूदा ब्याज दर से 100 आधार अंक प्रति वर्ष की कमी के रूप में परिभाषित किया जाएगा। यह इस योजना के अंतर्गत

ऐसे सभी संस्वीकृत एक संवितरित ऋणों की पहली बारह किस्तों पर लागू होगी और संवितरित राशि पर इसकी गणना 12 माह हेतु की जाएगी। अंततः ऋण ग्राही को इससे लाभान्वित करने के लिए सब्सिडी का दावा ऋण के प्रत्येक संवितरण पर ईएमआई-पूर्व/ईएमआई चरण में किया जा सकता है। सब्सिडी का समायोजन बकाया मूलधन में किया जाएगा, चाहे ऋण फिक्स्ड दर आधार पर हो अथवा फ्लोटिंग दर आधार पर।

- **कार्यान्वयन एजेंसियां :** इस योजना का कार्यान्वयन अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों तथा राष्ट्रीय आवास बैंक के पास पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) द्वारा किया जा रहा है।
- **नोडल एजेंसियां :** अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों तथा आवास वित्त कंपनियों हेतु नोडल एजेंसियों क्रमशः भारतीय रिजर्व बैंक तथा राष्ट्रीय आवास बैंक हैं।

वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक का वित्तीय निष्पादन

6. संसाधन संग्रहण

6.1. बाजार का विहंगम अवलोकन

6.1.1 नवगठित यूपीए सरकार ने वैश्विक आर्थिक मंदी एवं इसके परिणामस्वरूप घरेलू मांग में कमजोरी की पृष्ठभूमि में वर्ष की पहली तिमाही के दौरान 209-10 का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया था। अर्थव्यवस्था में शीघ्र सुधार करने के लिए मांग में वृद्धि हेतु आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए बजट में राजकोषीय घाटे का उल्लेख किया गया था जो वर्ष 2009-10 के सकल घरेलू उत्पाद का 6.8 प्रतिशत था।

6.1.2 दूसरी तिमाही के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति को संकट के प्रबंधन के बजाए सुधार के प्रबंधन की ओर निर्देशित किया। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आने वाले महीनों के दौरान मुद्रास्फीति चिंता के एक प्रमुख विषय के रूप में उभर कर आई है। कम वर्षा तथा देश के अनेक भागों में सूखे की स्थितियों में खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ा दिया है, और समग्र मुद्रास्फीति की दर में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) तथा उपभोक्ता मूल सूचकांक (सीपीआई) दोनों के रूप में वृद्धि हुई है।

6.1.3 वर्ष 2009-10 की तीसरी तिमाही के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार की गति में तेजी आने लगी थी। भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार की गति स्पट रूप से देखी गई और जीपीडी में वृद्धि दर्ज की गई, जो वर्ष 2008-09 में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 2009-10 में 7.2 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति की स्थिति और इसके साथ अर्थव्यवस्था में सुधार की गति में देखी गई तेजी ने भारतीय रिजर्व बैंक को अपनी मौद्रिक नीति को सुदृढ़ बनाने के लिए अनिवार्य आधार तैयार कर दिया था।

6.1.4 वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान मुद्रास्फीति का जारी रहना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय बन गया था। बढ़ती मुद्रास्फीति राजकोषीय बोझ की समस्या उत्पन्न करती है और ग्रामीण उपभोक्ता एवं निवेश मांग की कमजोर बना देती है। इस अवधि के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने सीआरआर रेपो दर तथा प्रति रेपो दर जैसी प्रमुख नीतिगत दरों को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था में नकदी की स्थिति को ठोस बनाए रखने की नीति जारी रखी थी। दिनांक 20 अप्रैल, 2010 को जारी 2010-11 से संबंधित वार्षिक नीति वक्तव्य में प्रमुख दरों जैसे सीआरआर रेपो दर तथा प्रति रेपो दर में 25 आधार बिन्दुओं की वृद्धि की गई थी। इससे पूर्व जनवरी, 2010 में भारतीय रिजर्व बैंक ने सीआरआर में 75 आधार बिन्दुओं की वृद्धि की थी और मार्च 2010 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो तथा प्रति रेपो दर में 25-25 आधार बिन्दुओं की फिर बढ़ौतरी की थी।

6.1.5 इस पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय आवास बैंक ने वर्ष 2009-10 के दौरान अपने संसाधन संग्रहण का प्रबंधन किया था।

6. 2 वर्ष के दौरान संसाधन संग्रहण

6.2.1 राष्ट्रीय आवास बैंक ने लघु अवधि तथा दीर्घावधिक, दोनों प्रकार के संसाधन जुटाए। लघु अवधि संसाधनों में वाणिज्यिक दस्तावेज पत्र (सीपी) जारी करना, बैंकों तथा एलएएफ के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक की विशेष पुनर्वित्त पद्धति से लघु अवधि ऋण शामिल है। दीर्घावधिक उधार राशियों में शून्य कूपन बांड (जेडसीबी), कूपन बांड, जमाराशि प्रमाणपत्र (सीडी) जारी करना, बैंकों से सावधि ऋण, ग्रामीण आवास कोष (आरएचएफ) के अंतर्गत बैंकों से जमाराशियां, आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) से जमा राशियां और अपनी जमा योजनाओं अर्थात ''सुनिधि'' एवं ''सुवृद्धि'' के अंतर्गत जनता से प्राप्त की गई जमा राशियां शामिल थीं। वर्ष के दौरान सकल जमा राशि 34,295 करोड़ रुपए की थी।

6.2.2 भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा अधिकृत रेटिंग एजेंसियों अर्थात केयर रेटिंग्स, क्राइसिल फिच रेटिंग्स तथा ब्रिकवर्क्स रेटिंग्स में से कम से दो ने राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी बांडों को ''एएए'' रेटिंग प्रदान की है और इन्हें मुंबई स्टॉक एक्सचेंज/नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने सूचीबद्ध किया

गया है। आईसीआरए ने रा.आ.बैंक द्वारा वर्ष के दौरान वाणिज्यिक दस्तावेज पत्रों को ''ए1+'' की रेटिंग प्रदान की थी। ये रेटिंग्स लिखतों पर वित्तीय बाध्यता के यथा समय भुगतान की सुनिश्चितता के सर्वोच्च स्तर की द्योतक हैं।

6.2.3 दिनांक 30 जून, 2010 की स्थिति के अनुसार कुल बकाया उधार राशि 19,186 करोड़ रुपए है।

6.3 संसाधनों के प्रमुख स्त्रोत



6.3.1 **ग्रामीण आवास निधि (आरएचएफ) :** माननीय वित्त मंत्री जी ने वर्ष 2008-09 का केंद्रीय बजट प्रस्तुत करते समय एक कोष का गठन करने की घोषणा की थी जिसका उद्देश्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्राथमिक क्षेत्र को अपने ऋण प्रदाय में कमी की सीमा तक ग्रामीण आवास क्षेत्र में रा.आ.बैंक के पुनर्वित्त प्रचालनों में वृद्धि के लिए उनके संसाधनों को दोहन करना था। इसके लिए वर्ष 2008-09 में 2000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया था। बैंकों से प्राप्त समस्त राशि का संवितरण ग्रामीण आवास हेतु किया गया। माननीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2009-10 का केंद्रीय बजट प्रस्तुत करते समय 2000 करोड़ रुपए की राशि पुनः आवंटित की थी जिसका पूरा संवितरण ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत किया गया।

6.3.2 **बांड :** वर्ष के दौरान जुटाए गए संसाधनों के प्रमुख घटकों में से एक था बांडों का निर्गमन। वर्ष के दौरान 5,550 करोड़ रुपए के अंकित मूल्य के बांड 13 माह से 31 माह की अवधि हेतु जारी किए गए।

6.3.3 ''सुनिधि'' एवं ''सुवृद्धि'' सावधि जमा योजनाएं : रा.आ.बैंक ने वर्ष 2008-09 के दौरान दो नई सावधि जमा योजनाएं अर्थ ''सुनिधि'' एवं '''सुवृद्धि'' आरंभ की थी। ''सुनिधि'' सावधि जमा योजना व्यक्तियों/हिन्दू अविभाजित परिवारों/भागीदारों/सोसायटियों एवं ट्रस्टों/ व्यक्तियों के एसोसिएशनों हेतु खुली है। इसकी न्यूनतम अवधि एक वर्ष तथा अधिकतम अवधि पांच वर्ष है। ''सुवृद्धि'' सावधि जमा योजना है जो केवल व्यक्तियों एवं हिन्दू अविभाजित परिवारों हेतु खुली है और इसकी अवधि पांच वर्ष है। ''सुवृद्धि'' आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80ग के अंतर्गत अधिसूचित है। दोनों योजनाओं के अंतर्गत दिनांक 30.06.2010 की स्थिति के अनुसार कुल बकाया राशि 373 करोड़ रुपए है।

6.3.4 भारतीय रिजर्व बैंक से विशेष पुनर्वित्त सुविधा : आवास वित्त कंपनियों की लघु अवधि नकदी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम ,1934 की धारा 17(4घघ) के अंतर्गत रा.आ.बैंक को 4,000 करोड़ रुपए की विशेष पुनर्वित्त सुविधा प्रदान की थी। यह सुविधा दिनांक 31 मार्च, 2010 तक उपलब्ध थी। रा.आ.बैंक ने इस सुविधा का पूरा उपयोग किया और यह राशि आवास वित्त कंपनियों को संवितरित की गई। इस राशि का भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक को किया जा चुका है।

7. निधियों का विनियोजन

7.1 पुनर्वित्त निष्पादन

7.1.1 वर्ष 2009-10 के दौरान निष्पादन : वर्ष 2009-10 के दौरान पुनर्वित्त के रूप में कुल 8107.76 करोड़ रुपए की राशि संवितरित की गई थी जिसमें से स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास पुनर्वित्त योजना और ग्रामीण आवास कोष के अंतर्गत ग्रामीण आवास हेतु 3695.82 करोड़ रुपए संवितरित किए गए थे।

वर्ष 2009-10 के दौरान मोचन का विपरण निम्नानुसार है (₹ करोड़ में)

संस्थान की श्रेणी	नियमित योजना	आरएचएफ (ग्रा. आ. वि.)	जीजेआरएचआरएस	एसआरएफ	कुल
I	II	III	IV	V	VI
एचएफसी	1409.94	1794.086	239.00	100.00	3543.80
बैंक (एसबी)	2709.00	184.96	1441.00	0.00	4519.96
सहकारी समितियां	193.00	36.00	0.00	0.00	44.00
कुल	**4311.94**	**2015.82**	**1680.00**	**100.00**	**8107.76**

वर्ष 2009-10 के दौरान मोचन का आरेखीय प्रदर्शन



पिछले कुछेक वर्षों के दौरान निर्गत पुनर्वित्त की प्रवृत्ति नीचे दर्शाई गई है :-

(₹ करोड़ में)

वर्ष	संवितरण
1999-00	842
2000-01	1008
2001-02	1025
2002-03	2710
2003-04	3253
2004-05	8062
2005-06	5632
2006-07	5500
2007-08	8587
2008-09	10854
2009-10	8108

संवितरण

7.1.2 ग्रामीण आवास के अंतर्गत निष्पादन

वर्ष के दौरान किए गए 8,107.76 करोड़ रुपए के कुल पुनर्वित्त निर्गम में से ग्रामीण आवास कोष और ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक ऋण प्रदाय (पीएलआई) द्वारा स्वर्ण जयंती ग्रामीण विकास पुनर्वित्त योजना (जीजेआरएचआरएस) के अंतर्गत दिए गए ऋणों हेतु 45.58 प्रतिशत अर्थात 3,695.82 करोड़ रुपए निर्गत किए गए।

ग्रामीण आवास हेतु संवितरित राशि का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

(₹ करोड़ में)

संस्थान की श्रेणी	मूल्य
आवास वित्त कंपनियां	2033.86
अनुसूचित बैंक	1625.96
सहकारी क्षेत्र के संस्थान	36.00
कुल	**3695.82**

वर्ष 2009-10 के दौरान निर्गत राशियों का वृत आरेख निम्नानुसार है : -



7.2 परियोजना वित्त निष्पादन

7.2.1 वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक द्वारा 6 परियोजनाओं को 312.07 करोड़ रुपए का परियोजना वित्त संस्वीकृत किया गया और 51.53 करोड़ रुपए की राशि का संवितरण किया गया।

संस्वीकृतियों का श्रेणीवार ब्यौरा इस प्रकार है :- (₹ करोड़ में)

सार्वजनिक कल्याण संगठन, जो लाभ के लिए नहीं थे	59.82
व्यष्टि (सूक्ष्म) वित्त संस्थान	2.25
सार्वजनिक एजेंसियां	250.00
कुल	**312.07**

7.2.2 बैंक ने जून, 2010 के अंत तक संचयी रूप से 426 परियोजनाएं संस्वीकृत की थी, जिनकी परियोजना लागत 5,197.77 करोड़ रुपए और ऋण संघटक 4,449.56 करोड़ रुपए था। बैंक ने आज की तारीख तक परियोजना वित्त के रूप में 1,730.88 रुपए संवितरित किए हैं। बैंक के आवास व्यष्टि वित्त (एचएमएफ) कार्यक्रम में 16,207 आवासीय इकाईयां शामिल हैं जो देश के ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थित है। इसके लाभानुभोगियों में किसान, घरेलू नौकरियां, छोटे व्यापारी, कारीगर, डेयरी कामगार तथा अल्प आय वाले अन्य परिवार शामिल हैं। लाभानुभोगियों में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।

7.2.3 एचएमएफ के अंतर्गत बैंक द्वारा सततधारणीय मानव पर्यावास के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो पर्यावरण हितैषी, किफायती तथा उत्पादक होते हैं। आवश्यक पेज जल एवं स्वच्छता सुविधा युक्त वर्क शेड सभी आवास परियोजनाओं के अभिन्न अंग होते हैं। इस कार्यक्रम की वहनीयता एवं सततधारणीयता की दृष्टि से वृद्धिशील आवास (मरम्मत/नवीकरण) का महत्व भी उल्लेखनीय होता है। एमएफआई द्वारा स्व-सहायता समूहों के सदस्यों हेतु शुरू किए गए पेय जल एवं स्वच्छता कार्यक्रम हेतु बैंक ने एक विशेष पटल स्थापित किया है। ये कार्यक्रम बैंक के एचएमएफ कार्यक्रम का अभिन्न अंग होते हैं।

7.2.4 **यूएन हैबिटेट (पर्यावास) जल एवं स्वच्छता कार्यक्रम :** राष्ट्रीय आवास बैंक ने यूएन हैबिटेट के साथ एक सहयोग करार पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें यूएन हैबिटेट रा.आ.बैंक को 3,75,000 अमरीकी डालर की प्रारंभिक निधि उपलब्ध कराएगा, जिसका संधारण एवं प्रशासन एक आवर्ती निधि के रूप में किया जाएगा। इस निधि का उपयोग जल एवं स्वच्छता सुविधाओं के प्रावधान हेतु रा.आ.बैंक द्वारा अल्प आय वर्ग के परिवारों हेतु वित्तपोषित आवास परियोजनाओं में आवास तथा पर्यावास परियोजना के रूप में अथवा जल एवं स्वच्छता सुविधा के प्रावधान हेतु विशिष्ट परियोजनाओं में किया जाएगा।

जल एवं स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत फ्रेंड्स ऑफ वुमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग (एफडब्ल्यूडब्ल्यूबी) को संस्वीकृत 1.00 करोड़ रुपए की राशि में से 55.00 लाख रुपए संवितरित किए जा चुके हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाराष्ट्र, उड़ीसा, कर्नाटक एवं मध्य प्रदेश में 1054 शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। यह कार्यक्रम एफडब्ल्यूडब्ल्यूबी द्वारा अपने विभिन्न भागीदार संगठनों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।

8. वित्तीय निष्पादन : 2009-10

वर्ष के दौरान कर पूर्व लाभ पिछले वर्ष के 350.10 करोड़ रुपए की तुलना में 422.10 करोड़ रुपए था जिसमें 20.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कर पश्चात लाभ विगत वर्ष के 235.62 करोड़ रुपए की तुलना में 280.24 करोड़ रुपए था जिसमें 18.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आरक्षित कोष में लाभ के पुनर्विवेश से वर्ष के दौरान बैंक की निवल स्वाधिकृत निधि 2,230.49 करोड़ रुपए से बढ़कर 2485.32 करोड़ रुपए हो गई। समग्र आधार पर बैंक

की लाभप्रदत्ता में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष के दौरान सुधार हुआ है।

सामान्य कार्यकलाप

9. नीति समीक्षा

9.1 ग्रामीण आवास निधि

ग्रामीण क्षेत्रों में लक्ष्यि समूहों को प्रतिस्पर्धी दरों पर आवास वित्त उपलब्ध कराने हेतु प्राथमिक ऋण प्रदाय संस्थानों को निधियां जुटाने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से माननीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2008-09 के अपने बजट अभिभाषण में ग्रामीण आवास निधि के गठन की घोषणा की थी। वर्ष 2008-09 हेतु निधि की संग्रह निधि 2000 करोड़ रुपए थी, और वर्ष 2009-10 के लिए भी संग्रह निधि 2000 करोड़ रुपए है। इस निधि अंतर्गत बैंक को 3760.33 करोड़ रुपए की कुल राशि प्राप्त हुई है और बैंक लक्षित समूहों हेतु ग्रामीण आवास हेतु पुनर्वित्त में समस्त राशि का विनियोजन करने में समर्थ रहा है। ग्रामीण आवास निधि के अंतर्गत सर्वाधिक ऋण प्रदाय 5 लाख रुपए से कम के ऋणों हेतु किया गया है, जो यह दर्शाता है कि निधि का उपयोग आशयित प्रयोजन हेतु किया गया है।

9.1.2 अनेक बड़ी आवास वित्त कंपनियों, जो अब तक शहर केंद्रित थी, से ग्रामीण क्षेत्रों में आवास ऋण देने हेतु अनुरोध किया गया है। इससे न केवल आवास वित्त के वितरण की भौगोलिक स्थिति बेहतर हुई है बल्कि इसने ग्रामीण बाजार और ग्रामीण जनता के बीच अपनी गहरी पैठ बना ली है। ग्रामीण आवास कोष के अंतर्गत आवास वित्त कंपनियों ने कुल 1794.86 करोड़ रुपए संवितरित किए हैं जिनका प्रयोग महिलाओं, सीमांत किसानों, छोटे कारीगरों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों तथा अल्पसंख्यकों हेतु आवासी इकाईयों के निर्माण में किया गया है। ग्रामीण बाजार में इन पहलों की सफलता ने इन कंपनियों को ग्रामीण बाजार क्षेत्र में अपने कार्यकलाप में सुधार करने हेतु प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव ने उन अनेक आवास वित्त कंपनियों को भी ग्रामीण आवास वित्त के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को तलाशने ओर अपनी भावी वृद्धि तथा विस्तार पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया है।

9.1.3 इसके अलावा ग्रामीण विकास निधि के लाभों में से एक लाभ आवास हेतु प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर निधियों की उपलब्धता है, जिसने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को आवास वित्तपोषण को ध्यान केंद्रित करने का प्रमुख क्षेत्र बनाने की ओर प्रोत्साहित किया है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक देश भर के ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्यरत है और वे ग्रामीण बाजार के गैर-तरीकों प्रति सुविज्ञ हैं, अतः वे अपने-अपने प्रचालन क्षेत्र में ग्रामीण वित्तपोषण का संवर्धन करने की दृष्टि से अनुकूल स्थिति में हैं। बैंक ने वर्ष 2009-10 के दौरान 6 नई क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अपने पुनर्वित्त ग्राहक के रूप में शामिल किया है। ग्रामीण आवास कोष के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से 184.96 करोड़ रुपए की राशि संवितरित की गई। देश भर के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को ग्रामीण आवास वित्तपोषण को एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में शुरू करने हेतु प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जो देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में आवास वित्त के संवर्धन में सहायक होंगे।

9.2 फोकस क्षेत्र (संकेन्द्रित क्षेत्र)

वर्ष 2009-10 के दौरान पुनर्वित्त के संवितरण में निम्न तथा मध्यम आय वर्ग के आवासों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। 15 लाख रुपए से कम के आवास ऋण से संबंधित पुनर्वित्त संवितरण कुल संवितरण के 57 प्रतिशत से अधिक या और 5 लाख रुपए से कम के आवास ऋण से संबंधित पुनर्वित्त का कुल संवितरण में 25 प्रतिशत से अधिक का योगदान था।

9.3 रा.आ.बैंक द्वारा इक्विटी भागीदारी

राष्ट्रीय आवास बैंक ने अपनी संवर्धनात्मक भूमिका के रूप में दो आवास वित्त कंपनियों में इक्विटी भागीदारी की है अर्थात सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड तथा महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, जो विशेष रूप से ग्रामीण तथा अर्धशहरी क्षेत्रों में आवास वित्त उपलब्ध कराने हेतु गठित एक कंपनी है। दिनांक 30.06.2010 की स्थिति के अनुसार इन दोनों आवास वित्त कंपनियों में इक्विटी का वापसी योग्य मूल्य 7.39 करोड़ रुपए है।

10. विनियमन एवं पर्यवेक्षण

बैंक तथा आवास वित्त कंपनियां भारत के आवास वित्त बाजार के प्रमुख पक्षकार है। बैंक जहां भारतीय रिजर्व बैंक के विनियमन एवं पर्यवेक्षण के अध्यधीन है, वहीं आवास वित्त कंपनियों का विनियमन एवं पर्यवेक्षण राष्ट्रीय आवाज बैंक की स्थापना से ही राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के प्रावधानों और उसके तहत समय-समय पर जारी निर्देशों एवं दिशानिर्देशों द्वारा किया जाता है। विनियमन उपायों में विवेक सम्मत मानदंड, पारदर्शी तथा मानकीकृत लेखांकन एवं

प्रकटीकरण नीतियां, उचित आचार संहिता, परिसंपत्ति देयता प्रबंधन एवं जोखिम प्रबंधन पद्धतियां शामिल हैं। ये उपाय इस क्षेत्र का विकास स्वस्थ एक सततधारणीय आधार पर करने में सहायक सिद्ध हुए हैं।

10.1 आवास वित्त कंपनियों का पंजीकरण/निरसन

10.1.1 आवास वित्त का व्यवसाय शुरू करने इच्छुक कंपनियों को राष्ट्रीय आवास बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त करना अपेक्षित है। यह प्रमाणपत्र बैंक द्वारा इस बात से संतुट होने पर प्रदान किया जाता है कि आवेदक कंपनी द्वारा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 में ऐसे प्रमाणपत्र हेतु निर्धारित शर्तों का अनुपालन किया गया है। पंजीकरण का जारी रहना कंपनी द्वारा उन शर्तों के अनुपालन पर निर्भर होता है, जिनके अध्यधीन प्रमाणपत्र दिया जाता है और कंपनी द्वारा अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अधीन जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुपालन पर निर्भर होता है।

10.1.2 वर्ष के दौरान 10 नई आवास वित्त कंपनियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। दिनांक 30 जून, 2010 की स्थिति के अनुसार रा.आ.बैंक के पास पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों की कुल संख्या 52 भी, जिसमें से 32 कंपनियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र जनता से जमा राशि स्वीकार करने की अनुमति के बिना प्रदान किए गए हैं।

10.1.3 वर्ष के दौरान बैंक द्वारा लोक सेवा हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्रमाणपत्र दिनांक 31 मार्च, 2008 तक अपेक्षित 2.00 करोड़ रुपए का एनओएफ हासिल न किए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया। राजीव गांधी रूरल हाऊसिंग फाइनेंस नामक एक कंपनी ने अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पित कर दिया है क्योंकि कंपनी ने सूचित किया है कि वह आवास वित्त का व्यवसाय नहीं कर रही है।

10.2 आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) दिशा निर्देश, 2001 का अद्यतन संस्करण

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम 1987 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ने आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक)दिशा निर्देश, 2001 नामक दिशा निर्देश जारी किए थे। इन दिशा निर्देशों में आवास वित्त कंपनियों द्वारा जमाराशियां स्वीकार करने संबंधी कार्यकलाप, पूंजी पर्याप्तता से संबंधित विवेकसम्मत मानदंड, परिसंपत्ति वर्गीकरण, ऋण का केंद्रीकरण, आय मान्यता बट्टे खाते डाले जाने योग्य तथा संदिग्ध ऋणों हेतु प्रावधान आदि शामिल है। इन दिशा निर्देशों में समय-समय पर संशोधन किए जाते हैं।

10.2.2 आवास वित्त कंपनियां (रा.आ.बैंक) दिशा निर्देश सर्वप्रथम वर्ष 1989 में जारी किए गए थे। दिनांक 29 मई, 2000 तक इन निर्देशों में 12 संशोधन किए गए थे। बैंक ने आवास वित्त कंपनियां (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2001 नामक निर्देश संशोधित एवं समेकित इन्हें दिनांक 29 सितम्बर, 2001 को जारी किया था। तब से लेकर मई 2010 तक इन निर्देशों में 30 और संशोधन किए जा चुके हैं।

10.2.3 इस तथ्य के मद्देनज़र कि आवास वित्त कंपनियां (रा.आ.बैंक) निर्देश 2001 में आज की तारीख तक 30 संशोधन किए जा चुके हैं, बैंक द्वारा जारी सभी संशोधनों को समेकित किया गया और संशोधित आवास वित्त कंपनियां (रा.आ.बैंक) दिशा निर्देश, 2001 जारी किए गए और इन्हें भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित कराया जा रहा है।

10.3 आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण

10.3.1 रा.आ.बैंक द्वारा आवास-वित्त कंपनियों के कार्यचालन का पर्यवेक्षण मौके पर जाकर निरीक्षण बाजार आसूचना तथा ऑफ साइट निगरानी के माध्यम से किया जाता है, जिसके लिए आवधिक विवरणियां निर्धारित की गई हैं।

10.3.2 वर्ष के दौरान बैंक ने 50 आवास वित्त कंपनियों का निरीक्षण किया था, जिनमें से अधिनियम के उपबंधों एवं उनके अंतर्गत जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 41 विनियामक निरीक्षण तथा नई कंपनियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र स्वीकृत करने के संबंध में 9 निरीक्षण किए गए थे। आवास वित्त कंपनियों द्वारा त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक एक वार्षिक आधार पर प्रस्तुत विवरणियों की बारीकी से निगरानी भी की गई।

10.3.3 बैंक ने दिनांक 01 मई, 2007 के अपने परिपत्र द्वारा आवास वित्त का व्यवसाय करने वाली आवास वित्त कंपनी हेतु दिनांक 31 मार्च, 2008 तक 2 करोड़ रुपए की न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधि निर्दिष्ट की है। दिनांक 30 जून, 2010 की स्थिति के अनुसार 2 कंपनियों की निवल स्वाधिकृत निधि 2 करोड़ रुपए से कम थी।

10.4 आवास वित्त कंपनियों द्वारा विदेशों से उधार लेना

10.4.1 भारतीय रिजर्व बैंक ने माह नवम्बर, 2008 में आवास वित्त कंपनियों को विदेशों से विदेशी वाणिज्यिक ऋण (ईसीबी) पद्धति से उधार लेने की अनुमति प्रदान की थी। इस नीति में आवास वित्त कंपनियों को परिपत्र में निर्धारित शर्तों को पूरा करने की शर्त पर अधिकतम

अपनी निवल स्वाधिकृत निधि के 50 प्रतिशत से अनधिक राशि अथवा 10 मिलियन अमरीकी डालर (अथवा इसके समतुल्य) जो भी अधिक हो, उधार लेने की अनुमति प्रदान की गई थी। इस योजना के अंतर्गत आवास वित्त कंपनियों द्वारा सीमित निधियों का संग्रहण किया गया।

10.4.2 भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 3 फरवरी, 2010 के अपने परिपत्र द्वारा आवास वित्त कंपनियों को दी गई लघु अवधि ऋण की सुविधा वापस ले ली थी।

10.5 अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) दिशानिर्देश एवं काले धन को वैध बनाने से रोकने संबंधी उपाय

रा.आ. बैंक द्वारा आ. वि. कंपनियों तथा भारत के वित्तीय सस्थानों के प्रमुख अधिकारियों के बीच पारस्परिक संवाद सत्र का आयोजन

10.5.1 वर्ष के दौरान राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा भारी नकदी तथा संदिग्ध लेन-देन की सूचना भारतीय वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू-आईएनडी) को दिए जाने सहित काले धन को वैध बनाने से रोकने संबंधी अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के अंतर्गत आवास वित्त कंपनियों की वचनबद्धताओं पर बल दिया गया। रा.आ.बैंक इस संबंध में पीएमएमए के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के एफआईयू-आईएनडी के साथ निरंतर समन्वय कर रहा है। पीएलएलए के क्षेत्र के महत्व एवं घटनाक्रम के बारे में पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों को जागरूक बनाने हेतु वर्श के दौरान रा.आ.बैंक द्वारा दिल्ली, मुंबई तथा चैन्नई में तीन पारस्परिक संवाद सत्रों का आयोजन किया गया।

10.5.2 एफआईयू-आईएनडी के अधिकारियों ने सत्रों को संबोधित किया ओर संदिग्ध लेन-देन की निगरानी करने एवं उन्हें रोकने हेतु आवास वित्त कंपनियों द्वारा संरचनात्मक तंत्र तैयार करने की जरूरत पर बल दिया।

10.6 अन्य नियामक प्राधिकारियों के साथ समन्वय

10.6.1 राष्ट्रीय आवास बैंक ने राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की बैठकों के माध्यम से अन्य विनियामक प्राधिकारियों के साथ समन्वय प्रक्रिया को जारी रखा। ये बैठकें भारतीय रिजर्व बैंक, पुलिस विभाग, राज्य सरकार के गृह, वित्त, कानून मंत्रालय/विभाग आर्थिक अपराध स्कंध कंपनी पंजीयक, कंपनी लॉ बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा राज्य/क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित की गई थीं। वर्ष 2009-10 के दौरान राष्ट्रीय आवास बैंक ने केरल, गुवाहाटी, महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, तमिलनाडु, बिहार, दिल्ली तथा पश्चिम बंगाल के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठकों में भाग लिया।

10.6.2 नई पंजीकृत/समावेशित कंपनियों की सूची तैयार करने, नाम में परिवर्तन, निष्क्रिय अथवा परिसमाप्त आवास वित्त कंपनियों के बारे में पूर्ण विवरण प्राप्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आवास बैंक ने कंपनी पंजीयक (आरओसी) से ऐसी सभी आवास वित्त कंपनियों की सूची अग्रेाति करने का अनुरोध किया था। इसके अलावा राष्ट्रीय आवास बैंक ने कंपनी पंजीयक के कार्यालय से ऐसी सभी कंपनियों जिनके नाम के साथ ''आवास'' अथवा ''आवास वित्त'' जुड़ा है, के संगठन ज्ञापन की जांच करने तथा उनके नाम, पते तथा निदेशकों का ब्यौरा आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित करने का भी अनुरोध किया था।

10.6.3 कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने कारपोरेट कार्य मंत्रालय परियोजना शुरू की है जिसमें कंपनियों के बारे में पूर्ण ब्यौरा/सूचना उपलब्ध है। आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) की सम्यक तत्परता संचालित करने और कपटपूर्ण कार्यों में लिप्त आवास वित्त कंपनियों की निगरानी हेतु बैंक ने मंत्रालय से एमसीए-21 वेबसाइट सुलभ कराने का अनुरोध किया है। मंत्रालय बैंक को कार्यालयीन कार्य हेतु एमसीए-21 वेबसाइट तक मुक्त पहुंच प्रदान करने हेतु सिद्धांततः सहमत है।

11. स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना

स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना (जीजेआरएचएफएस) वर्ष 1997 में अपनी शुरूआत से ही ग्रामीण आवास क्षेत्र की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने हेतु प्रचालनरत है। इस योजना का उद्देश्य आवास वित्त सुलभ कराना है ताकि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाला कोई भी व्यक्ति एक अदद मकान बना सके अथवा अपनी मौजूदा आवासीय इकाई का विस्तार कर सके।

यह योजना अपने प्रयास में सफल रही है जो इस बात से स्पट है कि वर्ष 1997 में इस योजना की शुरूआत से 28 लाख से अधिक आवासीय इकाइयों को वित्तपोषित किया जा चुका है। यह विभिन्न प्राथमिक ऋण प्रदाय संस्थानों अर्थात आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) तथा सहकारी क्षेत्र के संस्थानों द्वारा कार्यान्वित की जाती है। राष्ट्रीय आवास बैंक इस योजना हेतु निगरानी एजेंसी है।

11.1 वर्ष 2009-10 के दौरान कार्य निष्पादन

वर्ष 2009-10 के दौरान इस योजना के अंतर्गत आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा 3,50,000 यूनिटों के लक्ष्य की तुलना में कुल 3,87,792 इकाइयों को वित्तपोषित किया गया ओर इस प्रकार 100 प्रतिशत से भी अधिक (लगभग 111 प्रतिशत) उपलब्ध हासिल की गई। इस योजना के अंतर्गत विगत दो वर्षों के दौरान एचएफसी तथा पीएसबी के कार्यनिष्पादन का समेकित ब्यौरो नीचे दिया गया है :-

(आवासीय इकाइयों की संख्या)

संस्थान	लक्ष्य		उपलब्धि		प्रतिशत उपलब्धि	
	2008-09	**2009-10**	**2008-09**	**2009-10**	**2008-09**	**2009-10**
एचएफसी (आ.वि.कं)	78,300	87,500	49,925	78,207	64	89
पीएसबी (मु.अनु.बैंक)	2,71,700	2,62,500	2,08,340	3,09,585	77	118
कुल	**3,50,000**	**3,50,000**	**2,58,265**	**3,87,792**	**74**	**111**



2008-09



2009-10



स्वर्णजंयती ग्रामीण आवास वित्त योजना

11.2 योजना के अंतर्गत संचयी निष्पादन

उपलब्धियों को देखते हुए योजना की शुरूआत से ही

(आवासीय इकाइयों की संख्या)

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि	संवितरित राशि (करोड़ रुपए)
1997-1998	50,000	51,272	-
1998-1999	1,00,000	1,25,731	-
1999-2000	1,25,000	1,41,363	-
2000-2001	1,50,000	1,58,426	-
2001-2002	1,75,000	1,87,268	3246.03
2002-2003	2,25,000	1,78,200	3816.34
2003-2004	2,50,000	2,43,753	6353.82
2004-2005	2,50,000	2,58,562	6440.95
2005-2006	2,75,000	2,98,651	8367.86
2006-2007	3,30,000	2,98,426	7664.58
200-2008	3,50,000	2,71,537	8844.81
2008-2009	3,50,000	2,58,265	10337.88
2009-2010	3,50,000	3,87,792	15,565.24
कुल	**29,80,000**	**28,59,246**	



स्वर्णजंयती ग्रामीण आवास वित्त योजना

12. आवास व्यष्टि (सूक्ष्म) वित्त

12.1 बैंक ने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू किए जाने हेतु प्रस्तावित विभिन्न हस्तक्षेपों में आवास व्यष्टि वित्त (एचएमएफ) को एक महत्वपूर्ण भूमिका के निर्वाह हेतु अभिज्ञात किया है। पिछले कुछेक वर्षों के दौरान व्यष्टि वित्त क्षेत्र भारत तथा विदेशों के व्यष्टि वित्त नेतृत्व के सबसे बड़े संगठन के रूप में उभर कर आया है। व्यष्टि वित्त संस्थान गरीब लोगों को विशेष रूप से गरीब महिलाओं को धीरे-धीरे औपचारिक वित्तीय प्रणाली में समाहित कर रहे हैं और उन्हें ऋण उपलब्ध कराने और गरीबी से लड़ने में समर्थ बना रहे हैं।

राष्ट्रीय आवास बैंक ने अपने एचएमएफ मंच के माध्यम से गरीब लोगों, जो देश के विभिन्न भागों में स्वसहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़े हुए है, के लिए सततधारणीय आवास वित्त कार्यक्रमों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। एचएमएफ हेतु कारगर मध्यस्थों के रूप में एमएफआई/एनजीओ के महत्व को ध्यान में रखते हुए और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के अल्प आय वर्गों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से रा.आ.बैंक ने एमएफआई/एनजीओ को दीर्घावधिक वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा तकनीकी मदद करने के लिए उनके साथ मिलकर कार्य करने हेतु अनेक पहलें शुरू की हैं। रा.आ.बैंक के एचएमएफ कार्यक्रम के लाभानुभोगियों में किसान, घरेलू नौकरियां, छोटे व्यापारी, कारीगर, डेयरी कामगार, एवं अन्य आय वर्ग के परिवार शामिल हैं। इन लाभानुभोगियों में से 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। लाभानुभोगियों की अनुमानित आय 3,000 रुपए से 7,000 रुपए प्रति माह है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत व्यष्टि वित्त संस्थानों द्वारा स्वसहायता समूहों (एसएचजी) अथवा संयुक्त आस्ति समूह (आईएलजी) के सदस्यों को नए मकान के निर्माण अथवा नवीकरण/ मौजूदा मकान की मरम्मत हेतु आवास ऋण प्रदान किए जाते हैं। आवश्यक पेय जल एवं स्वच्छता सुविधायुक्त नई शेड सभी आवास परियोजनाओं के अभिन्न अंग होते हैं। कार्यक्रम की वहनीयता एवं सतत धारणीयता की दृष्टि से 50,000 रुपए के अधिकतम ऋण संघटकयुक्त वृद्धिशील आवास (मरम्मत/नवीकरण) का महत्व भी उल्लेखनीय है। ऋण को अधिकतम 10 वर्ष की अवधि के भीतर चुकाना होता है।

जून,2010 के अंत तक बैंक ने संचयी रूप से 23 एजेंसियों को 83.92 करोड़ रुपए की एचएमएफ सहायता संस्वीकृत की है। इन परियोजनाओं के माध्यम से 16207 आवासीय ईकाईयों का निर्माण/नवीकरण किया जाएगा जिनमें से 9918 आवासीय यूनिटें शहरी क्षेत्रों में तथा 6289 आवासीय यूनिटें ग्रामीण क्षेत्रों में होंगी। परियोजनाएं आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उड़ीसा, गुजरात, केरल, असम और उत्तर प्रदेश जैसे विभिन्न राज्यों में फैली हुई है।

12.2 परियोजना के कार्यान्वयन की सम्यक तत्परता एवं निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक ने आवास

आवास व्यष्टि (सूक्ष्म) वित्त के अधीन की आसाम में मकान का जीर्णोद्धार

व्यष्टि वित्त प्रस्तावों के आकलन एवं मूल्यांकन हेतु एक रेटिंग तंत्र तैयार किया है। इस आंतरिक ऋण रेटिंग मॉडल को एम-क्रिल ने विकसित किया है और यह रा.आ.बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित है। आज की तारीख तक उपर्युक्त रेटिंग मॉडल के आधार पर बारह व्यष्टि वित्त संस्थानों की रेटिंग की गई है।

राष्ट्रीय आवास बैंक बैंगलोर में आवास व्यष्टि (सूक्ष्म) वित्त पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

12.3 आवास वित्त से संबंधित पहलुओं के बारे में व्यष्टि वित्त संस्थानों का क्षमता निर्माण सुनिश्चित करना भी बैंक का प्रयास रहता आया है। वर्ष के दौरान व्यष्टि वित्त संस्थानों के लगभग 70 कार्मिकों को इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

12.4 सार्वजनिक-निजी भागीदारी

12.4.1 सभी क्षेत्रों में सेवाओं की सुपुर्दगी हेतु सार्वजनिक निजी भागीदारी पद्धति एक कार्यक्षम पद्धति के रूप में उभर कर आई है। परियोजना वित्त ऋण नीति के उद्देश्यों के अनुसार बैंक गरीब लोगों के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से अल्प आय आवास उपलब्ध कराने का प्रयास करता है।

कोलकाता में आर्थिक कमजोर वर्ग/निम्न आय वर्ग के लिए सामूहिक आवास – योजना फेज़–1

12.4.2 बैंक ने बंगाल शापूरजी हाऊसिंग डेवलपमेंट (प्राइवेट) लिमिटेड (बीएसएचडीपीएल) को 225 करोड़ रुपए का आवधिक ऋण स्वीकृत किया था। इस परियोजना का उद्देश्य पश्चिम बंगाल सार्वजनिक निजी भागीदारी पद्धति के अंतर्गत एक्शन एरिया-III, न्यू टाऊन, कोलकाता में एक सामूहिक आवास परियोजना का निर्माण करना है।

12.4.3 यह परियोजना अल्प आय वाली परिवारों को सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से सामूहिक आवास उपलब्ध कराने के संबंध में सरकार द्वारा की गई पहल का एक भाग है। इस परियोजना का उद्देश्य अल्प तथा मध्यम आय वर्ग हेतु 60:40 के अनुपात में 20,000 इकाइयों अर्थात 1200 एलआईजी फ्लैट तथा 800 एमआईजी फ्लैटों का निर्माण करना एवं निवासियों हेतु भौतिक तथा सामाजिक सुविधाएं प्रदान करना है। बैंक ने आज की तारीख तक बीएचएचडीपीएल को 20 करोड़ रुपए की राशि निर्गत की है। लगभग 1556 एलआईजी फ्लैटों का निर्माण किया गया है और इन्हें सफल आवेदकों को आवंटित भी कर दिया गया है।

12.5 **तमिलनाडु में शिवगंगा तथा पुड्डुकोटाई जिलों में आवास संबंधी अध्ययन**

12.5.1 बैंक ने रूरल एम्पावर्स सोशल सर्विस आर्गनाइजेशन (रेसो) को आवास आवश्यकताओं एवं आवास वित्त हेतु भावी बाजार का अनुमान लगाने तथा अनुदान एवं ऋण प्रदान करने वाले मौजूदा संस्थागत तंत्र का आकलन करने हेतु एक अध्ययन करने का दायित्व सौंपा था ताकि तमिलनाडु के शिवगंगा तथा पुड्डुकोट्टाई जिलों में आवास वित्त के सरणीयन हेतु संस्तुतियां की जा सकें। यह अध्ययन पूरा हो चुका है और रेसो ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

12.5.2 तमिलनाडु में आवास की वर्तमान स्थिति और शिवगंगा तथा पुड्डुकोट्टाई जिले में आवास की कमी, आवास की स्थिति, विभिन्न आवास योजनाओं के आकलन एवं कार्य निष्पादन, इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत आवंटन हेतु अपनाई गई प्रक्रिया बैंक ऋण प्रक्रियाओं नकद राशि की स्वीकृति आदि के संबंध में इस अध्ययन में सांख्यिकीय ब्यौरे सहित व्यापक ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है। आवास हेतु ऋण प्रदान करने वाले संस्थानों, दोनों जिलों में अनौपचारिक ऋण प्रदाय प्रणाली, ऋण देने वाले संस्थानों के निष्पादन, ऋणग्रस्तता तथा ऋणग्राहियों की ऋण चुकाने की क्षमता के आकलन तथा दोनों जिलों में संभावित हस्तक्षेपों से संबंधित संस्तुतियों को भी इस अध्ययन में शामिल किया गया है।

13. व्यावसायिक नियोजन एवं संवर्धन कार्यकलाप

13.1 शिकायत निवारण तंत्र

13.1.1 ग्राहकों की शिकायतों एवं आवास वित्त कंपनियों के विरूद्ध की गई शिकायतों का तत्परतापूर्वक निपटान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आवास बैंक के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में एक शिकायत प्रकोष्ठ कार्यरत है। जनता से आवास वित्त कंपनियों के विरूद्ध की गई शिकयतों के निपटान में शिकायत प्रकोष्ठ की भूमिका का पूरा ब्यौरा रा.आ.बैंक की वेबसाइट पर नियमित रूप से प्रदर्शित किया जाता है।

13.1.2 बैंक प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के केंद्रीयकृत शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) की भी सदस्य है जिसका उद्देश्य नागरिकों को अपनी शिकायतों के निवारण हेतु एक मंच उपलब्ध कराना है। रा.आ.बैंक से संबंधित लोक शिकायत (पीजी) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की निगरानी नियमित रूप से की जाती है और उनका निवारण तत्परता से किया जाता है।

13.1.3 समीक्षाधीन वर्ष 2009-10 के दौरान बैंक को कुल 341 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 311 शिकायतों का निपटान किया जा चुका है ओर शेा शिकायतों के शीघ्र निपटारे हेतु संबंधित आवास वित्त कंपनियों की निगरनी की जा रही है।

13.2 आवास वित्त कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और चुनिंदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक

13.2.1 राष्ट्रीय आवास बैंक ने इस क्षेत्र से संबंधित घटनाक्रम की समीक्षा करने एवं रा.आ.बैंक की विभिन्न पहलों की जानकारी देने एवं ऋण देने वाले संस्थानों की जरूरतों को समझने के उद्देश्य से की दो बैठकें आयोजित की थीं।

13.2.2 विचाराधीन वर्ष के दौरान राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और चुनिंदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों की दो बैठकें नई दिल्ली में आयोजित की थी। इन बैठकों में इस क्षेत्र से जुड़े मुद्दों एवं पारस्परिक हित के विषयों जैसे ग्रामीण आवास अर्थात स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना एवं ग्रामीण आवास को, वहनीय आवास, रिवर्स मॉर्टगेज ऋण - एन्युइटी उत्पाद, गरीबों हेतु आवास एवं आवास वित्त, शहरी गरीबों के आवास हेतु ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएचयूपी), प्रस्तावित 1 प्रतिशत ब्याज छूट योजना एवं अन्य अनुसंधान एवं विकास कार्यकलापों पर विचार-विमर्श किया गया। इन बैठकों में स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अंतर्गत आवास वित्त कंपनियों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा भी की गई।

13.2.3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा ग्रामीण आवास के क्षेत्र में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष सत्रों का आयोजन भी किया गया था। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका तथा ग्रामीण आवास क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण में उनके सेवा प्रदाय तंत्र को मान्यता देते हुए उसकी सराहना की गई।

13.3 विश्व पर्यावास दिवस 2009

13.1 संयुक्त राष्ट्र ने विचार–विमर्श हेतु प्रत्येक वर्ष अक्टूबर माह के प्रथम सोमवार को विश्व पर्यावास दिवस'' के रूप में नियत किया है। इस आयोजन के अन्तर्गत मानव आवास की स्थिति एवं सबके लिए पर्याप्त आश्रम के मूलभूत अधिकार तथा विश्व को मानव पर्यावास के भविष्य के प्रति उसके सामूहिक उत्तरदायित्व के प्रति सचेत करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। आवास एवं पर्यावास तथा मानव आवास से संबंधित विभिन्न एजेन्सियों/संस्थानों द्वारा आयोजित अनेक समारोहों के माध्यम से प्रत्येक–वर्ष यह दिवस विश्वभर में मनाया जाता है। भारत सरकार के आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा विश्व पर्यावास दिवस 2009 के अवसर पर दिनांक 5 अक्टूबर 2009 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में एक समारोह का आयोजन किया गया था।

13.3.2 माननीय आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्री कुमारी शैलजा समारोह की मुख्य अतिथि थीं। राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आयोजित विश्व पर्यावास दिवस 2008 से संबंधित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को मंत्री महोदया के कर कमलों से पुरस्कार वितरित किए गए। इस समारोह में राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा प्रकाशित पुस्तिका ''पुरस्कार से सम्मानित निबंध''जिसमें विगत वर्षों में पुरस्कृत उत्कृष्ट निबंधों का संकलन प्रस्तुत किया गया है, का विमोचन भी किया गया।

13.3.3 इस वर्ष विश्व पर्यावास दिवस दिनांक 5 अक्टूबर 2009 को मनाया गया जिसका विषय था ''हमारे शहरों का भावी नियोजन''। विश्व पर्यावास दिवस समारोह, 2009 के अंतर्गत राष्ट्रीय आवास बैंक ने अन्य बातों के अलावा आवास वित्त कंपनियों (HFL), बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI), एवं अखिल भारतीय स्तर की वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों हेतु एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। विश्व पर्यावरण दिवस, 2009 के विषय अर्थात ''हमारे शहरों का भावी नियोजन'' को ध्यान में रखते हुए निबंध प्रतियोगिता हेतु निम्नलिखित तीन विषय चुने गए थेः–

क. सततधारणीय शहरी विकास की दिशा में आवास एवं आवास वित्त

ख. सामाजिक रूपांतरण की दिशा में शहरी विकास

ग. भारत में ऊर्जा सक्षम आवास की गुंजाइश एवं संभावना

13.3.4 कोई भी भागीदार तीनों विषयों में से किसी एक पर हिंदी अथवा अंग्रेजी में एक निबंध प्रस्तुत कर सकता था। इसमें सबसे बड़े तीन पुरस्कार थे और इनके बाद एक सांत्वना पुरस्कार भी था। निबंध प्रतियोगिता के प्रति अभिभूतकारी प्रतिक्रिया हुई थी और सारे देश से व्यापक भागीदारी के साथ प्रतियोगियों ने अपने विचार और सुझाव अपने निबंध के माध्यम से रखे थे जो बहुत ही प्रोत्साहित करने वाले थे और अच्छे ढंग से प्रस्तुत किए गए थे। प्रतियोगिता के विजेताओं को विश्व पर्यावास दिवस, 2010 के समारोह में, जो दिनांक 04.10.2010 को आयोजित किया गया था, में पुरस्कृत किया गया था।

13.3.5 निबंध प्रतियोगिता के अतिरिक्त, राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा पर्यावास प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनेक रोचक दौर चले जो मुख्यतः पहयान एवं शहर और जलवायु तथा मानवता पर संकेन्द्रित थी। इस प्रश्नोत्तरी में भारत पर्यावास केन्द्र स्थित संस्थानों एवं उनमें कार्यरत अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया था। प्रश्नोत्तरी के अंत में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थानों के लिए क्रमश : 20,000/–, 10,000/–एवं 5,000/–रूपए का नकद पुरस्कार दिया था।

13.4 जोखिम प्रबंधन

13.4.1 बैंक की जोखिम की निगरानी हेतु बैंक ने अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणाली स्थापित की है। इस प्रयोजनार्थ बैंक ने निम्नलिखित समितियों का गठन किया है:–

(i) परिसम्पत्ति देयता प्रबंध समिति (ALCO) जो बैंक की बाजार जोखिमों की निगरानी करती है।

(ii) ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (CRML) जो बैंक की ऋण जोखिम की निगरानी करती है।

(iii) प्रचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति, जो बैंक की प्रचालनात्मक जोखिम की निगरानी करती है।

13.4.2 बैंक के निदेशक मण्डल द्वारा नियुक्त एक जोखिम प्रबंधन सलाहकार समिति (RMAC) है जिसमें तीन सदस्य हैं, जो बैंकिंग एवं वित्त से संबंधित मामलों के विशेषज्ञ हैं। वर्ष 2009–10 के दौरान इस समिति की चार बैठकें आयोजित की गई, जिसमें जोखिम के उपर्युक्त तीन क्षेत्रों के संबंध में बैंक की जोखिम प्रबंधन नीतियों एवं कार्यों की समीक्षा की गई।

14. क्षमता निर्माण

14.1 आवास वित्त क्षेत्र में क्षमता निर्माण के उपाय के तौर पर बैंक द्वारा इस क्षेत्र के कार्मिकों हेतु आवास वित्त से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न प्राथमिक ऋण प्रदाप संस्थानों जैसे आवास वित्त कंपनियों, बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा व्यष्टि वित्त संस्थानों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

14.2 इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आवास वित्त से संबंधित अभिमुखीकरण कार्यक्रम के अलावा आवास वित्त से जुडे कानूनी मुद्दों, ग्रामीण आवास वित्त एवं आवास वित्त कंपनियों हेतु विनियामक ढांचे से संबंधित विषय शामिल किए गए थे। राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा ''धोखाधड़ी की रोकथाम'' तथा ''केवाईसी दिशा–निर्देश एवं उचित आचार संहिता'' जिन पर देश के वित्तीय क्षेत्र का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है, जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशिष्ट कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा व्यष्टि वित्त संस्थानों हेतु विशिष्ट क्षमता निर्माण पहल के रूप में बैंक द्वारा पांच विशिष्ट कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

14.3 उपर्युक्त कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रतिभागियों को औपचारिक आवास वित्त प्रणाली के तौर तरीकों से अवगत कराना है ताकि वे कारगर एवं युक्तियुक्त तरीके से कार्यजीनिक एवं प्रचालानात्मक पहलुओं को आत्मसार कर सकें। इसमें प्रयुक्त विधि का कार्यनीतिक दृष्टिकोण विचार–विमर्श उन्मुख एवं विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं द्वारा विषय विशेष से जुडे मुद्दों पर ज्ञान एवं सूचना आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना हैं इन कार्यक्रमों में आमंत्रित व्याख्यानाओं में संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञता प्राप्त व्यक्तियों, नीति निर्माताओं सहित इस क्षेत्र के विशेषज्ञों एवं भारतीय रिजर्व बैंक, भारत सरकार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों आवास वित्त संस्थानों एवं अन्य प्रतिष्ठित अकादमियों एवं अनुसंधान संस्थानों के व्यक्तियों एवं रा.आ.बैंक के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था।

14.4 सहभागिता के व्यापक भौगोलिक कवरेज हेतु इन कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। वर्ष के दौरान चंडीगढ़, तिरूचिरापल्ली, नई दिल्ली, मुम्बई, रांची, कडप्पा एवं शिमला, हैदराबाद तथा बंगलौर में इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

15. कारपोरेट (निगम) संचार

15.1 बैंक के कारपोरेट संचार प्रकोष्ठ ने बैंक के कार्यों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़कर ब्राण्ड जागरूकता एवं ब्राण्ड दृश्यता में वृद्धि करने पर ध्यान केन्द्रित किया।

क्षेत्रीय पभिकाओं में गयी विज्ञापनों से बैंक को लोगों के बीच अपना आधार व्यापक बनाने में सहायता प्राप्त हुई। कारपोरेट विज्ञापन जारी किए गए जिनसे बैंक की ब्राण्ड छवि निर्मित की गई। आवास वित्त क्षेत्र से संबंधित योजनाओं और पहलों के बारे में राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय प्रचार माध्यमों में समय–समय पर बैंक का उल्लेख किया गया। बैंक द्वारा आयोजित समारोहों के माध्यम से अपने सम्बध संस्थानों के बीच बैंक की कारपोरेट उपस्थिति महसूस कराई गई।

16. आवासीय मॉर्टगेज समर्थित प्रतिभूतिकरण

16.1 आवासीय मॉर्टगेज समर्पित प्रतिभूतिकरण

राष्ट्रीय आवास बैंक ने अब तक चौदह आवासीय मॉर्टगेज समर्पित प्रतिभूतिकरण लेनदेन निष्पादित किए हैं जिनमें स्वतंत्र आवास वित्त कंपनियों (HFL) के 38,309 अलग–अलग आवास ऋण तथा एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के 862.20 करोड़ रूपये के आवास ऋण शामिल हैं। आवासीय मॉर्टगेज समर्पित प्रतिभूतिकरण निर्गमों की सफलता इनके संबंध में कानूनी, विनियामक, भौतिक, लेखांकन तथा पूंजी बाजार के संबंध में अन्य मुद्दों की बेहतर समझ का होना है और इन निर्गयों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने हेतु अन्य अनेक साल नीतियों का होना भी है राष्ट्रीय आवास बैंक की आवासीय मॉर्टगेज समर्पित प्रतिभूतियां जारी करने का ढ़ांचा राष्ट्रीय आवास बैंक संशोधन अधिनियम, 2000 (धारा 14 (ईए), 14 (ईबी), 14 (ईसी) तथा 18) तथा इनके तहत बैंक को प्रतिभूतिकृत कारोबर करने एवं मार्टगेज समर्पित प्रतिभूतियों को लाभकारी हित के न्यास प्रमाण पत्र देने और उन प्रतिभूतियों के धारकों के लिए न्यासी के रूप में कार्य करने हेतु प्राधिकृत किया गया है, के आधार पर तैयार किया गया है।

16.2 प्रतिभूतिकृत आवास ऋण के पूल का निष्पादन राष्ट्रीय आवास बैंक ने संबंधित प्रमोटरों को संवादाता एवं भुगतान एजेन्ट (एस एण्ड पी एजेन्ट) यह सुनिश्चित करने हेतु नियुक्त किया है कि प्रतिभूतिकृत ऋणों के प्रत्येक पूल के बारे में संग्रहित राशि को संबंधित पास थ्रू प्रमाण पत्र (पीटीसी) धारकों और सेवा प्रदाताओं मे वितरित किया गया। क्लास ए पीटीसी धारकों का लाभ वैसा ही बना हुआ है जो उन्हें जारी करते समय प्राप्त था।

16.3 आरएमबीएस पूलों का मोचन

आवासीय मॉर्टगेज समर्पित प्रतिभूतिकरण लेनदेनों में से एक के न्यास 'ए' पीटीसी का मोचन किया जा चुका है और विशेष प्रयोजन साधन न्यास को सफलतापूर्वक समापन कर दिया गया है।

17. नई पहलें

17.1 रिवर्स मार्टगेज ऋण (आरएमएल)

17.1.1 राष्ट्रीय आवास बैंक ने केवल मकान मालिक वरिष्ठ नागरिकों के लिए रिवर्स मार्टगेज ऋण योजना तैयार की। माननीय वित्त मंत्री द्वारा 28 फरवरी, 2007 को केन्द्रीय बजट अभिभाषण में की गई घोषणा के अनुसरणं में, रा.आ.बैंक ने आवास वित्त कंपनियों और बैंकों से विस्तृत विचार–विमर्श करने के उपरांत मई 2007 में रिवर्स मार्टगेज ऋण के लिए परिचालन संबंधी दिशानिर्देश अधिसूचित किये। इनके अतिरिक्त, रा.आ. बैंक ने एक सुप्रतिष्ठित विधिक संस्थान से परामर्श करके आवास वित्त कंपनियों और बैंकों द्वारा अपनी रिवर्स मार्टगेज ऋण योजना के लिए अपनाने हेतु ऋण दस्तावेजों के मॉडल फार्मेट तैयार किये और उन्हें परिचालित किया।

17.1.2 माननीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2008–09 के केन्द्रीय बजट के अपने भाषण में आय कर अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के बार में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। वे हैं :

(i) आयकर अधिनियम की धारा 47 की एक नई उप–धारा (xvi) जोड़ी गई है जिसके अनुसार रिवर्स मार्टगेज को ''हस्तांतरण'' नहीं माना जाएगा, और

(ii) आयकर अधिनियम की धारा 10 की एक नई उप–धारा (43) जोड़ी गई है जिसके अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित योजना के तहत रिवर्स मार्टगेज ऋण के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिक को मिलने वाले भुगतान को ''आय'' नहीं माना जाएगा, क्योंकि वे पूंजीगत आय की प्रकृति के होते हैं।

17.1.3 बजट में की गई घोषणा के अनुसार रिवर्स मॉर्टगेज योजना को भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाना अपेक्षित है ताकि कर लाभ प्राप्त हो सके। राष्ट्रीय आवास बैंक ने इस संबंध में एक प्रस्ताव भारत सरकार को अनुमोदन एवं अधिसूचना हेतु अग्रेषित कर दिया है।

17.2 रिवर्स मॉर्टगेज परामर्श केन्द्र

17.2.1 राष्ट्रीय आवास बैंक रिवर्स मॉर्टगेज ऋण (आर एकल) से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार कर रही है। वर्तमान कैलेण्डर वर्ष के दौरान संगोष्ठियों/कार्यशालाओं तथा पारस्परिक संवाद समों का आयोजन किया गया।

17.2.2 राष्ट्रीय आवास बैंक ने ''भागीदारी दृष्टिकोण'' अपनाते

हुए इस कार्यक्रम को कार्यन्वित करने हेतु वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु समर्पित प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठनों के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों हेतु रिवर्स मोर्टगेज ऋण परामर्श कार्यक्रम की शुरूआत की है। सात परामर्श केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जो नई दिल्ली (2), चंडीगढ़, हैदराबाद, चेन्नै, कोलकाता एवं बेंगलौर में स्थित है।

17.3 रिवर्स मोर्टगेज ऋण समर्थित एन्युइटी (आर एम एम ई ए) की शुरूआत

17.3.1 वर्ष 2007 में लागू की गई रिवर्स मोर्टगेज योजनायें निम्नलिखित सीमाएं थीं :–

अधिकतम भुगतान अवधि : बैंकों/आवास वित्त कंपनियों द्वारा वरिष्ठ नागारिकों को किया जा रहा मासिक भुगतान कम अधिकतम 50 वर्षों की अवधि तक सीमित था।

भुगतान सुनिश्चित नहीं : सम्पत्तियों की कीमतों में प्रतिकूल घट–बढ़ होने की स्थिति में बैंकों/आवास वित्त कंपनियों के पास वरिष्ठ नागरिक ऋणग्राहियों को अगले भुगतान समाप्त कर देने का विवेकाधिकार था। तथापि वरिष्ठ नागरिक बोर्ड भुगतान नहीं करेंगे और मकानों पर मकान के स्वामी के रूप में कब्जा धारण किए रह सकते हैं।

17.3.2 उपर्युक्त सीमाओं से निपटने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आवास बैंक ने एक विस्तारित रिवर्स मोर्टगेज ऋण योग्यता की अवधारणा विकसित की है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को जीवन पर्यन्त एन्युइटी भुगतान सुनिश्चित किया गया है। इस योजना में बैंकों/आवास वित्त कंपनियों द्वारा किसी जीवन बीमा कंपनी से वरिष्ठ नागरिकों हेतु जीवन पर्यन्त एन्युइटी प्राप्त की जानी परिकल्पि है। इसके अलावा इस योजना में विवाहित दम्पति अर्थात पति व पत्नी दोनों को अपने जीवन पर्यन्त आवधिक एन्युइटी भुगतान प्राप्त करते रहने के लिए संयुक्त ऋणग्राही बनने का विकल्प दिए जाने का प्रावधान है। अर्थात अंतिम जीवित ऋणग्राही का निधन होने तक भुगतान का क्रम जारी रखा जाएगा।

17.3.3 इस नई योजना की शुरूआत राष्ट्रीय आवास बैंक ने स्टार यूनियन डाई–ईची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (एसयूडी लाइफ) और सेन्ट्रल बैक ऑफ इंडिया के सहयोग से दिसम्बर, 2009 में की थी। एसयूडी इंडिया ने भारत में आरएमएल उत्पाद के एन्युइटी भाग को लागू करने हेतु बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लिया है। नए उत्पाद को अभी अन्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों एवं आवास वित्त कंपनियों द्वारा अन्य जीवन बीमा कंपनियों के सहयोग से कार्यान्वित किया जाना है।

17.3.4 प्रारम्भिक रिवर्स मोर्टगेज ऋण योजना (2007) की तुलना में इस नई योजना में उल्लेखित सुधार किया गया है। जबकि प्रारम्भिक योजना में ऋण संवितरण की अवधि की बीस वर्ष की निश्चित अवधि तक सीमित (19) गई थी। जो वरिष्ठ नागरिक ऋण ग्राहियों के सम्मुख अनिश्चितता उत्पन्न करना थी। नई स्कीम अब वरिष्ठ नागरिक ऋण ग्राहियों को सुनिश्चित जीवन पर्यन्त भुगतान की सुविधा प्रदान करेगी अर्थात बजट 2007–08 में की गई घोषणा के अनुसार 20 वर्ष की निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद थी। राष्ट्रीय आवास बैंक ने नई रिवर्स मोर्टगेज ऋण समर्थित उत्पाद हेतु प्रचालनात्मक दिशा–निर्देश भी तैयार कर लिए हैं।

18. सूचना प्रौद्योगिकी पहलें

18.1 सूचना प्रौद्योगिकी परियोजनाएं

18.1.1 दक्षिण एशिया आवास वित्त फोरम हेतु वेब पोर्टल: बैंक ने दक्षिण एशियाई तथा एशिया प्रशांत देशों के बीच उनकी आवास एवं आवास वित्त समाधान की तलाश हेतु ज्ञान के आदान–प्रदान एवं सूचना से संबंधित पोर्टल विकसित किया है। इस पोर्टल का शुभारंभ सेन्ट्रल बैंक ऑफ अफगानिस्तान के महामहीम

एशिया पैसफिक यूनियन फार हाउसिंग फाइनेंस की वेबसाइट www.apuhf.info, जो पहले www.sahf.info (साउथ एशिया हाउसिंग फाइनेंस फोरम की वेबसाइट) के नाम से जानी जाती थी

गवर्नर श्री अब्दुल कादिर फितरत ने नई दिल्ली में दिनांक 27–28 फरवरी, 2010 को आयोजित वहनीय आवास एवं आवास वित्त से संबंधित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान किया था।

18.12 सॉफ्टवेयर का आंतरिक विकास : यद्यपि, एसएपी सूचना के व्यापक एकीकरण उद्यम के लिए मूलभूत मंच बन रहा है, तथापि, यहां ऐसे क्षेत्र हैं, जहां विभिन्न विभाग अतिरिक्त कंप्यूटरगत सहायता चाहते हैं। बैंक ने 2009 एवं 2010 के दौरान अपने यहां निम्नलिखित सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग विकसित किए हैं :–

- **संसदीय प्रश्नों का प्रबंधन** : बैंक ने संसदीय प्रश्नों के वर्गीकरण के लिए एक वेब आधारित सॉफ्टवेयर की यथा आवश्यक उसकी पुनरावृत्ति विकसित की है। प्रबंधन सूचना प्रणालीगत रिपोर्टें भी इस प्रणाली के जरिए तैयार की जा रही है।

- **इैक्ट्रानिक टेलीफोन निर्देशिका प्रणाली** : कंप्यूटर के माध्यम से राष्ट्रीय आवास बैंक का सम्पर्क और उसका विवरण रखने के लिए एक वेब आधारित अनुप्रयोग विकसित किया गया है।

- **शहरी गरीबों के आवासार्थ ब्याजगत आर्थिक सहायता योजना के लिए कंप्यूटर के माध्यम से परिकलक** : भारत सरकार ने शहरी गरीबों के आवासार्थ ब्याजगत आर्थिक सहायता योजना के क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक को एक नोडल अभिकरणा के रूप मे नियुक्त किया है। इस नाते राष्ट्रीय आवास बैंक, चुनिंदा बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से ईशप (ISHUP) के लिए दावे प्राप्त करता है। दावों की जांच को सुविधाजनक बनाने के लिए आंतरिक वेब आधारित अनुप्रयोग विकसित किया गया है।

18.1.3 पुस्तकालयगत सूचना प्रणाली : बैंक ने अपने ज्ञान केन्द्र में पुस्तकालयगत सूचना प्रणाली (लिबसिस पैकेज) बैंक की पुस्तकालयगत प्रणाली के स्वचालन के लिए क्रियान्वित की है।

18.1.4 सामाजिक विज्ञान के लिए सांख्यिकीय पैकेज : यथा एसपीएसएस पैकेज के चुनिंदा मापांक रेजीडैक्स के आंकड़ों की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए बैंक द्वारा क्रियान्वित किया गया है। यह सॉफ्टवेयर बैंक की जरूरत के अनुसार, चार्टों, रेखाचित्रों और रिपोर्टों की बहुत सी किस्में पैदा करने के लिए भिन्न–भिन्न संस्थानों द्वारा दी गई राष्ट्रीय आवास बैंक के रेजीडैक्स संबंधी जानकारी की प्रक्रिया के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक के आवासीय मूल्य सूचकांक (रेजीडैक्स) कक्ष की सहायता करेगा।

18.1.5 आवासीय सूचना पोर्टल : सभी संभावित उपयोगकर्ताओं को एक एकल बिन्दु पर विश्वसनीय जानकारी प्रदान करने के लिए आवासीय सूचना पोर्टल 2007 में प्रारम्भ किया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य आवास और आवास वित्त से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में सूचना का निक्षेपागार बनाना है और प्रयोगकर्ताओं के एक व्यापक वर्ग की प्रसुविधा के लिए इसे आवासीय सूचना पोर्टल पर प्रकाशित करना है।

चरण–1 (क्रेताओं और विक्रेताओं के लिए) और चरण–2 (निवेशकों एवं व्यापारी भागीदारों के लिए), दोनों चरणों का विकास पूरा हो गया है। (अनुसंधानकर्ताओं एवं व्यावसायियों के लिए) मापांक–3 प्रारम्भ कर दिया गया है। मापांक–3 की विषय वस्तु के मूल्यांकन में प्रगति हो रही है और यह प्रत्याशा की जाती है कि पूरे मापांक–3 की विषय–वस्तु को 2010–11 तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

इस पोर्टल में उपयोगकर्ताओं के विभिन्न वर्गों के लिए व्यापक भू संपदागत विवरण (अर्थात् आवास वित्त, विधिक संपत्ति मूल्य सूचकांक इत्यादि) अंतर्विष्ट हैं। यह न केवल संपत्ति के संभावित क्रेताओं के लिए एक गवाक्ष के रूप में काम करेगा, अपितु, उनके लिए भी काम करेगा जो आवास वित्त कंपनी, भू सम्पदा परियोजना इत्यादि स्थापित कर रहे हैं।

18.2 सूचना प्रौद्योगिकीगत सुरक्षा

18.2.1 सूचना सुरक्षा उपायों का प्रवर्तन : बैंक की सूचना प्रौद्योगिकीगत सुरक्षा सूचना नीति में निर्धारित निर्देशों से संचालित होती है। सूचना सुरक्षा नीति हमारे बैंक के लिए सूचना सुरक्षा के क्रियान्वयन के प्रति निर्देश देती है।

सूचना सुरक्षा नीति के क्रियान्वयन की स्थिति का सत्यापन तीसरे पक्षकार सूचना सुरक्षा लेखापरीक्षक द्वारा उसके वार्षिक सूचना सुरक्षा लेखापरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किया जा रहा है। वर्ष 2009–10 के लिए सूचना सुरक्षा के लेखापरीक्षण अनुपालन का प्रमाण–पत्र भी लेखापरीक्षकगण जारी कर चुके हैं।

18.3 नई पहलें

18.3.1 सैप (एसएपी) द्विभाषिक : सैप (एसएपी) द्विभाषिक अंतरापृष्ठ के क्रियान्वयन के लिए परियोजना में प्रगति हो रही है। आशा की जाती है कि इस परियोजना का क्रियान्वयन जुलाई, 2010 तक पूरा हो जाएगा।

18.3.2 मल्टी–प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग (एमपीएलएस) संयोजकता : सारे बैंक में विश्वस्त, उच्च उपलब्धता और सुरक्षित संयोजकता स्थापित करने के लिए, राष्ट्रीय आवास बैंक ने एमपीएलएस संयोजकता स्थापित करने के लिए परियोजना प्रारम्भ की है। यह आशा की जाती है कि

यह परियोजना वर्ष 2010–11 के दौरान अगस्त, 2010 तक क्रियान्वित हो जाएगी। क्रियान्वयन के लिए अनुमानित समय सीमा 6 महीने है।

19. अनुसंधान कार्यकलाप

19.1 एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (यूएनईएससीएपी) तथा संयुक्त राष्ट्र मानव पुनर्वास कार्यक्रम (यूएन–हैबीटेट) के सहयोग में नई दिल्ली, भारत में गरीबोन्मुख आवास वित्त पर राष्ट्रीय कार्यशाला तथा क्षेत्रीय संगोष्ठी

19.1.1 गरीबोन्मुख आवास के लिए वित्त पोषण करने और उपाय तैयार करने के लिए जिनसे गरीबोन्मुख आवास वित्त की समस्या हल होगी, के मार्ग में आने वाली चुनौतियों को समझने के लिए, एशिया और प्रशान्त क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद ने राष्ट्रीय आवास बैंक, भारत और यूएन–हैबीटैट के साथ संयुक्त रूप से गरीबोन्मुख आवास वित्त पर क्षेत्रीय परियोजना कार्यान्वित करने की शुरूआत की। परियोजना में पांच देशों यथा थाइलैंड, इंडोनेशिया, मंगोलिया, श्रीलंका और भारत में आवास वित्त की वर्तमान स्थिति का विशलेषण करना और इन देशों में आवास वित्त के क्षेत्र में अपनाई जा रही नवीन पद्धतियों का तुलनात्मक अध्ययन करना शामिल है।

19.1.2 भारत में गरीबोन्मुख आवास वित्त पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन एशिया और प्रशान्त क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद और राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा संयुक्त रूप से 29 अक्टूबर, 2009 को नई दिल्ली में आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य गरीबोन्मुख आवास वित्त पोषण करने और आवास वित्त की स्थिति पर उस देश की रिपोर्ट। जिसमें भारत में गरीबोन्मुख आवास वित्तीय सहायता के प्रारूप की समीक्षा करके समझना और खाका तैयार करना है। इसके अतिरिक्त, चयनित पैनल सदस्यों और विशेषज्ञों के कोर ग्रुप की एक बैठक का आयोजन देश की रिपोर्ट के प्रारूप का मूल्यांकन करने के लिये 30 अक्टूबर, 2009 को राष्ट्रीय आवास बैंक में किया गया। अंतिम कंट्री रिपोर्ट का प्रारूप कोर ग्रुप से प्राप्त सुझाावों और सिफारिशों के आधार पर तैयार किया गया।

19.1.3 गरीबोन्मुख आवास वित्त पोषण पर एक क्षेत्रीय संगोष्ठी का आयोजन नई दिल्ली में 19.20 अप्रैल को किया गया। इस संगोष्ठी में थाइलैंड, जापान, बांग्लादेश, श्रीलंका, फिलीपीन्स, मंगोलिया तथा भारत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । इस क्षेत्रीय संगोष्ठी का निष्कर्ष नीचे बाक्स में दिया गया है:

नई दिल्ली, 19–20 अप्रैल, 2010 को गरीबोन्मुख आवास वित्त पर क्षेत्रीय संगोष्ठी

बाक्स 19.1

गरीबोन्मुख आवास वित्त पर क्षेत्रीय संगोष्ठी

क्षेत्रीय संगोष्ठी में क्षेत्र के विभिन्न देशों में गरीबोन्मुख आवास वित्त पोषण के बारे में विभिन्न चुनौतियों और नवीन उपायों पर विचार विमर्श किया गया। संगोष्ठी के दौरान गरीबोन्मुख आवास वित्त पोषण पर एक ड्राफ्ट कम्पेंडियम जारी किया गया। रा.आ.बैंक और जी.एच.बी. द्वारा तैयार गरीबोन्मुख आवास वित्त पोषण पर एक क्षेत्रीय नेटवर्क बनाने के बारे में एक संकल्पना नोट प्रतिभागियों में वितरित किया गया।

क्षेत्रीय नेटवर्क बनाने और परिचालन के लिए सुविधाओं से संबंधित संकल्पना नोट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस विचार–विमर्श के बाद, सदस्यों में से कार्यकारी ग्रुपों का गठन करने का निर्णय लिया गया जो नेटवर्क के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करेंगे, यह कार्य उन्हें अंतिम रूप देने और नेटवर्क औपचारिक रूप से लांच करने से पहले होगा।

19.2 साउथ एशिया हाउसिंग फाइनेंस फोरम (एसएचएफ) और वहनीय आवास और आवास वित्त पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

19.2.1 बैंक ने विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) के साथ मिलकर, नई दिल्ली में 27–28 जनवरी, 2010 को वहनीय आवास एवं आवास वित्त पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, ब्राजील, भारत, इंडोनेशिया, मालद्वीव, मारीशस, पाकिस्तान, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और थाईलैंड के अतिरिक्त आईएफसी, विश्व बैंक और विश्व बैंक संस्थान, वहनीय आवास

नई दिल्ली, 27–28 जनवरी, 2010 को वहनीय आवास एवं आवास वित्त पर सम्मेलन तथा दक्षिण एशिया आवास वित्त मंच की वेबसाइट का विमोचन

संस्थान, एडीबी, भारत सरकार–केन्द्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों, भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकों व आवास वित्त कंपनियों के प्रतिभागियों और वक्ताओं ने भाग लिया। सिविल सोसायटी संगठनों, शिक्षाविदों, अनुसंधानकर्ताओं और नीति निर्माताओं ने भी सम्मेलन में भाग लिया।

19.2.2 सम्मेलन से पहले साउथ एशिया हाउसिंग फाइनेंस फोरम (एसएचएफ फोरम) को लांच किया गया जो राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा विकसित ज्ञान हिस्सेदारी एवं सूचना पोर्टल है। एसएचएफ फोरम की वेबसाइट को एचई अब्दुल कादिर फितरात, राज्यपाल, सेंट्रल बैंक आफ अफगानिस्तान द्वारा विशेष अतिथियों और सम्मेलन के सदस्यों की उपस्थिति में लांच किया गया। इस फोरम का उद्देश्य दक्षिण एशिया और एशिय प्रशान्त देशों में उनकी आवास एवं आवास वित्त समाधानों के लिये आपस में सहयोग और समन्वय को बढ़ाना है। फोरम में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और भारत के सदस्य शामिल है और आशा है कि इसका विस्तार करके एशिया व एशिया प्रशान्त क्षेत्र के अन्य देशों को भी शामिल किया जाएगा।

बाक्स 19.2

वहनीय आवास एवं आवास वित्त पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलन

सम्मेलन में दिये सुझावों और प्रस्तुतियों में वहनीय आवास संबंधित मुद्दों और चुनौतियों जो दक्षिण एशिया और एशिया प्रशान्त देशों में अधिकतर मिलते–जुलते हैं, पर प्रकाश डाला गया। सम्मेलन में आवास और आवास वित्त बाजार की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया जिनमें वित्त, भूमि, प्रौद्योगिकी, निर्माण डिजायन और प्रभावकारी रणनीतियों के लिये विनियामक ढांचा, नवोन्मेष उत्पादों और वहनीय आवास पर उपयोगी कार्यक्रमों से संबंधित विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस साइट को लांच करना राष्ट्रीय आवास बैंक का स्वागत योग्य प्रयास है जो इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता है।

सम्मेलन में अनेक प्रस्तुतीकरण किये गए जिनमें अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और वहनीय आवास तथा निम्न आय आवास वित्त में नीतिगत, मुद्दे, अर्थसुलभता और मौद्रिक मुद्दों तथा आवास वित्त, माइक्रो आवास पहलों के लिए उसका क्रियान्वयन, निम्न आय आवास के लिये प्रतिभूतिकरण, वहनीय आवास में निर्माण वित्त एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका, सबप्राइम संकटः कारण और अनुभव आदि शामिल थे। सम्मेलन में ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, थाईलैंड, अमरी और भारत में अपनाये गए विभिन्न सफल उपायों पर प्रकाश डाला गया। सम्मेलन की सिफारिशों और प्रस्तावों को रा.आ.बैंक द्वारा संकलित किया जा रहा है और वे वेसाइट पर शीघ्र ही उपलब्ध हो जाएंगे।

19.2.3 सम्मेलन के अंत में, एसएचएफ फोरम के सलाहकार बोर्ड की प्रथम बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें सेंट्रल बैंक आफ अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और भारत के राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। थाईलैंड के सरकारी हाउसिंग बैंक को भी ग्रुप में शामिल किया गया है। एसएचएफ सचिवालय को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा स्थान दिया गया है।

19.3 सामयिक दस्तावेज (ओकेजनल) पेपर III व IV का विमोचन

19.3.1 रा.आ.बैंक द्वारा आवास सेक्टर के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान कार्य निरन्तर करने के फलस्वरूप दो अकेजनल पेपर जारी किये गए। अकेजनल पेपर प्प में आवास मूल्य सूचकांक तैयार और प्रकाशित करने में समूचे देश में किये गए अध्ययन को शामिल किया गया है। आवासीय मूल्यों में उतार चढ़ाव पर जनता और नीतिनिर्माताओं द्वारा निकट से मानीटरिंग की जाती है। रिहायशी सम्पत्तियों के मूल्यों में उतार.चढ़ाव से भावी क्रेताओं एवं विक्रेताओं की बजट योजनाओं तथा बचत निर्णयों पर भारी प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने और उनके जोखिम को व्यवस्थित करने के लिए भी वित्तीय संस्थानों को अपनी बंधक मद से संबंधित जोखिम को भी सुस्पष्ट करना होता है जिसका आंकलन उनकी इस मद में प्रत्येक मकान की वास्तविक कीमत का

अनुमान लगा कर किया जाता है। आवास मूल्यों से वित्तीय स्थायित्व का विशलेख़ण करने में महत्वपूर्ण अंदरूनी जानकारी मिल सकती है क्योंकि कीमतों में तेजी से वृद्धि और कमी से वित्तीय सेक्टर के स्थायित्व पर हानिकर प्रभाव पड़ सकते हैं क्योंकि इससे ऋण गुणवत्ता और संपार्शिविक मूल्य प्रभावित होता है।

19.3.2 ओकेजनल पेपर IV में पूरे देश में प्राप्त अनुभवों के आधार पर आवास क्षेत्र के संवर्धन के लिए नीतिगत उपायों के अध्ययन पर बल दिया गया है। चूंकि सार्वजनिक सेक्टर आवास पहलों का प्रमुख उद्देश्य निम्न आय परिवारों के लिए आवास वहनीय और सुगम बनाना है, अतः समेकित आवास नीतियों, सार्वजनिक आवासें से संबंधित कार्यक्रमों तथा अन्य मिश्रित नीतियों के द्वारा आवास पाना सुगम करने के लिए पूरे देश से प्राप्त अनुभवों का अध्ययन करने का प्रयास किया गया।

20. रिहायशी भू सम्पदा मूल्य सूचकांक (एनएचबी रेजीडेक्स)

20.1 एनएचबी रेजीडेक्स राष्ट्रीय आवास बैंक की एक पहल है जिसके द्वारा समूचे भारत के कई शहरों में और एक निर्धारित अवधि में रिहायशी आवासों के मूल्यों का सूचकांक उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय आवास बैंक ने वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर वर्ष 2005–06 में यह कार्य शुरू किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा सूचकांक तैयार करने की व्यवहार्यता पर विचार करने के लिए एक पायलट अध्ययन किया गया। रा.आ.बैंक ने भारत में रिहायशी सम्पत्तियों के मूल्यों का पता लगाने के लिए जुलाई 2007 में रेजीडेक्स जारी किया जिसमें वर्ष 2001 को आधार वर्ष मनाते हुए वर्ष 2005 तक के डाटा शामिल किया गया। पायलट अध्ययन में 5 शहरों यथा बैंगलुरू, भोपाल, दिल्ली, कोलकाता और मुम्बई को शामिल किया। पायलट के रूप में 5 शहरों का अध्ययन किया गया और उसके बाद एनएचबी रेजीडेक्स का विस्तार करते हुए दस और शहरों को शामिल किया गया यथा अहमदाबाद, फरीदाबाद, चेन्नै, कोच्चि, हैदराबाद, जयपुर, पटना, लखनऊ, पुणे और सूरत। एनएचबी रेजीडेक्स में अब 15 शहर शामिल हैं और दिसम्बर, 2009 (जुलाई–दिसम्बर) तक अद्यतन किया गया है। अब एनएचबी रेजीडेक्स को 2007 आधार वर्ष मानकर प्रत्येक छमाही अद्यतन किया जाता है।

बाक्स 20.1

एनएचबी रेजीडेक्स : मुख्य विशेषताएं

- प्रायोगिक आधार शुरू हुआ जिसमें 5 शहरों–बैंगलुरू, भोपाल, दिल्ली, कोलकाता और मुम्बई को शामिल किया जो देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते थे।
- शुरू में रिहायशी सम्पत्तियों को शामिल किया गया, बाद में प्राप्त अनुभव और डाटा उपलब्धता पर निर्भरता, वाणिज्यिक सम्पत्तियों को शामिल करने के लिये भी विस्तार दिया गया।
- डब्ल्यूपीआई और सीपीआई के साथ तुलना करने में अध्ययन के लिये 2001 को आधार वर्ख़ लिया गया। 2001–2005 अवधि के दौरान वार्ख़िक आधार पर मूल्यों में उतार चढ़ाव को लिया गया और बाद में दो और वर्ख़ों अर्थात 2007 तक अद्यतन किया गया।
- एनएचबी रेजीडेक्स का विस्तार करके दस नये शहरों को शामिल किया गया था अहमदाबाद, फरीदाबाद, चेन्नै, कोच्चि, हैदराबाद, जयपुर, पटना, लखनऊ, पुणे और सूरत।
- पिछले अद्यतन और एनएचबी रेजीडेक्स को दस और शहरों तक विस्तार करने के समय, आधार वर्ष 2001 के बजाय 2007 कर दिया गया।
- 2007 आधार वर्ष होने पर, एनएचबी रेजीडेक्स को दिसम्बर, 2009 तक अद्यतन कर दिया गया, जिसमें दो छमाही अद्यतन (जनवरी–जून और जुलाई–दिसम्बर) शामिल थे।
- एनएचबी रेजीडेक्स को अब छमाही अद्यतन किया जाता है।
- प्रथम चरण में एनएचबी रेजीडेक्स को दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले 35 शहरों तक बढ़ाया जाएगा।
- एनएचबी रेजीडेक्स को 63 शहरों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव है जिन्हें जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन में शामिल किया गया है और तब यह सही अर्थों में राष्ट्रीय सूचकांक होगा।
- सूचकांक मूल्य सापेक्ष विधि (संशोधित लैसपेयरे एप्रोच) के साथ भारित औसत प्रणाली का प्रयोग करके बनाया गया है।
- आवास मूल्य का प्राथमिक डाटा राष्ट्रीय ख्याति के निजी कंसलटेंसी/अनुसंधान संगठनों की सेवाएं लेकर भू–सम्पदा एजेंटों से एकत्र किया जाता है, इसके अतिरिक्त आवास मूल्यों का डाटा आवास वित्त कंपनियों और बैंकों से भी इकट्ठा किया जाता है जो उन संस्थानों द्वारा दिये गये आवास ऋणों पर आधारित होता है।

20..2 एनएचबी रेजीडेक्स के तहत शामिल 15 शहरों के मकानों की कीमतों में जून 2009 (जनवरी.जून) तक उतार–चढ़ाब में मिश्रित प्रवृत्ति देखी गई । 9 शहरों में मकानों की कीमतों में पिछली अवधि (जुलाई–दिसम्बर, 2008) के दौरान बढ़ती प्रवृत्ति देखी गई, शहरों के नाम हैं मुम्बई (6 प्रतिशत), कोलकाता (14 प्रतिशत), फरीदाबाद (12 प्रतिशत), पटना (7 प्रतिशत), अहमदाबाद (27 प्रतिशत), चेन्नै (26 प्रतिशत), लखनऊ (2 प्रतिशत), पुणे (6 प्रतिशत), और सूरत (13 प्रतिशत)।

20..3 अहमदाबाद (27 प्रतिशत) और चेन्नै (26 प्रतिशत) में मकानों की कीमतों में अधिकतम वृद्धि देखी गई। ऐसे 6 शहर हैं जहां पिछली अवधि के दौरान मूल्यों में गिरावट देखी गई यथा दिल्ली (–7 प्रतिशत), बैंगलुरू (–24 प्रतिशत), भोपाल (–8 प्रतिशत), हैदराबाद (–30 प्रतिशत), जयपुर (–38 प्रतिशत) और कोच्चि (–5 प्रतिशत) जिनमें से जयपुर (–38 प्रतिशत) में सर्वाधिक गिरावट आई, उसके बाद हैदराबाद (–30 प्रतिशत) तथा बैंगलुरू (–24 प्रतिशत) का स्थान है।

20..4 पिछली बार जुलाई–दिसम्बर, 2009 तक अद्यतन करते समय, 12 शहरों में पिछली अवधि के (जनवरी–जून, 2009) दौरान मकानों की कीमतों में बढ़ती प्रवृत्ति देखी गई यथा मुम्बई (2 प्रतिशत), कोलकाता (17 प्रतिशत), फरीदाबाद (7 प्रतिशत), पटना (11 प्रतिशत), अहमदाबाद (1 प्रतिशत), चेन्नै (19 प्रतिशत), लखनऊ (14 प्रतिशत), पुणे (14 प्रतिशत), सूरत (11 प्रतिशत), बैंगलुरू (3 प्रतिशत), भोपाल (16 प्रतिशत) और हैदराबाद (26 प्रतिशत) जिनमें से हैदराबाद (26 प्रतिशत) में सर्वाधिक वृद्धि आई, उसके बाद चेन्नै (19 प्रतिशत) तथा भोपाल (16 प्रतिशत) का स्थान है। 3 ऐसे शहर हैं जहां उसी पिछली अवधि में कीमतों में गिरावट देखी गई जैसे दिल्ली (–7 प्रतिशत), जयपुर (–11 प्रतिशत) और कोच्चि (–8 प्रतिशत) जिनमें से जयपुर (–11 प्रतिशत), में आवासीय सम्पत्तियों की कीमतों में सबसे अधिक गिरावट आई ।

नगर–वार आवासीय मूल्य सूचाकांक (आधार वर्ष : 2007 = 100)

शहर	आधार वर्ष 2007	जनवरी–जून 2008	जुलाई–दिसम्बर 2008	जनवरी–जून 2009	जुलाई–दिसम्बर 2009
दिल्ली	100	124	130	121	113
बैंगलुरू	100	73	76	58	59
मुम्बई	100	112	117	124	126
कोलकाता	100	114	140	159	185
भोपाल	100	139	151	139	162
हैदराबाद	100	96	92	65	81
फरीदाबाद	100	100	121	136	145
पटना	100	103	100	107	119
अहमदाबाद	100	106	100	127	128
चेन्नै	100	104	95	120	143
जयपुर	100	119	115	71	63
लखनऊ	100	103	102	104	119
पुणे	100	101	97	103	117
सूरत	100	101	98	111	123
कोच्चि	100	106	95	90	83

विभिन्न शहरों में बदलाव का प्रतिशत पिछले छह माह के दौरान नगर–वार वृद्धि दर
(एच 2 : जुलाई–दिसम्बर, एच 1 : जनवरी–जून)

शहर	2008 एच1 2007 से	2008 एच2 2008 एच1 से	2009 एच1 2008 एच2 से	2009 एच2 2009एच1 से
दिल्ली	6	–5	27	1
बैंगलुरू	–27	4	–24	3
भोपाल	39	9	–8	16
चैन्नई	4	–8	26	19
दिल्ली	24	5	–7	–7
फरीदाबाद	0	21	13	7
हैदराबाद	–4	–3	–30	26
जयपुर	19	–3	–38	–11
कोच्चि	6	–10	–5	–8
कोलकाता	14	23	13	17
लखनऊ	3	0	2	14
मुम्बई	12	4	6	2
पटना	3	–3	7	11
पूणे	1	–4	6	14
सूरत	1	–3	13	11

शहर–वार आवास मूल्य सूचकांक



21. शहरी गरीबों को आवास के लिये ब्याज सब्सिडी योजना

21.1 पृष्ठभूमि

21.1.1 राष्ट्रीय शहरी आवास एवं पर्यावास नीति, 2007 के तहत दो वर्गों - आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग और निम्न आय वर्ग के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों की सहायता से एक नई आवास वित्त नीति तैयार कर रहा है जिससे इन वर्गों की आवास जरूरतें पूरी करने के लिए वित्तीय उपलब्धता में वृद्धि हो। आवास एवं शहरी गरीबी उपश्मन मंत्रालय, भारत सरकार ने शहरी क्षेत्रों में उक्त दोनों वर्गों की आवास जरूरतों को पूरा करने के लिए 'शहरी गरीबों के आवास के लिए ब्याज सब्सिडी योजना' शुरू की है। योजना के तहत इन दोनों वर्गों को ब्याज सब्सिडी का प्रावधान किया गया है जिससे वे मकान खरीद या निर्माण करा सकें। इस योजना के तहत अगले चार वर्षों (2008-12) में 1100 करोड़ रुपये की बजट सहायता से इन दोनों वर्गों के लिए 3.10 लाख अतिरिक्त मकान उपलब्ध होने की संभावना है।

21.1.2 11वीं पंच वर्षीय योजना के दौरान 1 लाख रु. तक के ऋणों पर 5 प्रतिशत प्रति वर्ष तक सब्सिडी दी जाएगी। ऋण चुकता करने की अवधि 15-20 वर्ष होगी। यह योजना 2012 में समाप्त हो जाएगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्प समुदायों, और विकलांग व्यक्तियों और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। यह योजना सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और चयनित आवास वित्त कंपनियों के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। रा.आ.बैंक और हडको ब्याज सब्सिडी और योजना की प्रगति की मानीटरिंग करने के लिये केन्द्रीय नोडल एजेंसियां हैं।

21.2 अनुवर्ती बदलाव

21.2.1 राष्ट्रीय आवास बैंक ने योजना के तहत केन्द्रीय नोडल एजेंसी की हैसियत से 23 प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों जिनमें सत्रह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और 6 आवास वित्त कंपनियां हैं, करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में, रा.आ.बैंक ने भारतीय स्टेट बैंक, ओरियंटल बैंक आफ कामर्स, यूको बैंक, कार्पोरेशन बैंक, इंडियन बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, सिंडीकेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, यूनियन बैंक आफ इंडिया, बैंक आफ बड़ौदा, इलाहाबाद बैंक, स्टेट बैंक आफ हेदराबाद, आंध्र बैंक, कैनरा बैंक, यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया और स्टेट बैंक आफ मैसूर तथा आवास वित्त कंपनियों में हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कार्पोरेशन लि., (एचडीएफसी लि.), आवास एवं शहरी विकास निगम लि. (हडको), दिवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लि., एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि., कैन फिन होम्स लि. और डीएचएफएल वैश्या हाउसिंग फाइनेंस लि. के साथ एक करार ज्ञापन निष्पादित किया है।

21.2.2 राष्ट्रीय आवास बैंक आवास एवं शहरी गरीबी उपश्मन मंत्रालय के निकट सम्पर्क में काम कर रहा है और इसने हैदराबाद, अहमदाबाद, मुम्बई, भोपाल, बैंगलुरू, त्रिवेन्द्रम, चेन्नै, जयपुर और चंडीगढ़ में आयोजित क्षेत्रीय परामर्श/संवेदनशील कार्यशालाओं में हिस्सा लिया जो योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिये आयोजित की गई थीं ।

21.2.3 आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर रा.आ.बैंक के द्वारा 8 जून, 2010 को आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय के संयुक्त सचिव की अध्यक्षत में सभी राज्य स्तरीय संयोजक बैंकों की बैठक ''ईशप'' अर्थात शहरी गरीबों के आवास हेतु ब्याज अनुदान योजना से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित की गई। विचार-विमर्श के परिणाम स्वरूप् इस योजना के त्वरित कार्यान्वयन हेतु क्रियान्वयनकर्ता बैंकों के विभिन्न परिचालनात्मक मुद्दों पर एक बेहतर समझ स्थापित हुई।

21.2.4 30 जून, 2010 तक रा.आ. बैंक ने विभिन्न प्रमुख ऋणदाता संस्थानों से ब्याज अनुदान के 2840 लाभार्थियों के 2,30,42,948/- रु. के ब्याज अनुदान दावा प्राप्त किया। प्राप्त 50 दावों में मंत्रालय ने 19 दावों की संस्तुति देते हुए 97,73,933.44 रुपयों के समतुल्य राशि जारी की।

22. 1 प्रतिशत ब्याजगत आर्थिक सहायता योजना

एक केन्द्रीय नोडल एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ पंजीकृत 25 आवास वित्त कंपनियों के माध्यम से योजना को क्रियान्वित की गई। 22 हजार से अधिक लाभार्थियों के कुल 8.48 करोड़ रु. के सब्सिडी दावे आवास वित्त कंपनियों को प्राप्त हुए। 16 हजार से अधिक लाभार्थियों के 6.25 करोड़ रु. के दावे

वित्त मंत्रालय को स्वीकृति और राशि जारी करने के लिये भेजे जा चुके हैं। 2.22 करोड़ रु. के शेष दावों पर कार्रवाई की जा रही है तथा उन्हें ठीक करने के लिए आवास वित्त कंपनियों को वापस भेजा गया है। रा.आ.बैंक ने सभी संबंधित आवास वित्त कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों को एक पत्र भेजा गया है जिसमें उनसे इस योजना का अधिकाधिक प्रचार करके योजना को तेजी से क्रियान्वित करने के लिए अनुरोध किया गया है ताकि पात्र ऋणदाता इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठा सकें।

सभी राज्य स्तरीय संयोजक बैंकों की बैठक - (चित्र में दिख रहे हैं) - श्री एस.के. सिंह, संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार, रा.आ.बैंक के तत्कालीन कार्यपालक निदेशक, श्री आर.वी. वर्मा, तथा रा.आ.बैंक के महाप्रबंधक, श्री वी.के.

23. कंपनी अभिशासन

23.1 बैंक की वेबसाइट

23.1.2 बैंक का प्रयास है कि अपने पणधारकों को सरल एवं त्वरित पहुंच एवं डाउनलोड युक्त गतिशील वेबसाइट के माध्यम से अद्यतन अवस्थिति से अवगत कराए। बैंक की वेबसाइट में इसके कार्यकलापों/ गतिविधियों, उत्पादों, नए प्रयासों संगठन इत्यादि की जानकारी समाहित है। इसके साथ ही बैंक की वेबसाइट में बैंक के वित्तीय समर्थन, आवास वित्त कंपनियों तथा उनकी जमाओं, अनुसंधान एवं विकास प्रतिवेदनों, प्रकाशनों आदि की जानकारी आवास वित्त कंपनियों तथा जन सामान्य के लिए व्यापक रूप से उपलब्ध है। डाउनलोड सामग्री के अंतर्गत बैंक के साथ पंजीकृत की इच्छुक कंपनियों/या वित्तीय समर्थन की इच्छुक कंपनियों उनके प्रचालकों हेतु साम्य पूंजी (इक्विटी) या वित्त हेतु तथा (11) बैंक की विभिन्न जमा योजनाओं आदि में निवेषों के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध हैं। उपरोक्त के अलावा, बैंक की वेबसाइट जनवरी, 2010 में प्रारंभ की नई साउथ एषिया हाउसिंग फाइनेंस फोरम की वेबसाइट से लिंक भी उपलब्ध कराती है।

23.2 बोर्ड एवं इसकी समितियों का संघटन

23.2.1 बैंक के कारोबारी मामलों का प्रबंधन, निर्दोषन एवं

सामान्य अधीक्षण आदि निदेषक मंडल में निहित होता है जोकि जनहित को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक (कारोबारी) सिद्धांत के रूप में कार्य करते हैं। निदेषक मंडल का संघटन राष्ट्रीय आवास बैंक, अधिनियम 1987 (केन्द्रीय अधिनियम 1987 का सं. 53) के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। इस बोर्ड का प्रमुख अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक होता है जोकि अधिनियम की धारा 6(1) (क) के तहत नियुक्त या नामांकित होता है तथा इसके साथ ही अधिनियम की धारा 6(1) (ख) के तहत अन्य ग्यारह निदेशक नियुक्त/नामांकित किए जाते हैं। ग्यारह निदेशकों के संघटन में चार निदेशक स्वतंत्र, दो भा.रि.बैंक द्वारा नामांकित, तीन केन्द्रीय सरकार के अधिकारिक एवं दो राज्य सरकार के अधिकारिक सदस्य समाहित होते हैं।

23.2.2 बोर्ड ने तीन समितियां गठित की है, यथा (क) निदेशकों की कार्यपालक समिति (ईसी), (ख) बोर्ड की लेखा परीक्षक समिति (एसीबी) तथा (ग) निदेशकों की परिश्रमिक समिति (आर सी) ताकि बैंक का कारोबार ध्यानकेन्द्रित एवं बेहतर संपन्न हो सकें। ई सी, एसीबी तथा आरसी के कार्यकलाप सु-स्पष्ट है तथा बोर्ड ने इन समितियों को निश्चित शक्तियां प्रदत की हैं। बोर्ड समितियों की बैठकें नियमित अंतराल से आयोजित की जाती हैं।

वर्ष 2009-10 के दौरान बोर्ड की पांच बैठकें, कार्यपालक समिति की तीन बैठकें, लेखा परीक्षण समिति की छह बैठकें तथा पारिश्रमिक समिति की एक बैठक आयोजित की गई।

23.2.3 बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए-

1. श्री आलोक निगम, आईएएस, संयुक्त सचिव भारत सरकार वित्तीय सेवाए विभाग वित्त मंत्रालय को श्री अमिताभ वर्मा आईएएस के स्थान पर 09.12.2009 से और
2. श्री अशोक डोंगरे, आईएएस, सचिव, तमिलनाडु सरकार, आवास एवं शहरी विकास विभाग को श्री सुरजीत के चौधरी आईएएस के स्थान पर 24.2.2010 से, जोकि तमिलनाडु सरकार के आवास एवं शहरी विकास विभाग में प्रधान सचिव थे।

23.3 जून 2009 को समाप्त वर्ष हेतु वार्षिक वित्तीय निरीक्षण

भारतीय रिजर्व बैंक ने आरवीआई अधिनियम 1934 की धारा 45 एन के तहत 30 जून, 2009 तक की स्थिति के संबंध में बैंक का वार्षिक वित्तीय निरीक्षण किया।

बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति से अनुपालन को अनुमोदित कराने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक को भेज दिया गया।

23.4 लेखा परीक्षा

सांविधिक लेखा परीक्षा- मैसर्स अय्यर एंड कंपनी, चार्टर्ड (सनदी) लेखाकार नई दिल्ली के द्वारा बैंक को वित्त वर्ष 2009-10 के लिए बैंक के खातों को लेखा-परीक्षित किया गया बैंक जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रा.आ. बैंक के लिए सांविधिक लेखा-परीक्षक नियुक्त किया गया है। लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट को इस रिपोर्ट के वार्षिक-लेखा के खंड में दिया गया है।

आंतरिक एवं समवर्ती लेखा परीक्षा

वर्ष 2009-100 के लिए बैंक की आंतरिक लेखा परीक्षण कार्य मैसर्स एसपी चौपड़ा एंड कंपनी, नई दिल्ली सनदी लेखाकार से कराया गया।

बैंक के समवर्ती राजकोषीय प्रचालन तथा दिन प्रतिदिन के लेखा-प्रचालन का लेखा परीक्षण कार्य बाह्य प्रतिष्ठित सनदी लेखाकार फर्म मैसर्स के.एस. कोहली, नई दिल्ली द्वारा कराया गया।

24. मानव संसाधन

24.1 स्टाफ नफरी (क्षमता) एवं भर्ती

बैंक की कुल स्टाफ नफरी (क्षमता) यथा 30 जून, 2010 को 89 थी जिसमें 7 मैनेजमेंट ट्रेनी भी शामिल हैं। नई भर्ती एवं चयन नीति के अनुसार 9 जनवरी वर्ष 2008 से, स्केल रू एवं रूरू के अभार्थियों को प्रारंभ में 1 वर्ष के लिए प्रवंधन प्रषिक्षु (मैनेजमेंट ट्रेनी) के रूप में भर्ती किया गया। तदनुसार सुविख्यात प्रबंधन संस्थानों से 8 प्रबंधन प्रशिक्षुओं को (स्केल-I) कैंपस भर्ती के रूप में लिया है। इसके अतिरिक्त, 3 परामर्शदाताओं के साथ 7 अधिकारियों को बैंकों की सेवाओं हेतु अनुबंध पर नियुक्त किया गया। वर्ष के दौरान, आठ अधिकारियों को जिसमें दो प्रबंधन प्रशिक्षु, दो सहायक प्रबंधक, एक उप प्रबंधक, एक महाप्रबंधक, एक उप महाप्रबंधक तथा एक प्रधान सलाहकार (प्रतिनियुक्ति) पर को त्यागपत्र/ सेवानिवृत्ति के आधार पर बैंक की सेवा से मुक्त किया गया।

24.2 प्रशिक्षण

24.2.1 बैंक अपने अधिकारियों की कार्य कुशलता बढ़ाने एवं दक्ष बनाने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण एवं प्रबंधन विकास कार्यक्रमों में भेजने के साथ-साथ स्वयं की आंतरिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इस वर्ष के दौरान कुल 88 अधिकारियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी निभाई इनमें से 13 अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लिया तथा 75 अधिकारियों ने राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में हिस्सेदारी निभाई जिनमें वरिष्ठ, मध्य एवं कनिष्ठ वर्ग के अधिकारीगण शामिल थे।

अधिकारियों को कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में नामित किया गया जैसे कि नेशनल इंस्टीट्यूट आफ बैंक मैनेजमेंट (एनआईबीएम), भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), इंडियन बैंक ऐसोसिएशन (आईबीए) तथा कालेज आफ एग्रीकल्चरल बैंकिंग (सीएबी) आदि।

24.2.2 रा.आ.बैंक, नई दिल्ली में दिनांक 24 अक्टूबर, 2009 को ''वित्तीय विवरणों की समझ एवं विष्लेशण" पर एक आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बैंक आफ इंडिया के वरिष्ठ संकाय सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में बैंक के कुल 51 अधिकारियों ने भाग लिया।

24.2.3 रा.आ.बैंक, नई दिल्ली में दिनांक 15 व 16 जनवरी, 2010 को ''किफायती/वहनीय आवास/क्षमता निर्माण'' (एर्फोडेबल हाउस कैपसिटी बिल्डिंग)" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में इंटरनेशनल फाइनेंस कार्पोरेशन, मोनीटर गुप एवं आईसीआरए मैनेजमेंट कंसलटिंग सर्विसेज लिमिटेड के जाने माने वक्ताओं को आमंत्रित किया गया। कुल 51 अधिकारियों ने प्रषिशण में भाग लिया।

24.2.4 रा.आ.बैंक, नई दिल्ली में 18 जनवरी, 2010 को ''नेतृत्व श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम (लीडरशिप गुड टू ग्रेट) पर गेट लेक्चर (अतिथि भाषण) आयोजित किया गया इसके साथ ही एक अतिथि भाषण 07 फरवरी, 2010 को रा.आ.बैंक, नई दिल्ली में सब प्राइप क्राइसेस इनयूएए-कालेज एंडलेसंस (अमेरिकी वित्ती संकटः कारण एवं सबक) विषय पर आयोजित किया गया।

24.3 वरिष्ठ अधिकारियों के लिए बजट समीक्षा सम्मेलन दिनांक 20 फरवरी, 2010 को नई दिल्ली में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक मध्य कालिक बजट बनाम कारोबार समीक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

24.4 परामर्शदाता (सेंटर) योजना

बैंक ने नए अधिकारियों की सहायता के लिए एक 'परामर्शदाता योजना (सेंटर स्कीम) प्रारंभ की है, जिससे कि ये अधिकारीगण शीघ्रता के साथ स्वयं को बैंक के विजन एवं लक्ष्यों को समझने की क्षमता विकसित कर सकें। यह योजना अब उसी क्रम में प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए भी शुरू की गई है जैसा कि बैंक के स्केल I एवं स्केल II के अधिकारियों के लिए प्रयोज्य थी।

24.5 आवास वित्त के लिए ई-लर्निंग पाठ्यक्रम

भारतीय बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान द्वारा काम में लगाए जाने वाले अधिकारियों के लाभ हेतु बैंक ने पाठ्यक्रम की विषय वस्तु के निर्माण हेतु आवास वित्त पर ई-लर्निंग कोर्स की शुरूआत की है। यह निर्णय लिया गया कि जो अधिकारी प्रबंधन प्रशिक्षु सफलतापूर्वक अधिकारी को स्वयं अध्ययन के लिए बढ़ावा देने हेतु उपरोक्त पाठ्यक्रम को पूरा कर लेता है उसे एक बार 4000/-रूपये का मानदेय प्रदान किया जाए।

25. राजभाषा

25.1.1 राष्ट्रीय आवास बैंक भारत सरकार की राजभाषा नीति के सफल और प्रभावशाली कार्यान्वयन के लिए सदैव वचन बद्ध रहा है और बैंक में हिन्दी की प्रगति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी उपाय किए गए हैं।

25.1.2 भारत सरकार द्वारा जारी हिन्दी/द्विभाषी पत्रों के उत्तर हिन्दी में देने, धारा (3) के तहत दस्तावेज द्विभाषी जारी करने, रिपोर्टें व बैंक के प्रकाशनों को द्विभाषी प्रकाशित करने, लेखन सामग्री द्विभाषी मुद्रित कराने आदि और निगरानी करने के काम से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन किया जात है। हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाओं का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है। बैंक में, नोटिस बोर्ड पर 'आज का शब्द' हिन्दी/अंग्रेजी में लिखा जाता है जिसे बैंक के सभी अधिकारियों को आंतरिक ई-मेल से भेजा जाता है।

25.1.3 बैंक के रोजमर्रा के काम में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष 'हिन्दी चेतना मास' मनाया जाता है। 15 अगस्त, 2009 से 14 सितम्बर, 2009 तक आयोजित चेतना मास के दौरान सात प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें बैंक के अधिकारियों ने बढ़चढ़ कर बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस दौरान 'जवाहर लाल नेहरू' पर दो भागों में वृत्तचित्र प्रदर्शित किया गया।

25.4 बैंक ने दिल्ली राज्य स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के लिए जून, 2009 में राज्य-स्तरीय ''आशु भाषण प्रतियोगिता" का आयोजन किया जिसमें 12 बैंकों के 23 अधिकारियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। प्रतियोगिता के लिए बाहरी संस्थानों से तटस्थ निर्णायकों को आमंत्रित किया गया था। प्रतियोगिता में विजयी प्रतियोगियों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

25.5 बैंक के अधिकारियों के द्वारा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं को प्रारम्भ किया गया है। बैंक की अंतर्विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की नियमित (एक तिमाही में एक बार) बैठकें आयोजित की जाती हैं जिसमें मुख्यालय के साथ-साथ मुम्बई क्षेत्रीय कार्यालय की राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा की जाती है।

25.6 अक्टूबर, 2009 में राष्ट्रीय आवास बैंक के हैदराबाद प्रतिनिधि कार्यालय में संसदीय राजभाषा समिति ने दौरा किया और हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा की है। बैंक ने प्रतिनिधि कार्यालय ने समिति को अपने कार्यालीन कार्यों की सीमितताओं का उल्लेख किया। राजभाषा समिति के संयोजक ने कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए प्रतिनिधि कार्यालय की सराहना की।

25.7 गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार बैंक की वेबसाइट को यूनीकोड फोंट में उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही, दिल्ली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने फरवरी, 2010 में एक संयुक्त वेबसाइट प्रारम्भ की है, जिसमें राष्ट्रीय आवास बैंक का भी एक वेब पेज हैं, जहां बैंक की विभिन्न गतिविधियों को दर्शाया गया है।

25.8 राष्ट्रीय आवास बैंक को हिन्दी के प्रयोग के लिए दिल्ली नगरा राजभाषा कार्यान्वयन समिति के द्वारा लगातार दूसरे वर्ष ''राजभाषा शील्ड" के प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही, दिल्ली बैंक नराकस के द्वारा प्रकाशित ''बैंक भारती" नामक पत्रिका में बैंक के दो अधिकारियों के लेख भी प्रकाशित किए गए।

25.9 बैक के द्वारा प्रकाशित की जाने वाली हिन्दी त्रैमासिक गृह पत्रिका ''आवास भारती" ने अपनी साज-सज्जा, कलेवर के साथ-साथ विषय-वस्तु में भी समृद्धता अर्जित की है। इस पत्रिका को दिल्ली बैक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ओर से लगातार दूसरे वर्ष भी प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही, बैंक की पत्रिका ने अखिल भारतीय स्तर पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 2007-08 तथा 2008-09 में चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त किया है।

26. ज्ञान केन्द्र

ज्ञान केन्द्र, रा. आ. बैंक

26.1 ज्ञान केन्द्र बैंक के मुख्य कार्यालय में स्थापित किया गया था। इस ज्ञान केन्द्र का उद्देश्य इसके प्रभावी प्रसारण के जरिए अतिरिक्त ज्ञान और अनुप्रयोगों से अध्ययन को सुविधाजनक बनाना है। वर्ष 1989 में ज्ञान केन्द्र के प्रारम्भ से इसमें बहुत से परिवर्तन हुए हैं। इसने स्वयं को हस्तचालित व्यवस्था से पूर्णतया स्वचालित पुस्तकालय में पुस्तकालय स्वचलन सॉफ्टवेयर 'लिबसिस' के माध्यम से अंतरित कर लिया है। ज्ञान केन्द्र बैंक के मुख्य अध्ययन संसाधन केन्द्र के रूप में कृत्य करता है और चालू जागरूकता सेवा तथा आवास, अर्थशात्र, बैंककारी, जोखिम प्रबंधन एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों से संबंधित प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्य

के लिए बैंक के अधिकारियों की अपेक्षाएं पूरी करने के लिए बैंक के इंटरनेट के माध्यम से सूचना की चयनित प्रसारण सेवा प्रदान करता है।

26.2 आज की तारीख तक, विभिन्न विषयों जैसे कि वास्तुशिल्प, आवास, अर्थशात्र, बैंककारी, कथा साहित्य, वित्त, संपत्ति इत्यादि पर 5500 हिन्दी/अंग्रेजी पुस्तकों का एक विशाल संग्रह उपलब्ध है। ज्ञान केन्द्र ने अपने संग्रह में मुद्रण के साथ अंकीय मीडिया भी जोड़ लिया है। इसके अतिरिक्त, ज्ञान केन्द्र वित्त, आवास, अर्थशात्र, प्रबंधन और अन्य तकनीकी/गैर-तकनीकी विषयों से संबंधित 50 से अधिक विदेशी और भारतीय मुद्रण/इलैक्ट्रॉनिक पत्रिकाएं मंगा रहा है।

27. भावी दृष्टिकोण

27.1 वैश्विक आर्थिक संकट, जो 2008-09 के दौरान अपनी पराकाष्ठा पर था, यह अभी तक धीरे-धीरे कम हो रही अपनी गहनता के माध्यम से विश्च को प्रभावित कर रहा है। बहुत से विकसित एवं विकासशील देशों के राजकोषीय एवं मौद्रिक उपायों ने इस संकट से उत्पन्न् वित्तीय महामारी को टीका लगाया है। यद्यपि, विकासशील देश विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ अपने संबंधों के कारण वैश्विक अनिश्चितताओं से पर्याप्त रूप से प्रभावित थे तथापि, अब उन्होंने स्वयं मांग चालित और खपत आधारित अर्थव्यवस्था के मद्धे और मजबूती से उभरने के लिए व्यवस्थित कर लिया है। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था चीन के बाद, विश्व में सर्वाधिक वृद्धिशील अर्थव्यवस्था है। भारत की स्वदेशी, अर्थव्यवस्था की विशेषता यह बताई जा सकती है कि यह एक उत्पादन और खपत आधारित अर्थव्यवस्था है। यद्यपि, भारत विकासशील देशों की छत्रछाया में रहता है, तथापि, इसकी अधिकांश (वर्तमान आबादी की लगभग 30 प्रतिशत) आबादी शहरी क्षेत्रों में रह रही है और बेहतर जीवन-स्तर तथा गतिविधियां पैदा कर रही आय के क्षेत्र में वृहत्तर अवसर की दृष्टि से और बढ़ने की आशा की जाती है। यह अनुमान किया जता है कि भारतीय आबादी का 40 प्रतिशत 2030 तक शहरी भारत में रह रहा होगा। एक ओर तो शहरी क्षेत्रों की सीमित आधारिक सुविधाओं पर दबाव डालने की, दूसरी ओर वर्धित उत्पादनशीलता, वाणिज्यिक तथा सतत विकास के माध्यम से उत्पन्न बढ़ता राजस्व प्रदान करने की स्थिति में है। बुनियादी ढांचे और आवास के बढ़ते दबाव से रिहायशी संपत्तियों की कीमतें और बढ़ रही है। इसके साथ ही, स्थिति आवास ऋणों पर चल रही अत्यधिक ब्याज दरों से और गिर जाती है। इस वर्ष में, राष्ट्रीय आवास बैंक के आवासीय मूल्य सूचकांक (रेजीडैक्स) जो देश का प्रथम अधिकृत मूल्य सूचकांक है, के अनुसार, इसमे शामिल 15 बड़े शहरों में से 9 में संपत्ति के मूल्यों में वृद्धि दर्शाई गई है।

27.2 अतः स्थिति से निपटने के लिए, बहुत से मोर्चो अर्थात् आधारिक सुविधाओं में वास्तविक, वित्तीय तकनीकी और सामाजिक, भारी निवेश, बढ़ती हुई आबादी को बसाने के लिए वहनीय आवास की पर्याप्तता के साथ टीयर-रू एवं टीयर-रूरू के आसापस सैटेलाइट नगरों का विकास इत्यादि पर विवेकसम्मत प्रयास करने की जरूरत है। इसे न केवल सार्वजनिक बजटीय नियतन से प्राप्त किया जा सकेगा, अपितु, निजी क्षेत्र अर्थात् सार्वजनिक-निजी भागीदारी इत्यादि की व्यापक भागीदारी अनिवाग्र बन जाती है। इससे नगरों को उनके अपने संसाधन जुटाने में सहायता मिलेगी जिससे कि केन्द्रीय और राज्यीय बजटीय नियतनों पर निर्भरता और कम हो सके।

27.3 शहरी भारत में प्रचलित भयंकर आवासीय कमी की है, जो 2007 के अंत में 24.7 मिलियन इकाइयां थी और 2012 तक बढ़कर 26.53 मिलियन इकाइयां हो जाने की आशा है। इसके समाधान के लिए, नीति पर और प्रणाली के विनियामक पक्ष पर और वित्तीय पक्ष पर भी कृत्य करने की जरूरत है। क्योंकि, आवास की कमी शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में एक साथ बढ़ रही है, अतः उपभोक्ता और ऋणदाता, दोनों परिप्रेक्ष्य में विवेकसम्मत मानदंडों में शिथिलता की आवश्यकता है। आवास के लिए कृषि भूमि का संपरिवर्तन, फर्श स्थान सूचकांक में वृद्धि, आवास ऋणों पर ब्याज दरों का नियंत्रण, भू संपदा क्षेत्र का विनियामन सैटेलाइट नगरों में पता लगाने के लिए कार्य स्थानों का विकेन्द्रीयकरण, यथेष्ट वहनीय आवासीय स्टॉक का विकास, वर्तमान कार्यक्रमों को ग्राहक अनुकूल और नीतियों को असेवित तथा अल्पसेवित वर्गो की जरूरत के अनुसार बनाना, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल पर्यावास का विकास, निजी क्षेत्र की व्यापक भागीदारी और (ग्रामीण क्षेत्रों में इंदिरा आवास योजना तथा शहरी गंदी-बस्तियों में राजीव आवास योजना जैसी) सरकारी पक्ष पर आवास के लिए उपयुक्त योजनाएं बनाना इत्यादि ऐसे कुछ कार्य हैं, जो देश की आवासीय स्थिति से निपटने के लिए भारी योगदान कर सकता है।

Website: www.nhb.org.in

राष्ट्रीय आवास बैंक

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में)

वार्षिक लेखा

2009-10

(जुलाई, 2009 से जून, 2010)

अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

607, आकाश दीप
26-ए, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001
टेलीफोन : 23313807, 23316117, 23316125
फैक्स : 23310281
ई-मेल : info@aiyarco.com, aiyarco@eth.net

लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

हमने दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति राष्ट्रीय आवास बैंक के (सामान्य और विशेष निधि) संलग्न तुलन-पत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के उसके साथ संलग्न लाभ एवं हानि लेखाकी लेखा परीक्षा की है। ये वित्तीय विवरण बैंक के प्रबंधन का उत्तरदायित्व हैं। हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय देना है।

हमने भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा की है। इन मानकों की अपेक्षा है कि हम उपयुक्त आश्वस्त होने के लिए लेखापरीक्षा करने की योजना तैयार करें और उसका निष्पादन करें कि क्या वित्तीय विवरण मिथ्या कथन से मुक्त हैं। लेखापरीक्षा में राशियों के समर्थन में साक्ष्यों के परीक्षण आधार पर जमा करना और उन्हें वित्तीय विवरणियों में शामिल करना होता है। लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखाकरण सिद्धांतों का मूल्यांकन करना और प्रबंधन द्वारा किए गए प्रमुख प्राक्कलनों तथा प्रस्तुत समग्र वित्तीय विवरण का मूल्यांकन करना भी शामिल होता है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखापरीक्षा हमारी राय को उपयुक्त आधार प्रदान करती है।

हम यथा निम्नानुसार रिपोर्ट देते हैं :

(क) सामान्य निधि के तहत तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि लेखा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और उसके अंतर्गत बनाए विनियमों तथा विशेष निधि के तहत रा-ष्ट्रीय आवास बैंक (गंदी बस्ती सुधार एवं निम्न लागत आवास निधि) विनियम, 1993 के उपबंधों के अनुसार तैयार किया गया है।

(ख) हमारी राय में, बैंक द्वारा विधिक आधार पर वांछित उचित बहियां तैयार की गई हैं, जहां तक हमने अपनी जांच-पड़ताल के अनुसार पाया।

(ग) इस रिपोर्ट में वर्णित तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि लेखा खाता बहियों के अनुरूप है।

(घ) जहां हमने सूचना और स्पष्टीकरण मांगे हैं, हमें ऐसी सूचना और स्पष्टीकरण दिए गए हैं और हमने उन्हें संतोाजनक पाया है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

1. हम निम्नलिखित मामलों में बैंक द्वारा की गई कार्रवाई और बैंक के खातों पर पड़ने वाले उनके प्रभाव के संबंध में अपनी राय देने में असमर्थ हैं, क्योंकि न्यायालय द्वारा अभी अंतिम निर्णय लिया जाना है और राशियां भी निर्धारित की जानी हैं।

क) विशेष न्यायालय एवं अन्यों द्वारा एक डिक्री के अनुसरण में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में आमेलित स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र से प्राप्त 237.06 करोड़ रुपए और जो ''अन्य देयताओं'' में शामिल हैं (टिप्पणी संख्या 17.1)।

ख) ''अन्य देयताओं'' में दर्शाए 149.37 करोड़ रुपए जो विशेष न्यायालय के आदेशों के अनुसरण में बैंक द्वारा अब स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में आमेलित स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र को चुकता किए 95.40 करोड़ रुपए और अभिरक्षक को बैंक द्वारा चुकता किए 53.97 करोड़ रुपए का द्योतक है (टिप्पणी सख्या 17.2)।

2. हमारी राय में बैंक ने (क) लेखाकरण मानक-11 के अनुसार विदेशी उधार के गैर-मूल्यांकन, जिससे परिसंपत्तियों और देयताओं दोनों का 14.29 करोड़ रुपए तक कम वर्णन हुआ है - लेखे पर टिप्पणियों का पैरा 14.1 देखें और (ख) लेखाकरण मानक-22 के अनुसार कर्मचारी कल्याण निधि पर आस्थगित कर का प्रावधान नहीं करना - 0.93 करोड़ रुपए, जिससे उस सीमा तक आस्थगित कर देयता का अधिक वर्णन हुआ है, को छोड़कर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखाकरण मानकों का अनुपालन किया है।

3. इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त पैरा 1 और 2 में हमारी टिप्पणियों के अधीन, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी में तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और बैंक के खातों द्वारा यथा प्रदर्शित, उन पर टिप्पणियों के साथ पठित उक्त लेखे राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और सामान्य निधि तथा विशेष निधि के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक (गंदी बस्ती सुधार और निम्न लागत आवास निधि) विनियम, 1993 के उपबंधों के अनुसार उसके अधीन बनाए गए विनियमों द्वारा यथापेक्षित सूचना उसी तरीके से देते हैं और वे निम्नलिखित के मामले में भारत में साधारणतया स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुरूप हैं :

(i) बैंक का तुलन-पत्र जो टिप्पणियों एवं प्रमुख लेखाकरण नीतियों के साथ पठनीय है, तुलन-पत्र सभी वांछित विवरण के साथ ठीक है तथा उसे इस प्रकार सही ढंग से तैयार किया गया है कि उसमें बैंक की दिनांक 30 जून, 2010 तक की सही एवं निपक्ष स्थिति प्रस्तुत हो; और

(ii) बैंक का लाभ एवं हानि लेखा जो टिप्पणियों एवं प्रमुख लेखाकरण नीतियों के साथ पठनीय है, बैंक के उस तारीख को समाप्त वर्ष में हुए लाभ को सही दर्शाता है।

कृते अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

(ए. के. बत्रा)
भागीदार
सदस्यता संख्या 80169
फर्म पंजीकरण संख्या 001174एन

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 23 सितम्बर, 2010

राष्ट्रीय आवास बैंक

तुलनपत्र

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		देयताएं	अनुसूची	चालू वर्ष करोड़ रुपए
450.00	1.	पूंजी	I	450.00
1,791.99	2.	प्रारक्षित निधि	II	2,072.41
0.00	3.	लाभ और हानि लेखा	III	0.00
3,582.22	4.	बांड और डिबेंचर	IV	8,351.81
2,248.13	5.	जमाराशियां	V	4,375.75
10,900.69	6.	उधार	VI	6,457.21
76.51	7.	आस्थगित कर देयता (निवल)		82.30
601.28	8.	चालू देयताएं और प्रावधान	VII	688.67
272.49	9.	अन्य देयताएं	VIII	272.49
3.98	10.	बैंक और एचएफसी के पास एचएलए जमाराशियां - कोन्ट्रा के अनुसार (टिप्पणी 22.3 का संदर्भ लें)		2.79
19,927.29		**जोड़**		**22,753.43**

के.एन. कुंभारे
क्षेत्रीय प्रबंधक

एन. उदय कुमार
उप-महाप्रबंधक

आर. के. पांडे
महाप्रबंधक

आर. वी. वर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक

विद्याधर के. फाटक | **जयश्री ए. व्यास** | **श्यामला गोपीनाथ** | **लक्ष्मी चंद**

किरन ढींगरा | **आलोक निगम** | **संजय कुमार राकेश** | **जी. एस. संधू**

नई दिल्ली, 23 सितम्बर, 2010

दिनांक 30 जून, 2010 को यथास्थिति

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		परिसंपत्तियां	अनुसूची	चालू वर्ष करोड़ रुपए
1,498.30	1.	नकद और बैंक शेष	IX	1,789.02
1,230.05	2.	निवेश	X	858.15
16,850.96	3.	ऋण और अग्रिम	XI	19,836.66
20.76	4.	स्थायी परिसंपत्तियां	XII	19.41
323.24	5.	अन्य परिसंपत्तियां	XIII	247.40
3.98	6.	बैंक और एचएफसी के पास एचएलए जमाराशियां कोन्ट्रा के अनुसार (उसमें से स्वतः पुनर्वित्त के रूप में प्रयुक्त 0.04 करोड़ रुपए)		2.79
19,927.29		**जोड़**		**22,753.43**
129.67		आकस्मिक देयता	XIV	78.88
		लेखे का भाग होने वाली टिप्पणियां	XV	

हमारी समतारीख की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते अय्यर एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 001174एन

(ए. के. बत्रा)
भागीदार
सदस्यता संख्या 80169

लाभ और हानि लेखा

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		व्यय		चालू वर्ष करोड़ रुपए
1,272.90	1.	उधारों और जमाराशियों पर ब्याज		1,051.68
4.36	2.	कर्मचारियों का वेतन, भत्ता और सीमांत लाभ		8.67
0.09	3.	निदेशक और समिति सदस्यों की फीस और व्यय		0.15
0.12	4.	लेखापरीक्षा फीस		0.08
1.37	5.	किराया, कर, विद्युत और बीमा		1.74
0.39	6.	डाक शुल्क, तार, टेलेक्स और टेलीफोन		0.37
0.03	7.	विधि प्रभार		1.82
	8.	लेखन सामग्री, मुद्रण और विज्ञापन		
0.53		(i) मुद्रण और लेखन सामग्री	0.47	
1.19		(ii) विज्ञापन	0.26	0.73
2.62	9.	मूल्यह्रास		2.20
8.78	10.	दलाली, गारंटी फीस तथा अन्य वित्त प्रभार (पूर्व-भुगतान लेवी के लिए दत्त 12.83 करोड़ रुपए (पिछला वर्ष 4.00 करोड़ रुपए) सहित)		16.61
3.32	11.	उधारों पर स्टाम्प शुल्क		6.32
1.48	12.	यात्रा व्यय (0.16 करोड़ रुपए (पिछला वर्ष 0.35 करोड़ रुपए) के विदेश यात्रा व्यय सहित)		0.97
7.58	13.	अन्य व्यय		7.47
6.52	14.	ब्याज दर स्वैप पर अदा किया गया ब्याज		0.00
6.77	15.	निवेश पर मूल्यह्रास/परिशोधन		0.31
0.00	16.	प्रतिभूतियों के अंतरण पर हानि		7.51
(5.46)	17.	विदेशी जमाराशियों और उधारों के पुनः मूल्यांकन पर हानि/(लाभ)		1.92
18.10	18.	आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (vii क) (ग) के अधीन डुबंत और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान		22.00
0.06	19.	धन कर		0.07
0.03	20.	आस्थगित कर		5.79
114.50	21.	आय कर		136.00
0.15	22.	सीमांत लाभ कर		0.00
235.62	23.	अग्रेनीत लाभ का शेष		280.25
1,681.05		**जोड़**		**1,552.66**
7.08	24.	निवेश घट-बढ़ प्रारक्षित निधि को अंतरण		6.59
15.70	25.	आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (viii) के अनुसार विशेष प्रारक्षित निधि को अंतरण		26.00
2.35	26.	कर्मचारी कल्याण निधि को अंतरण		2.80
202.33	27.	प्रारक्षित निधि को अंतरण		235.13
14.75	28.	तुलन-पत्र को अग्रेनीत शेष		9.73
242.21		**जोड़**		**280.25**

के.एन. कुंभारे | **एन. उदय कुमार** | **आर. के. पांडे**
क्षेत्रीय प्रबंधक | उप-महाप्रबंधक | महाप्रबंधक

आर. वी. वर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक

विद्याधर के. फाटक | **जयश्री ए. व्यास** | **श्यामला गोपीनाथ** | **लक्ष्मी चंद**

किरन ढींगरा | **आलोक निगम** | **संजय कुमार राकेश** | **राकेश जी. एस. संधू**

नई दिल्ली, 23 सितम्बर, 2010

दिनांक 30 जून, 2010 को समाप्त वर्ष के लिए

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		आय		चालू वर्ष करोड़ रुपए
	1.	ऋण तथा अग्रिम और बैंक जमाराशि पर ब्याज		
1,493.19		(i) ऋण और अग्रिम	1,338.20	
87.03		(ii) बैंक जमाराशि	105.87	1,444.07
4.74	2.	ब्याज आय और ब्याज दर स्वैप पर लाभ (संविदाओं को रद्द करने पर 2.30 करोड़ रुपए (पिछला वर्ष 0.64 करोड़ रुपए) के लाभ सहित		32.35
39.49	3.	निवेश से आय		31.88
1.65	4.	निवेशों की बिक्री से आय		1.89
29.04	5.	म्यूचुअल फंड की खरीद और बिक्री पर लाभ		9.11
0.32	6.	वायदा विनिमय संविदा पर प्रीमियम		0.51
0.02	7.	स्थायी परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ		0.01
9.81	8.	अन्य आय (ऋण के पूर्व-भुगतान की लेवी के लिए 15.74 करोड़ रुपए (पिछला वर्ष 8.56 करोड़ रुपए) सहित)		22.89
(5.00)	9.	वायदा विनिमय संविदाओं पर लाभ/(हानि)		2.20
13.68	10.	अब अनपेक्षित बट्टे खाते डाले गए प्रावधान		0.98
7.08	11.	प्रावधान और आकस्मिकताएं (निवेश पर अधिक प्रावधान प्रतिवर्तित)		6.77
1,681.05		**जोड़**		**1,552.66**
235.62	12.	आगे लाए गए लाभ का शेष		280.25
6.59	13.	निवेश घट-बढ़ प्रारक्षित निधि से हस्तांतरण		0.00
242.21		**जोड़**		**280.25**

हमारी समतारीख की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते अय्यर एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण संख्या 001174एन

(ए. के. बत्रा)
भागीदार
सदस्यता संख्या 80169

दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति तुलनपत्र की अनुसूचियां

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		अनुसूची	चालू वर्ष करोड़ रुपए
		अनुसूची- I	
		पूंजी	
450.00	1.	प्राधिकृत	450.00
450.00	2.	निर्गमित और चुकता (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूर्णतः अभिदत्त)	450.00
450.00			**450.00**

अनुसूची II

प्रारक्षित निधियां (करोड़ रुपए)

विवरण	अथशेष	वृद्धियां	कटौतियां	इतिशेष
1. प्रारक्षित निधि	1,217.87	235.13	0.00	1,453.00
2. विशेष निधि (गंदी बस्ती विकास और निम्न लागत वाली आवास निधि)	256.72	9.73	0.00	266.45
3. आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अनुसार विशेष प्रारक्षित निधि	292.40	26.00	0.00	318.40
4. निवेश घट-बढ़ प्रारक्षित निधि	13.49	6.59	0.00	20.08
5. कराधान प्रारक्षित निधि	7.45	0.00	0.00	7.45
6. कर्मचारी कल्याण निधि	4.06	3.06 $	0.09	7.03
जोड़	**1,791.99**	**280.51**	**0.09**	**2,072.41**

$ 0.26 करोड़ रुपए की जमाराशि पर अर्जित ब्याज सहित

दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति तुलनपत्र की अनुसूचियां

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		अनुसूची		चालू वर्ष करोड़ रुपए
		अनुसूची- III		
		लाभ और हानि लेखा		
14.75		संलग्न लाभ और हानि लेखे के अनुसार शेष	9.73	
14.75		घटाएं: विशेष निधि का लाभ (गंदी बस्ती का विकास और निम्न लागत आवास निधि) हस्तांतरित	9.73	0.00
0.00				**0.00**
		अनुसूची - IV		
		बांड और डिबेंचर		
228.00	1.	बांड (भारत सरकार द्वारा गारंटीशुदा)		168.00
1,050.00	2.	शून्य कूपन बांड	1,050.00	
570.35		घटाएं: शून्य कूपन बांड पर आस्थगित बट्टा	510.72	539.28
890.00	3.	राष्ट्रीय आवास बैंक बांड		6,410.00
	4.	प्राथमिकता क्षेत्र बांड		
385.00		(क) कर-मुक्त बांड	205.00	
452.00		(ख) कर-योग्य बांड	442.00	
453.00		(ग) विशेष श्रृंखला बांड	431.90	1,078.90
694.57	5.	पूंजी अभिलाभ बांड		155.63
3,582.22				**8,351.81**
		अनुसूची - V		
		जमाराशियां		
166.71		1. आवास वित्त कंपनियों से जमाराशियां		240.34
1,760.33		2. ग्रामीण आवास निधि के अधीन बैंकों से जमाराशियां		3,763.46
321.09		3. जनता से अन्य जमाराशियां		371.95
2,248.13				**4,375.75**
		अनुसूची -VI		
		उधार		
	1.	**भारतीय रिजर्व बैंक से :**		
26.32		(क) ऋण श्रृंखला	23.69	
3,979.81		(ख) विशेष पुनर्वित्त सुविधा	0.00	23.69
	2.	**अन्य स्त्रोतों से :**		
		(क) भारत में :		
0.00		(i) सावधि जमाराशियों के विरूद्ध उधार (800 करोड़ रुपए की सावधि जमाराशि के पुनर्ग्रहणाधिकार के विरूद्ध रक्षित)	770.00	
3,070.00		(ii) सावधि ऋण के माध्यम से उधार	4,420.00	
1,947.85		(iii) वाणिज्यिक कागजात	47.58	
960.29		(iv) जमाराशि प्रमाणपत्र	0.00	5,237.58
435.30		(ख) भारत से बाहर		400.92
481.12	3.	सीबीएलओ उधार (सीसीआईएल के पास सरकारी प्रतिभूति और राजकोष हुंडियों की गिरवी के विरूद्ध रक्षित)		795.02
10,900.69				**6,457.21**

दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति तुलनपत्र की अनुसूचियां

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		अनुसूची		चालू वर्ष करोड़ रुपए
		अनुसूची -VII		
		चालू देयताएं और प्रावधान		
	1.	देय ब्याज :		
51.65		(क) सीजी बांड पर देय ब्याज	9.81	
3.38		(ख) सीजी बांड पर अदावाकृत ब्याज	3.07	
59.17		(ग) अन्य बांडों और डिबेंचरों पर देय ब्याज	217.68	
39.82		(घ) जमाराशियों पर देय ब्याज	80.69	
169.27		(ङ) अन्य उधारों पर देय ब्याज	53.49	
0.04		(च) सीबीएलओ उधार पर देय ब्याज	0.12	364.86
	2.	सेवानिवृत्ति लाभों के लिए प्रावधान :		
0.42		(क) सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए चिकित्सा व्यय	0.49	
0.81		(ख) अवकाश नकदीकरण	1.01	
1.08		(ग) उपदान	1.42	
2.40		(घ) अवकाश यात्रा रियायत	2.79	
1.14		(ङ) रूग्णता अवकाश	1.39	
0.09		(च) पेंशन	1.07	8.17
	3.	अन्य प्रावधान :		
4.13		(क) वायदा विनिमय संविदाओं के लिए प्रावधान	1.35	
81.71		(ख) मानक परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान	81.71	
72.52		(ग) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1) (vii क)(ग) के अधीन डुबंत तथा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	94.52	
10.00		(घ) भावी एनपीए परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान	10.00	
0.23		(ङ) एचएलए जमाराशियों के लिए प्रावधान	0.23	
4.88		(च) अन्य	5.81	193.62
3.15	4.	ब्याज दर स्वैप पर आस्थगित लाभ		7.40
27.11	5.	यूएसएआईडी के उधार पर विनिमय हानि के समायोजन के लिए भारत सरकार के अग्रिम में प्राप्त राशि		22.36
12.41	6.	परिशोधन देय लेखा		25.60
55.32	7.	पूंजी अभिलाभ बांड अतिदेय लेखा		66.11
0.55	8.	जल और सफाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए यूएन-हेबिटेट चक्रण निधि		0.55
601.28				**688.67**
		अनुसूची -VIII		
		अन्य देयताएं		
237.20	1.	वर्ष 1991-92 का निपटाया नहीं गया लेन-देन (टिप्पणी 17.1 का संदर्भ लें)		237.20
35.29	2.	निपटाए नहीं गए लेन-देनों पर देय ब्याज (टिप्पणी 17.3 का संदर्भ लें)		35.29
272.49				**272.49**
		अनुसूची -IX		
		नकद और बैंक शेष		
@	1.	हस्तगत नकद/चेक		@
0.09	2.	भारतीय रिजर्व बैंक के पास शेष		0.20
	3.	अन्य बैंकों के पास शेष :		
		(क) भारत में		
16.49		(i) चालू लेखा	8.08	
1,018.32		(ii) बैंकों के पास सावधि जमा	1,350.02	
1.50		(iii) बैंकों के पास सावधि जमा (कर्मचारी कल्याण निधि)	3.83	1,361.93
		(ख) भारत से बाहर		
461.90		बैंकों के पास सावधि जमा		426.89
1,498.30				**1,789.02**

दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति तुलनपत्र की अनुसूचियां

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		अनुसूची		चालू वर्ष करोड़ रुपए
		अनुसूची -X		
		निवेश		
		(लागत अथवा बाजार मूल्य, जो भी कम हो, पर)		
66.00	1.	सरकारी प्रतिभूतियां	58.19	
		(सीबीएलओ प्रचालन के लिए सीसीआईएल के पास बंधक)		
6.59		*घटाएं : मूल्यह्रास*	0.00	58.19
447.38	2.	राजकोषीय हुंडियां		749.90
		(सीबीएलओ प्रचालन के लिए सीसीआईएल के पास बंधक)		
5.11	3.	आवास वित्त संस्थाओं के शेयर	4.91	
0.17		*घटाएं : मूल्यह्रास*	0.00	4.91
0.53	4.	भवन सामग्री कंपनी के शेयर	0.53	
0.53		*घटाएं : मूल्यह्रास*	0.53	0.00
	5.	अन्य संस्थाओं के स्टॉक, शेयर, बांड, डिबेंचर और प्रतिभूति :		
673.00		(क) म्यूचुअल फंड की यूनिटें	0.00	
0.32		(ख) एसपीवी न्यास, जिसका रा.आ.बैं. न्यासी है, के पासथ्रू प्रमाणपत्र में निवेश	0.15	
45.00		(ग) गौण बांड	45.00	45.15
1,230.05				**858.15**
		अनुसूची -XI		
		ऋण और अग्रिम		
	I	**पुनर्वित्त**		
	1.	*आवास वित्त संस्थान :*		
10,040.71		(क) आवास वित्त कंपनियां		10,860.57
79.66		(ख) सहकारी आवास वित्त सोसायटियां		92.89
	2.	*अनुसूचित बैंक*		
5,568.69		(क) वाणिज्यिक बैंक	7,760.64	
200.70		(ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	343.16	
231.20		(ग) शहरी सहकारी बैंक	342.85	8,446.65
86.94	3.	राज्य सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक/भूमि विकास बैंक		53.15
	II	***प्रत्यक्ष ऋणदाय***		
642.76	4.	आवास बोर्ड, विकास प्राधिकरण आदि		382.85
0.30	5.	यूएन-हेबिटेट के अधीन जल और सफाई परियोजना		0.55
16,850.96		**सकल ऋण और अग्रिम**		**19,836.66**
0.00		*घटाएं* : गैर-निपादनकारी परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान		0.00
16,850.96		**निवल ऋण और अग्रिम**		**19,836.66**

दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति तुलनपत्र की अनुसूचियां

अनुसूची -XII
स्थायी परिसंपत्तियां

(करोड़ रुपए)

विवरण	लागत ब्लॉक				निवल ब्लॉक	मूल्यह्रास			
	01.07.2009 की यथास्थिति	वृद्धियां	कटौती3	0.06.2010 की यथास्थिति	30.06.2010 की यथास्थिति	01.07.2009 की यथास्थिति	वृद्धियां	कटौती3	0.06.2010 की यथास्थिति	30.06.2009 की यथास्थिति
परिसर	34.80	0.32	0.00	35.12	18.01	16.16	0.95	0.00	17.11	18.64
मोटर वाहन	1.16	0.00	0.00	1.16	0.13	0.98	0.05	0.00	1.03	0.18
फर्नीचर और जुड़नार	2.18	0.06	@	2.24	0.35	1.83	0.06	@	1.89	0.35
कार्यालय उपस्कर	1.71	0.11	0.11	1.71	0.24	1.45	0.12	0.10	1.47	0.26
कम्प्यूटर और माइक्रोप्रोसेसर	7.77	0.34	0.49	7.62	0.63	6.48	1.00	0.49	6.99	1.29
रिहायशी साज-सज्जा स्कीम के अधीन परिसंपत्तियां0	.10	0.03	0.01	0.12	0.05	0.06	0.02	0.01	0.07	0.04
जोड़	**47.72**	**0.86**	**0.61**	**47.97**	**19.41**	**26.96**	**2.20**	**0.60**	**28.56**	**20.76**
पिछला वर्ष	**47.13**	**1.58**	**0.99**	**47.72**	**20.76**	**25.32**	**2.62**	**0.98**	**26.96**	**21.81**

@ 0.50 लाख रुपए से कम राशि

पिछला वर्ष करोड़ रुपए		अनुसूची		चालू वर्ष करोड़ रुपए
		अनुसूची -XIII		
		अन्य परिसंपत्तियां		
	1.	ब्याज प्राप्तव्य :		
47.38		(क) बैंक जमाराशियां	49.02	
10.22		(ख) निवेश	5.11	54.13
	2.	अग्रिम, प्राप्तव्य,अग्रिम कर, टीडीएस और पूर्वदत्त व्यय		
1.67		(क) कर्मचारी ऋण और अग्रिम	1.68	
100.55		(ख) अग्रिम कर, एफबीटी, टीडीएस और विवादित कर की मांग का भुगतान आदि (प्रावधान घटाकर)	24.93	
		(ग) विविध वसूली योग्य राशि		
0.46		संदिग्ध माने गए 0.46		
0.46		घटाएं : प्रावधान 0.46	0.00	
2.34		(घ) पूर्वदत्त व्यय	2.05	
6.01		(ङ) सीसीआईएल के पास जमा	6.01	
0.65		(च) अन्य	0.97	35.64
4.03	3.	ब्याज दर स्वैप पर ब्याज प्राप्तव्य		7.05
149.37	4.	वर्ष 1991-92 के निपटाए नहीं गए लेन-देन (टिप्पणी 17.2 का संदर्भ लें)		149.37
1.02	5.	सॉफ्टवेयर आदि के विकास के लिए अग्रिम		1.21
323.24				**247.40**
		अनुसूची -XIV		
		आकस्मिक देयताएं (टिप्पणी के अधीन संदर्भ लें)		
16.64	1.	आय कर		2.30
3.98	2.	गृह ऋण लेखा स्कीम (एचएलएएस) के अधीन जमा		2.79
56.18	3.	बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण (एमबीएस) निर्गम के लिए दी गई गारंटी		26.12
47.88	4.	वायदा विनिमय संविदा के कारण देयताए		42.87
0.99	5.	पूंजी प्रतिबद्धता के कारण देयता		0.80
4.00	6.	अदत्त इक्विटी शेयरों के कारण देयता		4.00
129.67				**78.88**

अनुसूची –XV

लेखे का भाग होने वाली टिप्पणियां

(क) महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. सामान्य

बैंक साधारणतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार प्रोद्भवन आधार पर अपना लेखा तैयार करता है।

तुलन-पत्र तथा लाभ और हानि लेखा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और उसके अधीन बनाए गए राष्ट्रीय आवास बैंक सामान्य विनियम, 1988 के अनुसार तैयार किया गया है।

वित्तीय विवरणों की तैयारी अपेक्षा करती है कि प्रबंधन उन अनुमानों और पूर्वानुमानों को तैयार करता है, जो वित्तीय विवरणों की तारीख को सूचित परिसंपत्तियों और देयताओं तथा रिपोर्ट की अवधि के दौरान सूचित आय और व्यय को प्रभावित करते हैं। प्रबंधन विश्वास करता है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रयुक्त अनुमान विवेकसम्मत और उचित हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

2. राजस्व सहायता

गैर-निपादनकारी परिसंपत्तियों को छोड़कर ऋणों और अग्रिमों पर ब्याज का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर रखा जाता है। गैर-निष्पादनकारी परिसंपत्तियों के संबंध में ब्याज का हिसाब प्राप्ति आधार पर रखा जाता है।

आय की कतिपय मदों (मान लें पूर्व-भुगतान लेवी, दंड, विविध प्राप्तियां आदि) को नकद आधार पर माना जाता है।

3. निवेश

3.1 वर्गीकरण

निवेशों को निम्नानुसार ''व्यापार के लिए धारित'', ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' और ''परिपक्वता के लिए धारित'' श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है :

(क) निवेशों, जिन्हें अल्पावधि मूल्य/ब्याज दर घट-बढ़ का लाभ उठाकर व्यापार करने के आशय से अधिग्रहित किया जाता है, को ''व्यापार के लिए धारित'' के अधीन वर्गीकृत किया जाता है। ये निवेश अधिग्रहण की तारीख से 90 दिनों तक इस श्रेणी के अधीन धारित किए जाते हैं।

(ख) निवेश, जिन्हें परिपक्वता तक धारित किए जाने का आशय होता है, को ''परिपक्वता तक धारित'' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

(ग) निवेशों, जिन्हें उपर्युक्त किसी भी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया जाता, को ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

3.2 मूल्यांकन

3.2.1 निवेश की अधिग्रहण लागत निर्धारित करने में :

(क) अभिदानों पर प्राप्त दलाली/कमीशन प्रतिभूतियों की लागत से काटी जाती है।

(ख) अधिग्रहण के समय व्यय किया गया दलाली और अंतरण प्रभार पूंजीकृत किया जाता है।

(ग) प्रतिभूतियों के अधिग्रहण की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज (अर्थात भंग अवधि का ब्याज) अधिग्रहण लागत से हटा दिया जाता है और राजस्व पर प्रभारित किया जाता है।

3.2.2 ''व्यापार के लिए धारित'' श्रेणी के अधीन वर्गीकृत पृथक स्क्रिप, जहां बाजार की दरें उपलब्ध हैं, को खाता मूल्य या बाजार मूल्य से कम पर मूल्यांकित किया जाता है। मूल्यह्रास, अगर कोई हो, का योग भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित निवेश के वर्गीकरण के अनुसार श्रेणी-वार किया जाता है और उसे लाभ और हानि लेखे में माना जाता है, जबकि वृद्धि को छोड़ दिया जाता है। पृथक स्क्रिप का खाता मूल्य परिवर्तित किया जाता है।

3.2.3 ''परिपक्वता के लिए धारित'' श्रेणी के अधीन निवेशों को अधिग्रहण की लागत पर माना जाता है। जहां भी खाता मूल्य अंकित मूल्य/परिशोधन मूल्य से अधिक है वहां अधिक राशि को बराबर-बराबर परिपक्वता की शेष अवधि में शोधित किया जाता है।

3.2.4 ''बिक्री के लिए उपलब्ध'' श्रेणी के अधीन निवेशों को लागत अथवा बाजार मूल्य, इनमें से जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है। जहां बाजार दर उपलब्ध नहीं है, वहां इस प्रयोजन के लिए बाजार मूल्य नियत आय मुद्रा बाजार और डेरिवेटिव्स एसोसिएशन आफ इंडिया/प्राइमरी डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया/भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार संगणित वसूली योग्य मूल्य के आधार पर निकाला जाता है। मूल्यह्रास, अगर कोई हो, का योग भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित निवेश के वर्गीकरण के अनुसार श्रेणी-वार किया जाता है और उसे लाभ और हानि लेखे में माना जाता है जबकि वृद्धि को छोड़ दिया जाता है। पृथक स्क्रिप का खाता मूल्य परिवर्तित नहीं किया जाता है।

3.2.5 राजकोाीय हुंडियों और वाणिज्यिक कागजातों को वहन लागत पर मूल्यांकित किया जाता है।

3.2.6 डिबेंचरों/बांड आदि के संबंध में जहां आम/मूल राशि शोधित नहीं की जाती, वहां भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुसार मूल्यह्रास के लिए प्रावधान किया जाता है।

3.2.7 आवास वित्त कंपनियों/भवन सामग्री उद्योग के इक्विटी शेयरों में निवेश को एएफएस श्रेणी के अधीन वर्गीकृत किया जाता है और उन्हें लागत पर अथवा बाजार मूल्य या कंपनी, जहां ऐसी कंपनियां सूचीबद्ध नहीं है के अद्यतन तुलनपत्र से यथा निश्चित एनएवी (निवल परिसंपत्ति मूल्य) इसमें से जो भी कम हो, के आधार पर और उसके अभाव में प्रति कंपनी 1 रुपए की दर पर मूल्यांकित किया जाता है।

4. ऋण और अग्रिम

4.1 राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (एआरडीबी)/भूमि विकास बैंक (एलडीबी) की शाखाओं/प्राथमिक बैंक द्वारा ग्रामीण आवास के लिए ऋणों के संबंध में विशेष ग्रामीण आवास डिबेंचर (एसआरएचडी) में अभिदान को ऋण और अग्रिम के अधीन दर्शाया जाता है।

4.2 अग्रिमों को मानक, उप-मानक, संदिग्ध और हानि परिसंपत्तियों में वर्गीकृत किया जाता है और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकसम्मत मानदंडों के अनुसार प्रावधान किए जाते हैं।

4.3 अग्रिमों का वर्णन गैर-निपादनकारी अग्रिमों के लिए प्रावधान घटाकर किया जाता है।

4.4 भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मानक परिसंपत्तियों और डुबंत तथा संदिग्ध परिसंपत्तियों के लिए आय कर अधिनियम की धारा 36(1) (vii) (ग) के अधीन प्रावधान को तुलनपत्र में ''चालू देयताएं और प्रावधान'' के अधीन समूहीकृत किया जाता है।

5. स्थायी परिसंपत्तियां

5.1 स्थायी परिसंपत्तियों का वर्णन संग्रहित मूल्यह्रास घटाकर ऐतिहासिक लागत पर किया जाता है।

5.2 1,000 रुपए से कम लागत वाली परिसंपत्तियों को राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

5.3 विभिन्न परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास निम्नलिखित आधार पर प्रदान किया जाता है :-

	परिसंपत्तियां	मूल्यह्रास की विधि	दर (%)
1.	परिसर	ह्रासित मूल्य	5
2.	फर्नीचर और जुड़नार	सीधी रेखा	10
3.	कम्प्यूटर और माइक्रोप्रोसेसर	सीधी रेखा	33.33
4.	अन्य परिसंपत्तियां	सीधी रेखा	20

5.4 परिसंपत्तियों में वृद्धि पर मूल्यह्रास अधिग्रहण की तारीख पर ध्यान दिए बिना पूरी अवधि के लिए परिकलित किया जाता है।

5.5 चूंकि परिसर के मूल्य में भूमि का पृथक मूल्यांकन उपलब्ध नहीं है इसलिए परिसर (भूमि सहित) के मूल्य पर मूल्यह्रास की बैंक के पट्टाधारित परिसर के संबंध में प्रभारित किया गया है।

6. कर्मचारी लाभ

उपदान, पेंशन, रूग्णता अवकाश, अवकाश नकदीकरण और अवकाश यात्रा रियायत के लिए देयता अवधि के अंत में बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित की जाती है। वृद्धिकारी देयता की व्यवस्था लाभ और हानि लेखे में प्रभारित करके की जाती है।

7. पूर्व-दत्त व्यय

अनुरक्षण संविदा, बीमा, अभिदान/सदस्यता फीस आदि से संबंधित 1 लाख रुपए और उससे कम के पूर्व-दत्त व्यय को चालू अवधि के व्यय में प्रभारित किया जाता है।

8. आय कर

चालू अवधि के लिए आय कर के प्रावधान का निर्धारण संगत मुद्दों पर प्राप्त कानूनी राय के विधिवत विचार के बाद संगणित कर योग्य आय के आधार पर किया जाता है।

9. आस्थगित कर

आस्थगित कर वर्ष के लिए कर योग्य आय और लेखाकरण आय के बीच अंतर होते हुए समय के अंतर पर माना जाता है और कर की दरों और अधिनियमित अथवा तुलन-पत्र की तारीख को पर्याप्त रूप से अधिनियमित कानूनों का प्रयोग करते हुए मात्राकृत किया जाता है।

10. धन कर

धन कर का संगणन धन कर अधिनियम, 1957 के अनुसार बैंक के पास उपलब्ध निवल करयोग्य धन पर किया जाता है।

11. विदेशी मुद्रा लेन-देन

11.1 इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आफ इंडिया द्वारा जारी विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव के लिए लेखाकरण पर लेखाकरण मानक (एएस-11) (संशोधित 2003) के अनुसार, विदेशी मुद्रा लेन-देनों का निम्नलिखित अनुसार लेखाकरण किया जाता है :

(क) विदेशी मुद्रा में परिसंपत्तियां और देयताएं भारतीय विदेशी मुद्रा डीलर संघ (एफईडीएआई) द्वारा वर्ष की समाप्ति पर अधिसूचित विनिमय दर पर मूल्यांकित की जाती हैं और पुनर्मूल्यांकन पर परिणामी विनिमय भिन्नता विदेशी जमाराशि और उधारों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ/हानि शीर्ष के अधीन लाभ और हानि लेखे में प्रभारित की जाती है; और

(ख) आय और व्यय की मदें लेन-देन की तारीख को विद्यमान विनिमय दरों पर परिवर्तित की जाती हैं।

11.2 विदेशी मुद्रा संविदाओं के लिए लेखांकन

(क) बैंक अपेक्षित या लेन-देन की तारीख को निपटान के लिए उपलब्ध रिपोर्ट करने वाली मुद्रा की राशि स्थापित करने के लिए विदेशी मुद्रा संविदाएं करता है;

(ख) विदेशी मुद्रा संविदाएं वर्ष के अंत में एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकित की जाती है। पुनर्मूल्यांकन पर परिणामी लाभ/हानि को ''वायदा विनिमय संविदा लेखे के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ/हानि'' शीर्ष के अधीन लाभ और हानि लेखे में माना जाता है। प्रीमियम/बट्टे को संविदा की अवधि में हिसाब में लिया जाता है।

(ग) विदेशी मुद्रा संविदाओं के रद्दकरण और नवीकरण पर लाभ/हानि को ''वायदा विनिमय संविदा लेखे पर लाभ/हानि'' शीर्ष के अधीन लाभ और हानि लेखे में माना जाता है।

12. व्युत्पन्न (डेरिवेटिव) संविदाएं

ब्याज दर स्वैप, जो सब्याज परिसंपत्ति अथवा देयताओं का बचाव करते हैं, को प्रोद्भवन आधार पर हिसाब में लिया जाता है। स्वैप की समाप्ति पर लाभ अथवा हानियां स्वैप की शेष संविदात्मक अवधि अथवा परिसंपत्ति/देयता की शेष अवधि, इनमें से जो भी कम हो, पर मानी जाती हैं।

(ख) टिप्पणियां

13. स्थायी परिसंपत्तियां

13.1 इंडिया हेबिटेट सेंटर, लोदी रोड, नई दिल्ली में स्थित वाणिज्यिक संपत्ति और जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली और तिलक नगर, मुंबई में स्थित 24.58 करोड़ रुपए के सकल मूल्य (अर्थात अधिग्रहण की लागत) वाली संपत्तियों के संबंध में पंजीकरण की औपचारिकताएं चल रही हैं।

13.2 इंडिया हेबिटेट सेंटर (आईएचसी), लोदी रोड, नई दिल्ली में अधिग्रहित कार्यालय स्थान के संबंध में यथार्थ लागत को आईएचसी द्वारा विभिन्न आवंटितियों में विभाजित नहीं किया गया है। इस संबंध में भूमि और विकास कार्यालय (भारत सरकार), आईएचसी और संबंधित संस्थान (अर्थात रा.आ.बैंक) के बीच अभी भी त्रिपक्षीय करार किया जाना है। इसलिए, आईएचसी को किए गए भुगतान के आधार पर बैंक द्वारा 14.44 करोड़ रुपए की राशि पूंजीकृत की गई है। इस पट्टाधारित कार्यालय परिसर (भूमि सहित) पर मूल्यह्रास 5 प्रतिशत की दर से डब्ल्यूडीवी पर प्रभारित किया जाता है। पट्टा राशि को पट्टा अवधि, जो पट्टा करार के अभाव में ज्ञात नहीं है, में शोधित नहीं किया जा सका।

14. विदेशी उधार

14.1 यूएसएआईडी के आवास गारंटी कार्यक्रम के अधीन, बैंक ने वर्ष 1990-91 में अमरीकी पूंजी बाजार में 25 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण जुटाया था। यह ऋण अक्तूबर, 2001 से प्रारंभ करते हुए चालीस बराबर अर्ध-वार्षिक किस्तों में वापसी-अदायगी योग्य है। दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति 27.21 करोड़ रुपए का बकाया शेष ''अन्य स्रोतों से उधार-भारत से बाहर'' शीर्ष के अधीन दर्शाया गया है। भारत सरकार ने ऋण की गारंटी दी है और विनिमय हानि, अगर कोई हो, वहन करने की भी सहमति दी है। यूएसएआईडी कार्यक्रम के अधीन प्राप्त विदेशी मुद्रा निधियां भारत सरकार के पास सरकार द्वारा रा.आ.बैंक को उपलब्ध कराई गई रुपया निधियों के विरूद्ध जमा की गई है। इसके फलस्वरूप, विदेशी मुद्रा निधियों पर विनिमय जोखिम का वहन भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके दृष्टिगत, यूएसएआईडी से उधार ली गई विदेशी मुद्रा निधियों को पुनर्मूल्यांकित नहीं किया गया है।

अगर दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति विनिमय दर उधार को पुनर्मूल्यांकित किया जाता तो यूएसएआईडी से उधार के लिए कुल देयता तुलन-पत्र में दर्शाए गए 27.21 करोड़ रुपए की तुलना में 63.86 करोड़ रुपए होती और भारत सरकार को देय के रूप में दर्शाए गए 22.36 करोड़ रुपए को 14.29 करोड़ रुपए वसूली योग्य के रूप में परिवर्तित किया गया होता। इसके अतिरिक्त, अगर देय ब्याज चालू विनिमय दर पर प्रदान किया जाता है तो उक्त उधार पर देय ब्याज भारत सरकार से समतुल्य प्राप्तव्य के साथ 0.56 करोड़ रुपए बढ़ गया होता। तथापि, इसका बैंक के लाभ और हानि लेखे पर कोई प्रभाव नहीं है।

वर्ष 2008-09 में बैंक ने भारत सरकार को प्रस्तुत संगणन के अनुसार भावी विनिमय हानि के लिए अग्रिम तौर पर 36.66 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त की है। अक्तूबर, 2009 तक अदा की गई अंतिम किस्त तक हुई विनिमय हानियों के समायोजन के बाद बैंक के पास 22.36 करोड़ रुपए का शेष है, जिसे ''चालू देयताएं और प्रावधान'' के अधीन देयता के रूप में दर्शाया गया है। भारत सरकार के साथ समझौते के अनुसार बैंक ने बकाया राशि पर 6% की दर पर ब्याज प्रदान किया है। भारत सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार अग्रिम तौर पर प्राप्त विनिमय हानि के समायोजन के बाद बैंक को हुई विनिमय हानि का दावा अवधि की समाप्ति अर्थात अक्तूबर, 2021 को भारत सरकार से किया जाएगा।

14.2 बैंक ने क्रमशः वर्ष 1997 और 2002 में 100 मिलियन अमरीकी डालर और 20 मिलियन अमरीकी डालर की दो किस्तों में एशियाई विकास बैंक से 120 मिलियन अमरीकी डालर (564 करोड़ रुपए के समतुल्य, जिसका दिनांक 30 जून, 2010 को बकाया 373.71 करोड़ रुपए है) का उधार लिया था। इन ऋणों की गारंटी भारत सरकार द्वारा दी गई है। ये ऋण क्रमशः वर्ष 2022 और 2025 तक अर्धवार्षिक किस्तों में वापसी-अदायगी योग्य हैं।

इन डालर निधियों को बैंक आफ इंडिया (50 मिलियन अमरीकी डालर), केनरा बैंक (50 मिलियन अमरीकी डालर) और एक्जिम बैंक (20 मिलियन अमरीकी डालर) के पास इन बैंकों के साथ हुए करार के अनुसार उनकी समुद्रपारीय शाखाओं में जमाराशियों के रूप में रखा गया था। जमाराशियों को अर्ध-वार्षिक किस्तों में परिशोधित किया जाता है, जिनका उपयोग एशियाई विकास बैंक से लिए ऋणों की वापसी-अदायगी के लिए किया जाता हैं, जो क्रमशः वर्ष 2022 और 2025 तक परिपक्व हो रहे हैं। अमरीकी डालर की जमाराशियों के बदले इन बैंकों ने 564 करोड़ रुपए (दिनांक 30 जून, 2010 तक 431.90 करोड़ रुपए बकाया है) के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी विशेष श्रृंखला बांडों को अभिदत्त किया गया है। इन विशेष श्रृंखला बांडों की वापसी-अदायगी क्रमशः 2022 और 2025 तक अर्ध-वार्षिक किस्तों में की जाती है।

15. विदेशी जमाराशियों और उधारों/वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यांकन

15.1 वर्ष के दौरान विदेशी जमाराशियों और उधारों के पुनर्मूल्यांकन पर 1.92 करोड़ रुपए की हानि को ''विदेशी जमाराशियों और उधारों के पुनर्मूल्यांकन पर हानि/(लाभ'' शीर्ष के अधीन लाभ और हानि लेखे में माना गया है।

15.2 पैरा 14.1 के दृष्टिगत, यूएसएआईडी से उधार ली गई विदेशी मुद्रा निधियों को पुनर्मूल्यांकित नहीं किया गया है क्योंकि विनिमय हानि भारत सरकार से वसूली योग्य है।

15.3 दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति बैंक की 9.230 मिलियन अमरीकी डालर की कुल राशि के लिए 18 बकाया वायदा विनिमय संविदाएं है। दिनांक 30 जून, 2010 को समाप्त वर्ष के दौरान राष्ट्रीय आवास बैंक ने ''वायदा विनिमय संविदा पर लाभ/(हानि)'' शीर्ष के अधीन लाभ और हानि लेखे में वायदा विनिमय संविदाओं पर लाभ के लिए 2.20 करोड़ रुपए दर्ज किया है। कुल लाभ में से 0.22 करोड़ रुपए संविदाओं की परिपक्वता पर दर्ज किए गए हैं।

16. कर्मचारियों के लाभ (AS-15)

16.1 बैंक ने आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस-15 के अनुसार अपने स्थायी कर्मचारियों के लिए उपदान, अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा सेवानिवृत्ति लाभों, अवकाश यात्रा रियायत, रूग्णता अवकाश और पेंशन के लिए बीमांकिक आधार पर कर्मचारी लाभ हेतु अपनी देयता की व्यवस्था की है।

16.2 बैंक अपने उन कर्मचारियों, जिन्होंने अंशदायी

भष्विय निधि के लिए विकल्प दिया है, के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक को भविय निधि का अपना अंशदान हस्तांतरित कर रहा है। दिनांक 30 जून, 2010 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक ने भविय निधि में अंशदान के लिए 0.03 करोड़ रुपए अदा किया है और उसे ''कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सीमांत लाभ'' शीर्ष के अधीन लाभ और हानि लेखे में प्रभारित किया गया है।

16.3 राष्ट्रीय आवास बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 2003 के अनुसार बैंक उन सभी कर्मचारियों, जिन्होंने पेंशन योजना के विकल्प दिया है, को शामिल करते हुए एक परिभाति लाभ सेवानिवृत्ति योजना, पेंशन की व्यवस्था करता है। यह स्कीम कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति अथवा नियोजन के समापन पर एक मासिक पेंशन भुगतान की व्यवस्था करती है। इस स्कीम का प्रबंधन एक पृथक न्यास द्वारा किया जाता है और उसके लिए देयता तिथि को बैंक के मासिक अंशदान के अतिरिक्त वर्ष के अंत में बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर मानी जाती है। दिनांक 30 जून, 2010 के समाप्त वर्ष के दौरान बैंक ने पेंशन निधि में 1.45 करोड़ रुपए का अंशदान किया है और ''कर्मचारी वेतन, भत्ते और सीमांत लाभ'' शीर्ष के अधीन लाभे और हानि लेखे में प्रभारित किया है।

16.4 **परिभाषित लाभ दायित्व :** सेवानिवृत्ति/सेवा-समापन पर देय उपदान, अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा लाभ रूग्णता अवकाश और अवकाश यात्रा रियायत।

(क) बीमांकिक परिकलन में प्रयुक्त विधि : बीमांकिक ने मृत्यु और सेवा सहित योजना की देयताओं का आकलन करने के लिए पूर्वानुमानित इकाई जमा विधि का प्रयोग किया है।

(ख) परिभाषित लाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य के अथशेष और इतिशेष का समंजन और निम्नलिखित प्रत्येक पर आरोप्य अवधि के दौरान प्रभाव :

(राशि रुपए में)
दिनांक 30 जून, 2010 की यथास्थिति

लाभ दायित्वों में परिवर्तन	उपदान	अवकाश नकदीकरण	चिकित्सा	रूग्णता अवकाश	अवकाश यात्रा रियायत
वर्ष के प्रारंभ में दायित्व का वर्तमान मूल्य	10,806,848.00	8,096,689.00	4,207,045.00	11,400,344.00	23,982,694.00
चालू शोधन लागत	971,271.00	745,027.00	432,033.00	1,082,517.00	1,176,708.00
ब्याज लागत	837,531.00	627,493.00	326,046.00	883,527.00	1,858,659.00
दायित्वों पर बीमांकिक (लाभ)/हानि	2,998,458.00	2,396,659.00	10,594.00	533,348.00	4,713,892.00
